आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
• डॉ. राजेंद्र प्रसाद जयंती
• पिशाचमोचनी यात्रा

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी खबर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 58 अंक 320 | उज्जैन, बुधवार 03 दिसम्बर, 2025 | अगहन शुक्ल 13 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

## केंद्र ने प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम बदलकर 'सेवा तीर्थ' किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम बदल गया है। अब पीएमओ को 'सेवा तीर्थ' के नाम से जाना जाएगा। इसके साथ ही केंद्रीय सचिवालय के नाम में भी बदलाव किया गया है। सचिवालय का नाम कर्तव्य भवन होगा। इससे साथ ही केंद्र सरकार ने देश में राज भवनों का नाम बदल कर लोक भवन करने का एलान किया है। इसके पहले दिल्ली में राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ कर दिया है। वहीं प्रधानमंत्री आवास अब लोक कल्याण मार्ग कहलाता है। वहीं उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु समेत देश के 8 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश ने अपने राजभवनों के नाम में बदलाव किया है। यह बदलाव गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक निर्देश के बाद किए गए हैं।

## मेट्रो तकनीकी खराबी के चलते टनल में फंसी

**चेन्नई।** चेन्नई में मंगलवार सुबह ब्लू लाइन की एक मेट्रो ट्रेन अचानक तकनीकी खराबी के चलते दो स्टेशन के बीच में ही रुक गई। यह घटना सेंट्रल मेट्रो और हाईकोर्ट स्टेशन के बीच हुई। यात्रियों ने बताया कि ट्रेन में अचानक बिजली चली गई और वे कोच में अंधेरे में फंस गए। यात्री 10 मिनट तक ट्रेन में रहे। इसके बाद अफसरों ने उनसे पैदल चलकर नजदीक के हाईकोर्ट स्टेशन तक जाने को कहा, यह दूरी लगभग 500 मीटर है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लोग रेलिंग पकड़कर सुरंग में पैदल चलते दिखाई दिए। चेन्नई मेट्रो रेल ने बताया कि ब्लू लाइन में यह रुकावट पावर आउटेज या तकनीकी गड़बड़ी के कारण हो सकती है। हालांकि, कुछ देर बाद सेवाएं सामान्य कर दी गईं। मेट्रो प्रशासन ने एक्स पर लिखा- ब्लू लाइन और ग्रीन लाइन पर ट्रेन सेवाएं अब सामान्य रूप से चल रही हैं।

### शिकायत दर्ज होने के बाद

## रणवीर सिंह ने माफी मांगी



धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप, कांतारा में दिखाई गईं देवी को कहा था भूत

**मुंबई।** एक्टर रणवीर सिंह के खिलाफ हिंदू जनजागृति समिति ने शिकायत दर्ज करवाई है। उन पर धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप लगे हैं। आरोप हैं कि रणवीर सिंह ने चावुंडी देवी को एक फिल्म फेस्टिवल में भूत कहा है। शिकायत दर्ज होने के बाद अब रणवीर सिंह ने सार्वजनिक तौर पर माफी मांगी है। रणवीर सिंह ने माफीनामा जारी कर आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से लिखा है- मेरा इरादा फिल्म (कांतारा) में ऋषभ की शानदार परफॉर्मेंस को उजागर करने का था। एक अभिनेता होने के नाते, मैं जानता हूं कि उस खास सीन को जिस तरह से उन्होंने निभाया, उसके लिए कितनी मेहनत लगती है और इसके लिए मैं उनका अत्यधिक सम्मान करता हू। मैंने हमेशा हमारे देश की हर संस्कृति, परंपरा और आस्था का गहरा सम्मान किया है। अगर मेरी किसी बात से किसी की भावनाएं आहत हुई हैं, तो मैं दिल से माफी चाहता हूं। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, हिंदू जनजागृति समिति ने लिखित शिकायत दर्ज करवाते हुए सख्त एक्शन लिए जाने की भी मांग की है। समिति के सदस्य प्रमोद तुयेकर और दिलीप शेट्ये ने पणजी पुलिस में शिकायत करते हुए भारतीय दंड संहिता के तहत कार्रवाई करने की मांग की है। रिपोर्ट में कहा गया कि चामुंडी दैव को तुलु समुदाय का पवित्र कुल-देवता माना जाता है और इस देवता को अपमानजनक तरीके से दिखाना अशांति फैला सकता है और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा सकता है। एक्टर के खिलाफ एक्शन लिए जाने के साथ-साथ समिति ने यह भी मांग की थी कि रणवीर एक सार्वजनिक माफी जारी करें। संगठन ने कहा कि अभिनेता को यह वचन देना चाहिए कि वह भविष्य में ऐसे बयान या प्रदर्शन नहीं करेंगे। एचजेएस ने इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया के आयोजकों से भी अपील की कि वे एक आचार-संहिता तैयार करें ताकि पुरस्कार समारोहों या सार्वजनिक कार्यक्रमों में किसी भी देवता या आध्यात्मिक परंपरा का मजाक न उड़ाया जाए।

## देश भर के लोको पायलट भूखे रहकर ट्रेन चला रहे, 48 घंटे की हड़ताल शुरू

**नई दिल्ली।** देश भर के रेल यात्री ध्यान दें। उनकी सुरक्षा व संरक्षा पर अगले 48 घंटों के लिये गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है, क्योंकि उनकी ट्रेन का लोको पायलट भूखे रहकर ट्रेन चला रहा है। दरअसल ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन ने रेलवे के लोको पायलट और रनिंग स्टाफ की लंबित मांगों को लेकर पूरे देश में 48 घंटे की भूख हड़ताल शुरू की है। यह उपवास 2 दिसंबर को सुबह 10 बजे से शुरू होकर 4 दिसंबर सुबह 10 बजे तक चलेगा। खास बात यह है कि कर्मचारी ड्यूटी पर रहते हुए और ट्रेनों का संचालन करते हुए यह उपवास कर रहे हैं। एसोसिएशन पदाधिकारियों के मुताबिक यह आंदोलन रेल प्रशासन द्वारा लंबे समय से लंबित मांगों की अनदेखी के विरोध में किया जा रहा है। इस विरोध प्रदर्शन में क्रू लॉबी, रनिंग रूम और ट्रेनिंग सेंटर भी शामिल हैं, जहां कर्मचारी उपवास रखकर अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं।

## पाकिस्तान के लिए भारत ने इंसानियत के नाते एयरस्पेस खोला

**नई दिल्ली।** भारत ने तूफान दितवाह से प्रभावित श्रीलंका के लिए राहत सामग्री ले जा रही पाकिस्तान की ओवरफ्लाइट को अपने एयरस्पेस से गुजरने की मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी सिर्फ 4 घंटों के अंदर दी गई। ओवरफ्लाइट यानी, जब कोई विदेशी विमान किसी देश की सीमा के ऊपर से गुजरता है, लेकिन वहां लैंड नहीं करता, तो उसे ओवरफ्लाइट कहते हैं। सरकार की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया कि पाकिस्तान ने सोमवार दोपहर लगभग 1 बजे भारतीय एयरस्पेस के ऊपर से उड़ान भरने की रिक्वेस्ट की थी। पाकिस्तान ने 1 दिसंबर को ही ओवरफ्लाइट इजाजत मांगी थी। इसका मकसद श्रीलंका को मानवीय मदद देना बताया गया। इसे देखते हुए भारत ने बहुत तेजी से रिक्वेस्ट प्रोसेस की।

### राष्ट्रीय मजदूर किसान महासंघ ने दिखाया किसान हितों के लिए दम

# जुटे 5 जिलों के किसान, 15 घंटे चला आंदोलन

## खलघाट टोल पर किसान आंदोलन, आश्वासन के बाद समाप्त, नेता पर आक्रोशित हुए किसान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

किसानों ने सोमवार को धार जिले के खलघाट में एकजूटता का परिचय दिया है। करीब 5 जिलों के किसान आंदोलन में जुटे एवं खलघाट टोल पर 15 घंटे धरना दिया है। इस धरने के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर यातायात बाधित हुआ। प्रशासन की परेशानी समय के साथ बढ़ती जा रही थी ऐसे में धार कलेक्टर प्रियंक मिश्र, एसपी मयंक अवस्थी, खरगोन एसपी के साथ चर्चा एवं आश्वासन पर किसान नेताओं ने धरना समाप्त करने का निर्णय लिया तो इस पर किसान गुस्सा गए थे, किसान नेता को प्रशासन ने पुलिस सुरक्षा में सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

राष्ट्रीय मजदूर किसान महासंघ धार जिले के खलघाट टोल पर सोमवार को जमकर अपना दम दिखाया है। तड़के 5 बजे से ही किसान आंदोलन शुरू किया गया। धीरे-धीरे जुटे किसान यहां सुबह होने की स्थिति में हजारों की संख्या में पहुंच गए थे। खलघाट टोल के 200 मीटर दायरे में प्रतिबंधात्मक आदेश था । इसके बाद भी किसानों ने यहां अपना डेरा जमा लिया था। रात में प्रशासन से हुई चर्चा के बाद किसान नेताओं ने आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया। इस समय तक किसान प्रशासन द्वारा उनकी और ध्यान नहीं दिए जाने को लेकर काफी गुस्साई स्थिति में थे। किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर चक्काजाम कर अपनी मांगों का वाचन किया। आश्वासन के बाद हाईवे पर यातायात बहाल किया गया और स्थिति सामान्य हुई।



**दिनभर हाईवे पर चक्काजाम किया अधिकारियों से चर्चा के बाद धरना समाप्त**

### कलेक्टर का आश्वासन

- राष्ट्रीय मजदूर किसान महासंघ के नेतृत्व में किसानों ने चक्काजाम कर धरना प्रदर्शन शुरू किया। यह आंदोलन पूरे दिन चला और किसान नेशनल हाईवे 52 पर सड़क पर ही बैठे रहे। रात में धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, धार एसपी मयंक अवस्थी और खरगोन एसपी मौके पर किसानों से चर्चा करने पहुंचे।
- किसान संघ पदाधिकारियों ने अपनी मांगें प्रशासन के सामने रखीं और विधिवत ज्ञापन का वाचन किया। ज्ञापन सुनने के बाद कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी मांगें मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक पहुंचाई जाएंगी। इसके साथ ही केंद्रीय राज्य मंत्री और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सावित्री ठाकुर के नेतृत्व में किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली जाकर सरकार के सामने अपनी बात रखेगा। इस आश्वासन के बाद किसान संघ ने धरना-प्रदर्शन स्थगित करने की घोषणा की।

### हाईवे पर यातायात बाधित

धरना प्रदर्शन के चलते पूरे दिन नेशनल हाईवे 52 पर यातायात प्रभावित रहा। धार, बड़वानी, खरगोन और खंडवा, इंदौर, झाबुआ जिलों से बड़ी संख्या में किसान मौके पर पहुंचे थे। स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने पूरे धार जिले में धारा 163 लागू की और भारी पुलिस बल तैनात किया था।

### किसान आक्रोशित

आंदोलन के मुख्य आह्वानकर्ता गोपाल पाटीदार ने धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के आश्वासन के बाद शातिपूर्ण रूप से धरना समाप्त करने की घोषणा की। घोषणा के बाद कुछ किसान आक्रोशित हो गए, इस स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने किसान नेताओं को पुलिस सुरक्षा में सुरक्षित रूप से बाहर निकाल लिया। कलेक्टर प्रियंका मिश्रा ने कहा कि किसानों का ज्ञापन केंद्र और राज्य सरकार तक भेजा जाएगा तथा जनप्रतिनिधियों के माध्यम से दिल्ली में भी उनकी बात रखी जाएगी।

### पुलिस ने पिकअप से बरामद किया भारी विस्फोटक

# 10 किमी तक तबाही मचा सकता था धमाका

एजेंसी ▸▸ राजसमंद

अधिकारियों के अनुसार पिकअप में मौजूद विस्फोटक की मात्रा इतनी अधिक थी कि इसका ब्लास्ट बड़े पैमाने पर तबाही मचा सकता था। फिलहाल पुलिस टीम जब्त की गई सामग्री की गिनती कर रही है और उसकी नेचर तथा क्षमता की जांच कर रही है।

दिल्ली में हुए कार बम धमाके के बाद राजस्थान पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। इसी बीच श्रीनाथजी थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अवैध विस्फोटक सामग्री से भरी एक पिकअप को जब्त किया है। बताया जा रहा है कि पिकअप में इतनी भारी मात्रा में विस्फोटक भरा था कि अगर इसमें ब्लास्ट होता तो करीब 10 किलोमीटर के दायरे में बड़ा नुकसान हो सकता था।



### आमेट से नाथद्वारा ले जाया जा रहा था विस्फोटक

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पिकअप आमेट क्षेत्र से नाथद्वारा की ओर जा रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को कब्जे में ले लिया। पिकअप में भरा विस्फोटक देखकर पुलिस टीम भी हैरान रह गई। इसके बाद तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित किया गया और उन्हें भी घटनास्थल के लिए रवाना किया गया।

### बरामद की गई सामाग्री का आकलन किया जा रहा

- पुलिस अधिकारियों के अनुसार पिकअप में मौजूद विस्फोटक की गिनती की जा रही है। इसके बाद इसका वजन मापा जाएगा। ये भी पता किया जा रहा है कि विस्फोटक वाहन में लोड कहां से हुआ था और इसकी डिलेवरी कहां होनी थी। बरामद की गई सामाग्री का आकलन किया जा रहा है कि इसका उपयोग कहां-कहां किया जाता है। इसकी क्षमता की भी जांच कर रही है।
- पूरे मामले में पिकअप चालक से पूछताछ की जा रही है। कुछ नाम सामने आए हैं, जिनकी तलाश पुलिस कर रही है। पुलिस सभी पहलुओं को गंभीरता से खंगाल रही है। फिलहाल वाहन चालक व संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ जारी है।

## राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में उज्जैन के खिलाड़ियों ने फहराया परचम



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के शतरंज खिलाड़ी विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा 2025 के सत्र में दो बड़ी प्रतिस्पर्धी अपने नाम करके विश्वविद्यालय को कॉलेजिएट शतरंज में स्थापित करने में सफलता प्राप्त की। विश्वविद्यालय की शतरंज टीम ने राष्ट्रीय स्पर्धा में प्रथम स्थान करके अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में विश्वविद्यालय का नाम रौशन किया। चेस डॉट कॉम द्वारा आयोजित इंडिया कॉलेज राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप में देश भर के कॉलेजों ने भाग लिया, इसमें सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की टीम विक्रम बैटरी के विद्यार्थियों वेदांत पटेल (जैव प्रौद्योगिकी), श्रेयांश प्रसाद (कृषि), शिवांश गुप्ता (कंप्यूटर विज्ञान), अजय कुमार (सूक्ष्म जीव विज्ञान), वरुण वासवानी (भौतिकी) और वाणी शर्मा (शारीरिक शिक्षा) ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## हैदराबाद से कुवैत जा रहे विमान में बम की धमकी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हैदराबाद से कुवैत जा रही इंडिगो की एक उड़ान को मुंबई में आपात स्थिति में उतारना पड़ा। जानकारी के अनुसार, विमान के उड़ान भरने के कुछ समय बाद एक ईमेल प्राप्त हुआ जिसमें विमान में मानव बम होने की धमकी दी गई थी। संदेश मिलते ही सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत कदम उठाते हुए फ्लाइट को मुंबई की ओर मोड़ दिया। बताया गया कि 2 दिसम्बर मंगलवार सुबह इंडिगो की यह उड़ान हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से कुवैत के लिए रवाना हुई थी। उड़ान के बाद मिले ईमेल में बम की मौजूदगी का दावा किया गया, जिसके आधार पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने विमान को तुरंत डायवर्ट कर आपात लैंडिंग कराई।

## जिओ और एनएचएआई में करार, नेशनल हाईवे पर मोबाइल पर मिलेगा सेफ्टी अलर्ट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने और यात्रा अनुभव को अधिक सुगम बनाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने रिलायंस जियो के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी के तहत 50 करोड़ से अधिक जियो ग्राहकों के लिए पूरे नेशनल हाईवे नेटवर्क पर एक टेलीकॉम आधारित सेफ्टी अलर्ट सिस्टम शुरू किया जाएगा। जियो के 4जी-5जी नेटवर्क के जरिए वाहन चालकों को दुर्घटना संभावित क्षेत्रों, कोहरे वाले हिस्सों, आवारा पशु जोन और इमरजेंसी डायवर्जन की पहले से जानकारी मोबाइल पर मिलेगी। सुरक्षा संदेश यात्रियों तक एसएमएस, व्हाट्सएप और हाई-प्रायोरिटी कॉल के माध्यम से पहुंचेंगे। यह पूरी तरह ऑटोमेटेड सिस्टम जियो मोबाइल यूजर्स के लिए नेशनल हाईवे पर या उसके आसपास काम करेगा और किसी भी अतिरिक्त सड़क-किनारे हार्डवेयर की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि यह मौजूदा टेलीकॉम टावरों के जरिए संचालित होगा।

## एसआईआर फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 11 दिसंबर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने रविवार को विशेष गहन संशोधन प्रक्रिया के तहत मतदाता फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 11 दिसंबर कर दी है। यह बदलाव नौ राज्यों और तीन केंद्रशासित प्रदेशों में लागू होगा। पहले इस तिथि को 4 दिसंबर तय किया गया था और इसके अनुसार अंतिम चुनावी सूची 7 फरवरी 2026 को प्रकाशित होने वाली थी। अब अंतिम सूची 14 फरवरी 2026 को जारी होगी।

**अंतिम चुनावी सूची अब 14 फरवरी 2026 को होगी**



चुनाव आयोग का यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणियों के बाद आया है। उच्चतम न्यायालय की पीठ, जिसकी अध्यक्षता मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत कर रहे थे, ने कहा था कि यदि याचिकाकर्ता विशेष परिस्थितियों के आधार पर समय बढ़ाने का अनुरोध करते हैं तो आयोग को अंतिम सूची की प्रकाशन तिथि बढ़ाने के निर्देश दिए जा सकते हैं। 26 नवंबर को पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि कोई याचिकाकर्ता ठोस मामला प्रस्तुत करता है तो आयोग को तिथि बढ़ाने का निर्देश दिया जा सकता है।

### संसद के भीतर विपक्षी सांसदों ने लगाए वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे, संचार साथी पर बैकफुट पर सरकार

# एसआईआर को लेकर विपक्ष की नारेबाजी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन भी कांग्रेस सहित विपक्षी सांसदों ने जमकर हंगामा किया। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी। कुछ सांसद वेल तक पहुंच गए। इस दौरान विपक्षी सांसदों ने वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाए। विपक्षी सांसदों के नारेबाजी के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। उधर, उच्च सदन में भी एसआईआर को लेकर नारेबाजी हुई और संचार साथी ऐप का भी मुद्दा उठा। हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही भी दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

इससे पहले विपक्षी सांसदों ने सुबह 10.30 बजे संसद परिसर में मकर द्वार के सामने लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन किया। उन्होंने ऐप को तुरंत रोकने और उस पर चर्चा की मांग की। वहीं, सत्र के पहले दिन दोनों सदनों में एसआईआर और वोट चोरी के आरोप के मुद्दे पर विपक्ष ने हंगामा किया।




निर्देश में बताया गया कि केंद्र सरकार को टेलीकॉम साइबर सिक्योरिटी को खतरे में डालने वाले कामों की पहचान करने और रिपोर्ट करने के लिए जरूरी डिजिटल या दूसरे तरीके बनाने का अधिकार है, इसलिए दूरसंचार विभाग ने संचार साथी ऐप शुरू किया है, जो स्टेकहोल्डर्स को आईएमईआई से जुड़े संदिग्ध गलत इस्तेमाल की रिपोर्ट करने और मोबाइल डिवाइस में इस्तेमाल होने वाले आईएमईआई की असलियत वेरिफाई करने में मदद करता है।

### एसआईआर पर चर्चा के लिए अड़ा था विपक्ष

शीतकालीन सत्र के पहले दो दिन हंगामे की वजह से सदन का कामकाज प्रभावित हुआ। विपक्ष एसआईआर और वोट चोरी के आरोप पर फौरन चर्चा की मांग पर अड़ा था। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्य सभा में कहा ' एसआईआर की प्रोसेस के दौरान 12-13 लोगों की जान जा चुकी है। ये अर्जेंट मैटर है। फौरन चर्चा होनी चाहिए। विपक्ष ने दोनों सदनों की कार्यवाही चलने नहीं दी। 'वोट चोर- गद्दी छोड़' के नारे लगाए। इसके बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने दोनों पक्षों को अपने मीटिंग रूम में बुलाया था। यहां सहमति बनी कि कल से सदन बिना किसी हंगामे के चलेगा।

**संचार साथी ऐप पर बैकफुट पर आई सरकार-** संचार साथी ऐप मामले में विपक्ष ने मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। इसके बाद सरकार बैकफुट पर आ गई है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि ऐप अनिवार्य नहीं है। ऐप को डिलीट करना चाहे तो कर सकते हैं।

### मोबाइल में पहले से इंस्टॉल करने के आदेश

मोदी सरकार ने अपने निर्देश में कहा कि डुप्लीकेट या नकली आईएमईआई वाले मोबाइल हैंडसेट टेलीकॉम साइबर सिक्योरिटी के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं, इसलिए केंद्र सरकार भारत में इस्तेमाल के लिए बनाए गए या इम्पोर्ट किए गए मोबाइल हैंडसेट के हर निर्माता और इम्पोर्टर को यह निर्देश देती है कि 90 दिनों के भीतर यह पक्का करें कि संचार साथी मोबाइल एप्लीकेशन, भारत में इस्तेमाल के लिए बनाए गए या इम्पोर्ट किए गए सभी मोबाइल हैंडसेट पर पहले से इंस्टॉल हो।

## पाकिस्तान ने श्रीलंका को एक्सपायर्ड राहत सामग्री भेजी



एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

पाकिस्तान ने श्रीलंका को एक्सपायर्ड राहत सामग्री भेज दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक श्रीलंका में आए साइक्लोन दितवाह से निपटने के लिए पाकिस्तान ने मदद भेजी थी, लेकिन उन फूड पैकेट पर एक्सपायरी डेट अक्टूबर 2024 थी।

पाकिस्तान ने पानी, दूध पाउडर और आटे सहित कई पैकेट भेजे थे। पाकिस्तान हाई कमीशन श्रीलंका ने 30 नवंबर को सोशल मीडिया एक्स पर इससे जुड़ा एक पोस्ट किया था। इसमें राहत सामग्री की तस्वीर भी जारी की गईं, जिसमें एक्सपायरी डेट लिखी नजर आ रही है। ये पोस्ट वायरल हो रहा है, कई यूजर्स पाकिस्तान की आलोचना कर रहे हैं। हालांकि, अब तक पाकिस्तान का रिएक्शन सामने नहीं आया है। श्रीलंका साइक्लोन दितवाह की वजह से भारी बाढ़ का सामना कर रहा है। इससे 390 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। 370 लोग लापता हैं।

## मंगलवार का महाकाल श्रृंगार



## घाट निर्माण के साथ प्रचार-प्रसार करना होगा

महाआयोजन के लिए की जा रही तैयारी में प्रमुख है घाटों का निर्माण। अनुमानित 30 करोड श्रद्धालुओं के मान से करीब 30 किलोमीटर क्षेत्र में नदी के दोनों सिरों पर घाटों का निर्माण महत्वपूर्ण है। इस निर्माण के साथ हाईटेक एआई के युग में और भी बहुत कुछ किया जाना आवश्यक है । उसके बिना इन घाटों के निर्माण और

खुसूर फुसूर

उपयोगिता को पर्याप्त रूप से मायना नहीं मिल सकेगा। इसी वर्ष में अन्य स्थान पर हुए महाआयोजन में हुए हादसे में प्रमुख बात यह भी सामने आई थी कि श्रद्धालु एक निश्चित स्थान पर स्नान के लिए ही जुटे हुए थे। उसके कारण भी वहां मामला बिगड गया और भीड प्रबंधन व्यवस्थित नहीं हो पाया। इन घाटों के निर्माण के साथ ही इन पर स्नान के लिए अभी से प्रचार झ्प्रसार को बहुत ज्यादा प्राथमिकता देना होगी जो कि देश के अन्य हिस्सों जहां से ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन को आते हैं वहां अंतिम सिरे तक नए घाटों एवं उन पर स्नान को लेकर अच्छी व्यवस्था एवं पार्किंग से नजदीकी का मुद्दा तो रखा ही जाए साथ ही उसे धार्मिक स्थिति से भी जोडकर हर घाट को प्रचारित किया जाए। एआई के इस हाईटेक युग में श्रद्धालु एंड्राईड मोबाईल से स्नान के महत्वपूर्ण स्थान की जानकारी लेंगे। अधिकांश श्रद्धालु ट्रेनों एवं बसों से ही आएंगे। स्थानीय नगर परिवहन भी उनका घाट पर पहुंचने का माध्यम होंगे। ऐसे में एक ही घाट पर भीड की स्थिति बनने की आशंका को बल मिलता है। इससे बचाव के लिए पूर्व से ही सभी घाटों को लेकर प्रचार-प्रसार बहुत ही महत्वपूर्ण है। खुसूर-फुसूर है कि स्नान के लिए हजारों किलोमीटर दूर से आने वाले श्रद्धालु मुख्य घाटों की और ही रूख करते हैं। पिछले महाआयोजन का अनुभव कहता है कि लाख हर घाट के आसपास एक ही रामनाम का उल्लेख किया गया हो लेकिन श्रद्धालुओं की भीड का बहाव मुख्य घाट की तरफ ही रहा है जिधर पेशवाई जाती है। इसके लिए पहले से ही तय योजना को अमल में लाने के लिए विशेष रूप से तैयारी करना होगी।

### जिस मिल में मशीने नहीं, वहां चावल आया भी, बनकर जमा भी कर दिया, 15 दिन में होने वाली जांच 4 महीनों में भी नहीं हुई

# कागज पर राईस मिल! 5 मिलरों ने सरकार को दिया धोखा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर के 5 मिलरों ने सरकार के साथ ही धोखाधड़ी कर दी। मामला तब सामने आया जब जबलपुर कलेक्टर ने धान घोटाला पकड़ा और धड़ाधड़ एक के बाद एक 15 एफआईआर दर्ज हुई। इससे जुडे उज्जैन में करोड़ों का चावल घोटाला सामने आ गया। जबलपुर से ही धान उज्जैन लाकर चावल बनाया जाता है। इसके बाद मामला गोलमाल हो गया है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने 7 करोड 83 लाख की 34,000 क्विंटल धान घोटाले में उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

मध्य प्रदेश सरकार की धान/चावल मिलिंग नीति के तहत शासकीय राशन दुकानों पर दिए जाने वाले चावल निर्माण हेतु मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के चावल निमार्ता मिलरो को प्रतिवर्ष धान आवंटित किया जाता है। यह नागरिक आपूर्ति विभाग के माध्यम से राइस मिलों को दिया जाता है। जिससे वह गरीबों को दिए जाने वाले राशन के तहत उच्च कोटि का गुणवत्ता पूर्वक चावल का निर्माण कर भारतीय खाद्य निगम एवं खाद्य विभाग मध्य प्रदेश में चावल को जमा कर सके। इसके एवज में सरकार राईस मिलरों को धान लाने ले जाने, लोडिंग का भाड़ा, चावल बनवाने का खर्च भुगतान करती है। परंतु मध्य प्रदेश के मिलरो द्वारा शासन से प्राप्त धान को जबलपुर मार्केट में ही बेच दिया गया। कलेक्टर जबलपुर द्वारा जांच कराई गई जिसमें संपूर्ण मध्य प्रदेश में मिलर द्वारा गड़बड़ी की गई है।



### 5 मिलर, 37 हजार क्विंटल धान

नगर निगम नेता प्रतिपक्ष डा. रवि राय के अनुसार उज्जैन के मिलरो श्री कृष्णा राइस एंड पोहा इंडस्ट्रीज, श्री राम एग्रो इंडस्ट्रीज, मे. शिप्रा इंटरप्राइजेस, रुक्मणी राइस एवं पोहा इंडस्ट्रीज, मारुति ट्रेडर्स उपरोक्त फर्म द्वारा लगभग 37000 क्विंटल धान जिसका लागत मूल्य सात करोड़ 83 लाख 35 हजार रुपए अनुमानित है की धान को जबलपुर में ही बेच दिया गया। रवि राय ने कहा कि और उज्जैन में स्थित कारखाने जो लगभग बिना मशीनों के ही पेपर वर्क करते हैं, कागज पर है, उन कारखानों में चावल निर्माण की अधिकतर मशीन नहीं है। उज्जैन के इन मिलरो को जबलपुर कलेक्टर की जांच में दोषी पाया गया और सभी के खिलाफ जबलपुर के विभिन्न स्थान पर प्रत्येक पर चार-चार थानों पर धान की हेरा फेरी के प्रकरण दर्ज किए गए। जिसमें से अधिकतर लोग जेल यात्रा कर आ चुके।

### कार ,स्कूटर के नंबर निकले

कलेक्टर जबलपुर की जांच में स्पष्ट किया जा चुका है कि धान उज्जैन नहीं आया है और जितने भी परिवहन के साधन बताए गए जो नंबर दिए गए वह सब कार, स्कूटर एवं ट्रक जो उज्जैन नहीं आए। इससे स्पष्ट है कि इनके द्वारा शासन से प्राप्त धान उज्जैन नहीं आया परंतु उनके द्वारा चावल निर्माण किसी धान से किया गया है जबकि उत्पादित धान का नियंत्रण मध्य प्रदेश शासन के नियंत्रण में है। स्कूटर से चावल कागजों पर उज्जैन आ भी गए और उसके बाद एफसीआई में, खाद्य विभाग में चावल जमा भी हो गये।

### 15 दिन की जांच, 4 माह बाद भी कार्रवाई नहीं

इस मामले में हुई शिकायत पर जांच कमेटी का गठन 11 अप्रेल 2025 को किया गया। इसकी रिपोर्ट कमेटी में शामिल जिला खाद्य नियंत्रक, उपायुक्त सहकारिता, जिला प्रबंधक सिविल सप्लाइज कॉरपोरेशन, जिला प्रबंधक वेयरहाउसिंग, सहायक आपूर्ति अधिकारी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ने जांच प्रतिवेदन 5 अगस्त को दिया गया। इसमें साफ कहा गया है के मिलरों द्वारा जो चावल जमा किया गया उसका स्रोत स्पष्ट किया जाना संभव नहीं है। पेश रिपोर्ट में किसी प्रकार की कार्रवाई मिलर पर करने संबंधी कोई प्रस्ताव नहीं दिया गया। जांच को 15 दिन का समय दिया लेकिन 4 महीने बाद भी मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# विश्व कप विजेता टीम की खिलाड़ी स्नेहा राणा महाकाल पहुंचीं

### पुनीत इस्सर, बिंदु दारा सिंह और सिद्धार्थ इस्सर भी भस्म आरती में शामिल हुए





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में मंगलवार को महिला क्रिकेट विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम की सदस्य स्नेहा राणा सहित अभिनेता पुनीत इस्सर, बिंदु दारा सिंह, सिद्धार्थ इस्सर और अमित पचौरी सुबह चार बजे होने वाली भस्म आरती में शामिल हुए।

2025 के महिला क्रिकेट विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाली स्नेहा राणा प्रातःकालीन भस्म आरती में ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन का लाभ लेने पहुंचीं। स्नेहा राणा ने 6 मैचों में 7 विकेट लिए और 99 रन बनाए।

उन्होंने फाइनल मैच में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। विश्व कप मैच के दौरान भी वे भगवान महाकाल का आशीर्वाद लेने आई थीं। टीम को मिली सफलता के बाद एक बार फिर वो तड़के भस्म आरती में शामिल हुईं।

### मन्नत मांगकर गई थीं

स्नेहा राणा ने कहा कि यहां आकर अच्छा लगा, पिछली बार आए थे, बोलकर गए थे कि वर्ल्ड कप जीतने के बाद दोबारा आऊंगी। भगवान से यही मांगा है कि वो हम पर इसी तरह आशीर्वाद बनाए रखें और हम हमेशा महाकाल जी के दर्शन के लिए आते रहें।

### दो घंटे नंदी हाल में बैठे

स्नेहा राणा के साथ अभिनेता पुनीत इस्सर, बिंदु दारा सिंह, सिद्धार्थ इस्सर एवं अमित पचौरी भी महाकाल की भस्म आरती में शामिल हुए। सभी ने भगवान महाकाल की भस्म आरती के दौरान दो घंटे तक नंदी हाल में बैठकर दर्शन लाभ लिया।

आरती के बाद सभी ने देहरी से दर्शन किए। मंदिर समिति की ओर से उप प्रशासक एसएन सोनी ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। बिंदु दारा सिंह ने मंदिर की व्यवस्था की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यहां से जो ऊर्जा मिलती है वो कहीं नहीं मिलती।

## अप्राजी व्यायाम शाला के बच्चों द्वारा मलखंभ एवं सूर्य नमस्कार का प्रदर्शन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कार्तिक मेला सांस्कृतिक मंच पर सोमवार को अप्राजी व्यायाम शाला भागसीपुरा के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सूर्य नमस्कार, योगा, मलखंभ पिरामिड की प्रस्तुति दी गई। अप्राजी व्यायाम शाला द्वारा द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा विगत कई समय से कार्तिक मेला अंतर्गत मलखंभ एवं योगा का प्रदर्शन किया जाता है।

इस दौरान संस्था के कई सदस्य उपस्थित रहे कार्तिक मेला सांस्कृतिक समिति की ओर से स्वागत किया गया।

### सिंहस्थ मेला अधिकारी सिंह के साथ कलेक्टर ने मंगलनाथ, अंगारेश्वर मंदिर और सांदीपनि आश्रम का निरीक्षण किया

## मंगलनाथ मंदिर पर भात पूजन और दर्शन की व्यवस्थाएं अलग-अलग होंगी



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन


संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह और कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने मंगलवार शाम सर्वप्रथम श्री मंगलनाथ मंदिर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि भात पूजन और दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं करें। पार्किंग और अन्य सभी आवश्यक जगह पब्लिक टॉयलेट्स की व्यवस्थाएं करें। शूज स्टैंड ऐसे बनाए कि श्रद्धालुओं को सुगमता हो। यूडीए सीईओ श्री संदीप सोनी ने जानकारी दी कि कार्ययोजना में 500 वर्ग मीटर का भात पूजन हाल और 700 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल का वेटिंग हॉल निर्मित किए जाएंगे।

इसके पश्चात संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह और कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने श्री अंगारेश्वर महादेव मंदिर का निरीक्षण कर वेटिंग हॉल , पूजन हाल ,पार्किंग आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश यूडीए सीईओ श्री संदीप सोनी को दिए।

इसके पश्चात उन्होंने श्री सांदीपनि आश्रम का निरीक्षण कर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांस कूमट, जिला वनमण्डलाधिकारी श्री अनुराग तिवारी और संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# सांसद खेल महोत्सव टेबल टेनिस स्पर्धा 6 दिसम्बर से

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 6 दिसंबर को स्थानीय राजमाता सिंधिया बहुउद्देशीय खेल परिसर नानाखेड़ा स्टेडियम (खेल एवं युवा कल्याण विभाग) में 14,17,19, वर्ष के बालक/बालिकाओं की टेबल टेनिस स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। इस स्पर्धा में सिर्फ उत्तर/दक्षिण विधानसभा क्षेत्र (संकुल के) प्रतियोगी ही भाग ले सकते हैं।

**प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से शुरू होगी:** प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी अपने आधार कार्ड की फोटोकापी साथ में लाए। स्पर्धा के मुकाबले नाकआउट पद्धति से खेले जाएंगे (व्यक्तिगत मुकाबले)।

### दिसंबर 2025 में सूर्य, गुरु, मंगल, बुध और शुक्र के राशि परिवर्तन से सभी राशियों पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा

# दिसंबर में सूर्य-मंगल-गुरु का गोचर से बदलेगी किस्मत!

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

साल 2025 अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच रहा है और इसके साथ ही दिसंबर का महीना कई महत्वपूर्ण ज्योतिषीय बदलाव लेकर आ रहा है। इस बार दिसंबर की खासियत यह है कि पूरे महीने में पाँच बड़े ग्रह सूर्य, गुरु, मंगल, बुध और शुक्र राशि परिवर्तन करेंगे। ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों की ऐसी संयुक्त चाल को बेहद प्रभावशाली माना जाता है, क्योंकि यह जीवन के विभिन्न पहलुओं जैसे करियर, स्वास्थ्य, प्रेम, धन और भाग्य पर सीधा असर डालती है।

ग्रह-नक्षत्रों की इन महत्वपूर्ण गतिविधियों के कारण दिसंबर का महीना हर राशि के जातकों के लिए अलग-अलग तरह की परिस्थितियाँ तैयार कर सकता है। कुछ राशियों पर शुभ प्रभाव पड़ेंगे और उन्हें प्रगति, अवसर और लाभ मिलेगा, जबकि कुछ को सावधानी, संयम और सतर्क रहने की आवश्यकता होगी। ऐसे में दिसंबर का यह महापरिवर्तन संपूर्ण राशि चक्र के लिए खास महत्व रखता है।

### 5 दिसंबर-गुरु का मिथुन राशि में प्रवेश

इस समय गुरु कर्क राशि में स्थित हैं और 05 दिसंबर को मिथुन राशि में गोचर करेंगे। वे यहाँ 01 जून 2026 तक रहेंगे। अगले ही दिन, 02 जून को गुरु दोबारा कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। इस परिवर्तन से कई राशियों को ज्ञान, भाग्य और आर्थिक मामलों में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं।

### 7 दिसंबर-मंगल धनु राशि में गोचर

फिलहाल मंगल वृश्चिक राशि में हैं और 06 दिसंबर तक वहीं रहेंगे। 07 दिसंबर को मंगल धनु राशि में प्रवेश करेंगे, जहाँ वे 15 जनवरी तक रहेंगे। उसके बाद मंगल मकर राशि में चले जाएंगे। मंगल का यह गोचर ऊर्जा, साहस और कार्यक्षमता को बढ़ाएगा।



### 6 दिसंबर और 29 दिसंबर-बुध का दोहरा गोचर

बुध अभी तुला में विराजमान हैं और 05 दिसंबर तक वहीं रहेंगे। 06 दिसंबर को बुध वृश्चिक राशि में प्रवेश करेंगे और 28 दिसंबर तक वहीं रहेंगे। इसके बाद 29 दिसंबर को बुध धनु राशि में चले जाएंगे। महीने में दो बार बुध के गोचर का व्यापार, संवाद और बुद्धि के क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

### 16 दिसंबर-सूर्य धनु राशि में प्रवेश

सूर्य अभी वृश्चिक में हैं और 16 दिसंबर को धनु में प्रवेश करेंगे। सूर्य इस राशि में 13 जनवरी तक रहेंगे और 14 जनवरी को मकर में प्रवेश करेंगे। सूर्य का यह परिवर्तन करियर, नौकरी और प्रतिष्ठा में अच्छी प्रगति के संकेत देता है।

### 20 दिसंबर-शुक्र धनु राशि में गोचर

शुक्र 19 दिसंबर तक वृश्चिक में रहेंगे और 20 दिसंबर को धनु राशि में गोचर करेंगे। इस परिवर्तन से कई लोगों को धन, सुख-सुविधाएँ, वैवाहिक जीवन और प्रेम संबंधों में लाभ मिलने की संभावना बनती है।

### किस राशि पर क्या प्रभाव...

**मेषः** दिसंबर में मेष राशि वालों के लिए मिला-जुला समय रहेगा। करियर में नए अवसर मिल सकते हैं, लेकिन आर्थिक मामलों में सावधानी बरतनी होगी। घर परिवार में छोटीझ्छोटी परेशानियाँ आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें और अचानक निर्णय लेने से बचें।

**वृषभः** वृषभ राशि वालों के लिए यह समय थोड़ी चुनौतीपूर्ण रह सकता है। नौकरी या व्यवसाय में कठिनाई आ सकती है। निवेश और खर्चों में सतर्क रहें। परिवार में मतभेद या तनाव के योग बन सकते हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत है।

**मिथुनः** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह समय बहुत शुभ रहेगा। करियर और व्यवसाय में सफलता के नए अवसर मिल सकते हैं। धन लाभ की संभावना बढ़ेगी। प्रेम और वैवाहिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। यात्रा या नए प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए यह अच्छा समय है।

**कर्कः** कर्क राशि वालों को मिला-जुला प्रभाव रहेगा। कुछ मामलों में लाभ होगा, तो कुछ मामलों में कठिनाई। मानसिक तनाव या निर्णय लेने में दिक्कत आ सकती है। परिवार और मित्रों के साथ संबंधों में संयम रखना जरूरी है।

**सिंहः** सिंह राशि के जातकों के लिए यह समय चुनौतीपूर्ण रह सकता है। कार्यस्थल पर प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है। स्वास्थ्य और मानसिक तनाव पर ध्यान दें। निवेश और बड़े फैसलों में सावधानी रखें।

**कन्याः** कन्या राशि वालों के लिए मिला-जुला समय रहेगा। करियर और व्यवसाय में कुछ अवसर मिल सकते हैं, लेकिन अचानक खर्च या योजनाओं में बदलाव का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य और परिवार का ध्यान रखें।

**तुलाः** तुला राशि वालों के लिए यह समय थोड़ा कठिन रहेगा। कार्यस्थल या व्यवसाय में असुविधा आ सकती है। धन संबंधी फैसलों में सतर्क रहें। परिवार या संबंधों में मतभेद हो सकते हैं।

**वृश्चिकः** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह समय बहुत शुभ रहेगा। करियर, व्यवसाय और धन लाभ के मौके बनेंगे। प्रेम और पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। यह समय नए प्रोजेक्ट या निवेश के लिए अनुकूल है।

**धनुः** धनु राशि वालों के लिए मिला-जुला समय रहेगा। कुछ क्षेत्रों में सफलता मिलेगी, तो कुछ मामलों में चुनौतियाँ भी आ सकती हैं। करियर में अवसर होंगे, लेकिन खर्चों और निवेश में सतर्क रहना जरूरी है।

**मकरः** मकर राशि के जातकों के लिए दिसंबर का महीना बहुत लाभकारी रहेगा। नौकरी, व्यवसाय और धन मामलों में सफलता मिलेगी। परिवार और संबंधों में सुख-शांति बनी रहेगी।

**कुम्भः** कुम्भ राशि के जातकों के लिए यह समय थोड़ा चुनौतीपूर्ण रह सकता है। करियर और व्यवसाय में रुकावटें आ सकती हैं। निवेश और खर्च में सतर्कता आवश्यक है। स्वास्थ्य पर ध्यान दें और बड़े निर्णय सोच-समझकर लें।

**मीनः** मीन राशि वालों के लिए यह समय बहुत शुभ रहेगा। करियर और व्यवसाय में नई शुरूआत और सफलता के मौके मिलेंगे। धन लाभ की संभावना रहेगी। व्यक्तिगत और पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।



प्रथम पुण्य स्मरण पर विनम्र श्रद्धांजलि

निर्वाण 03-12-2024

स्व. श्री हरीश जी हाड़ा

आपको याद किए बिना एक दिन भी नहीं गुजरता। आप हमेशा हमारा हिसा रहेंगे। आपकी प्रथम पुण्यतिथि पर सब परिवारजन अश्रुपूरित श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।

श्रद्धांवनत- संतोष हाड़ा, रोहित हाड़ा, सुरेन्द्र हाड़ा, मानवेंद्र हाड़ा, हर्ष-जीतू हाड़ा व गिरजे परिवार।
मो. 7987996131

नं.1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | बुधवार 03 दिसम्बर, 2025 | www.awantika.com



### बच्ची चिल्लाई तो परिजन उसे बचाने दौड़े, लेकिन तब तक डॉग पैर में काट चुका था

# छात्रा पर आवारा कुत्ते का हमला, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी कार्रवाई नहीं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर में स्ट्रीट डॉग्स का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार डॉग बाइट के मामले बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। शहरवासी इसके शिकार हो रहे हैं।

ऐसा ही एक मामला आज सुबह स्कूल जा रही छठी क्लास की छात्रा के साथ हुआ। वह घर से स्कूल जाने के लिए निकली ही थी कि उस पर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। बच्ची चिल्लाई तो परिजन उसे बचाने दौड़े, लेकिन तब तक डॉग पैर में काट चुका था। परिजन उसे चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। दरअसल, खाराकुआं क्षेत्र की पत्थर गली में रहने वाले शब्बीर हुसैन अत्तरवाला की 12 साल की बेटी उम्मे सलमा कॉर्मल कॉन्वेंट स्कूल की कक्षा छठी की छात्रा है।



**चिल्लाई तो परिजनों और आसपास के रहने वालों ने उसे बचाया**

### अचानक हुए हमले से बालिका घबरा गई

चाचा यूसुफ अली अत्तरवाला ने बताया कि रोज की तरह उम्मे सलमा सुबह करीब 8 बजे घर से बस में सवार होने के लिए एटलस चौराहा जा रही थी, लेकिन घर से कुछ दूरी पर घूम रहे स्ट्रीट डॉग ने उस पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से बालिका घबरा गई और चिल्लाई तो परिजनों और आसपास के रहने वालों ने उसे बचाया। इसके बाद परिजन उसे लेकर चरक अस्पताल पहुंचे। बालिका के चाचा यूसुफ अली अत्तरवाला ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद भी शहर में आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसी का परिणाम है कि आज यह घटना हुई। हमारे क्षेत्र में भी कुत्तों को बड़ा आतंक है। नगर निगम को चाहिए कि वह जिम्मेदारी से इस दिशा में ठोस कार्रवाई करे।

### सिस्टम की विफलता दिखाती

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्कूलों, अस्पतालों, खेल परिसरों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत क्षेत्रों में बार-बार डॉग बाइट की घटनाएं सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि सिस्टम की विफलता दिखाती हैं। कोर्ट ने सभी नेशनल और स्टेट हाईवे से आवारा पशु हटाने का आदेश भी दिया। सभी राज्यों के मुख्य सचिव इन आदेशों का सख्ती से पालन कराने को कहा है। कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसी घटनाएं पब्लिक सेफ्टी, पर्यटन और देश की वैश्विक छवि को नुकसान पहुंचा रही हैं।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन नहीं

स्ट्रीट डॉग के बढ़ते आतंक के चलते पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सार्वजनिक स्थानों जैसे स्कूल, रेलवे स्टेशन, हॉस्पिटल और बस स्टैंड से आवारा कुत्तों को हटाने के आदेश दिए थे। इसके बाद भी नगर निगम नहीं जागा, जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

### सुप्रीम कोर्ट का आदेश- स्कूल, अस्पताल से आवारा कुत्ते हटाएं

सुप्रीम कोर्ट ने 3 नवंबर को कहा था कि वह सरकारी बिल्डिंग्स के कैम्पस में कुत्तों को खाना खिलाने के नियम के लिए निर्देश जारी करेगा। कोर्ट ने सभी राज्यों के मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने से भी राहत दी थी। लेकिन चेतावनी दी थी कि हलफनामे में चूक हुई, तो उन्हें पेश होना पड़ेगा।




**कैसे शुरू हुआ यह मामला:** यह मामला सुप्रीम कोर्ट ने 28 जुलाई को एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वयं नोटिस में लिया था। इसमें दिल्ली में खासकर बच्चों के बीच,आवारा कुत्तों के काटने और उससे होने वाले रैबीज के मामलों की जानकारी दी गई थी। बाद में, सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले का दायरा दिल्ली-एनसीआर तक सीमित न रखते हुए इसे सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए कर दिया था।

## न्यूज ब्रीफ

### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में तकनीकी अधिकारी नियुक्त

**उज्जैन।** उज्जैन कॉरपोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन की कोच प्रगति जैन और श्री राज राजेंद्र जयंतसेन सूरी शिक्षा महाविद्यालय के खेल अधिकारी को जयपुर में होने वाली खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 बास्केटबॉल प्रतियोगिता में नेशनल टेक्निकल ऑफिशियल नियुक्त किया है। ऋतु शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता 1 से 5 दिसंबर तक खेली जाएगी। प्रगति कई वर्षों से नेशनल एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक रही हैं। बारोड़ भी कई खेलो इंडिया एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में भूमिका निभा चुके है।

### उज्जैन में 27 से होगी 6ठी राष्ट्रीय पारंपरिक लाठी खेल प्रतियोगिता

**उज्जैन।** महू में आयोजित पारंपरिक लाठी खेल संघ मध्य प्रदेश चैंपियनशिप में उज्जैन सहित इंदौर, महू, रतलाम, आगर, भोपाल, जबलपुर सहित प्रदेशभर से आए खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और मेडल अर्जित किए। मनोज बजाज ने बताया कि मेडल प्राप्त खिलाड़ी उज्जैन में 27 से 29 दिसंबर तक होने वाली 6ठी राष्ट्रीय पारंपरिक लाठी खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इस आयोजन में देशभर से खिलाड़ी, कोच व रेफरी शामिल होंगे।

### बैठक में गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक पाठ

**उज्जैन।** गण सेना फाउंडेशन के संकीर्तन प्रकल्प भगवन्नाम संकीर्तन मंडल के राष्ट्रीय संयोजक एवं राष्ट्रीय हिन्दू संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आचार्य राघव कीर्ति की अध्यक्षता में संगठन की बैठक हुई। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए जिलाध्यक्ष सम्मिलित हुए। बैठक में संगठन की गतिविधियों पर चर्चा हुई। बैठक में गीता जयंती पर हर दिन या हर सप्ताह गीता पाठ किए जाने की शपथ ली गई। बैठक समाप्ति से पूर्व गीता के 15वें अध्याय का पाठ किया गया।

### जनकल्याण हेतु हुए तीन दिवसीय महायज्ञ की पूणार्हुति

**उज्जैन।** दादा गुरु श्री मत्स्येंद्रनाथ समाधि पर चल रहे तीन दिवसीय महायज्ञ की पूणार्हुति 2 दिसंबर को हुई। शासकीय पुजारी अनुराग शुक्ला ने बताया कि जन कल्याण हेतु आयोजित महायज्ञ यज्ञ आचार्य पं. नलिन शर्मा, भूपेंद मिश्रा द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस मौके पर गौरव बैंडवाल, आशीषजी, दिनेशजी सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। अनुराग शुक्ला ने बताया कि जनकल्याण हेतु अब हर साल महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

## मंगलनाथ पर भात पूजन और दर्शन की व्यवस्थाएं अलग-अलग होगी

### सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री सिंह के साथ कलेक्टर ने श्री मंगलनाथ,श्री अंगारेश्वर मंदिर और श्री सांदीपनि आश्रम का निरीक्षण किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने मंगलवार शाम श्री मंगलनाथ मंदिर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि भात पूजन और दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं करें। यूडीए सीईओ संदीप सोनी ने जानकारी दी कि कार्ययोजना में 500 वर्ग मीटर का भात पूजन हाल और 700 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल का वेटिंग हॉल निर्मित किए जाएंगे। इसके पश्चात श्री अंगारेश्वर महादेव मंदिर का निरीक्षण कर वेटिंग हॉल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश यूडीए सीईओ श्री सोनी को दिए। उन्होंने श्री सांदीपनि आश्रम का निरीक्षण कर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को सुविधा के लिए दिशा निर्देश दिए।

### पुनीत इस्सर और उनके बेटे ने अर्जुन और श्रीकृष्ण संवाद के माध्यम से गीता का पाठ पढ़ाया

## गीता महोत्सव में श्रीकृष्णा गीता सार नाट्य का मंचन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

गीता महोत्सव के पहले दिन सीएम मोहन यादव से सुबह कार्यक्रम का उद्घाटन किया तो शाम को प्रसिद्ध कलाकार पुनीत इस्सर और उनके पुत्र ने नाट्य के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण का जीवन दर्शन प्रस्तुत किया।

गीता जयंती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत दशहरा मैदान पर उज्जैन में जय श्रीकृष्णा गीता सार नाट्य का मंचन हुआ। जिसमें प्रसिद्ध अभिनेता पुनीत इस्सर और उनके पुत्र सिद्धार्थ इस्सर ने अपने सशक्त अभिनय से श्रीकृष्ण के जीवन दर्शन और भगवद्गीता के उपदेशों को सजीव कर दिया। कार्यक्रम में दर्शकों ने भावनाओं, आस्था और अध्यात्म से ओतप्रोत इस प्रस्तुति का स्वागत तालियों की गूंज उठा। मंच पर पिता-पुत्र की जोड़ी ने अर्जुन और श्रीकृष्ण संवाद के माध्यम से गीता के शाश्वत संदेशों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।







बुधवार को शाम 7 बजे विश्ववंदनीय नाट्य का मंचन हुआ । सलाउद्दीन पाशा द्वारा गीता ऑन व्हील्स नाट्य का मंचन किया जाएगा। महोत्सव में माधव दर्शनम-लघु चित्र शैलियों में चित्रों की प्रदर्शनी लगाई जाएंगी।

### श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए दर्शन का नया प्लान तैयार किया जा रहा

# नये वर्ष का वेलकम करने उज्जैन आएंगे 10 लाख से अधिक श्रद्धालु

### महाकाल मंदिर में भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग 25 दिसंबर से होगी बंद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



अंग्रेजी कैलेण्डर के नये वर्ष 2026 का वेलकम करने के लिए बड़ी संख्या में लोग उज्जैन आएंगे। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस दौरान महाकाल मंदिर में भी दस लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन करेंगे। चुंकि मंदिर प्रशासन के सामने देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बाबा महाकाल के दर्शन सुगमता से कराने की चुनौती है इसलिए ऑनलाइन भस्मारती की बुकिंग 25 दिसंबर से बंद कर दी जाएगी।

सहायक प्रशासक आशीष फलवाड़िया ने बताया कि महाकाल मंदिर में नए साल को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अनुमान है कि 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक करीब 10 लाख भक्त भगवान महाकाल के दर्शन करने पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए दर्शन का नया प्लान तैयार किया जा रहा है। इसकी शुरूआत भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग सुविधा को ब्लॉक करने के साथ हो गई है। फलवाडिया ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी नए साल में भस्म आरती दर्शन को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग दिसंबर से बंद रहेगी।

### सभी को अनुमति प्रदान करना संभव नहीं

सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने बताया नए साल में भस्म आरती दर्शन को लेकर काफी दबाव रहता है। हर भक्त की अभिलाषा रहती है कि वह भगवान महाकाल की भस्म आरती के दर्शन करे, लेकिन मंदिर में स्थान समिति होने के कारण सभी को अनुमति प्रदान करना संभव नहीं है। इसलिए 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक अत्यधिक भीड़ वाले दिनों के लिए भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था को बंद कर दिया गया है। भीड़ भरे इन दिनों में आफलाइन अनुमति व्यवस्था भी स्थगित रहेगी। इस दौरान देशभर से आने वाले भक्त भगवान महाकाल की भस्म आरती के चलायमान दर्शन कर सकेंगे।

## महाकालेश्वर के दर्शन के लिए आए दो दृष्टिहीनों को कलेक्टर द्वारा तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन के द्वितीय तल स्थित सभाकक्ष में विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई। ग्वालियर से उज्जैन भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन के लिए आए नितीश मुरारी और सोनम चौरसिया ने कलेक्टर श्री सिंह के समक्ष आवेदन दिया कि वे दोनों पूर्ण रूप से दृष्टिहीन हैं। वे वर्तमान में बनारस हिन्दू विश्व विद्यालय में अध्ययनरत हैं। वे उज्जैन में भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन के लिए आए थे। लेकिन उन्हें रुपयों की कमी हो गई है। कलेक्टर श्री सिंह ने इस पर तत्काल सामाजिक न्याय विभाग के समन्वय से उन्हें रेडक्रॉस के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए । कलेक्टर श्री सिंह के निर्देश पर नीतीश और सोनम को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। नितीश ने बताया कि वे उज्जैन में पहली बार आए थे और रुपयों की कमी हो जाने के कारण बहुत परेशान थे। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा उपलब्ध कराई गई सहायता राशि से वे पुनः अपने घर वापस बिना किसी असुविधा के जा सकेंगे। दोनों ने कलेक्टर श्री सिंह की सहृदयता पर उनके प्रति आभार व्यक्त किया। खाचरौद के ग्राम नरसिंहगढ़ निवासी श्रीमती रानीबाई ने आवेदन दिया कि गांव में स्थित उनकी पैतृक भूमि को एक व्यक्ति के द्वारा लीज पर दिलवाकर उन्हें रुपए दिलवाने का कहकर धोखे से जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली गई है।

# दावा- सिंहस्थ में स्नान घाट तक 3 किमी से ज्यादा नहीं चलना पड़ेगा

### पुलिस अधीक्षक ने कहा सिंहस्थ 2028 में भीड़ प्रबंधन और ट्रैफिक मैनेजमेंट ही सबसे बड़ी चुनौती है

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन





सिंहस्थ 2028 में भीड़ प्रबंधन और ट्रैफिक मैनेजमेंट ही सबसे बड़ी चुनौती है, जिसे लेकर सोमवार को ट्रैफिक थाने पहुंचे एसपी प्रदीप शर्मा ने पुलिसकर्मियों से बात की, उनसे सुझाव लिए और सामूहिक विवाह सम्मेलन में रविवार को किए बेहतर ट्रैफिक मैनेजमेंट का उदाहरण देते हुए जवानों का उत्साह भी बढ़ाया। डीएसपी विक्रमसिंह कनपुरिया व डीएसपी दिलीपसिंह परिहार से कहा कि नगर निगम से बात कर साइनेज पर काम करे, जिससे कि बाहर से आने वाले यात्रियों को किसी से मंदिर पहुंच मार्ग के लिए पूछना न पड़े।

एसपी ने कहा कि बेहतर पार्किंग, फोर्स की प्रॉपर ब्रीफिंग ही ट्रैफिक मैनेजमेंट का मूलमंत्र है। इस पर काम कर लिया तो किसी को कोई दिक्कत नहीं आएगी। ट्रैफिक मैनेजमेंट का बेहतर उदाहरण हरिफाटक वाकणकर ब्रिज क्षेत्र में हुआ सामूहिक विवाह सम्मेलन का वृहद इंतजाम है। एसपी शर्मा ने कहा कि साल 2016 के सिंहस्थ महापर्व के इंतजामों को ध्यान में रखते हुए आगे सिंहस्थ 2028 के लिए ऐसी प्लानिंग की जा रही है कि किसी भी पार्किंग स्थल से लोगों को नजदीकी स्नान घाट तक पहुंचने में तीन किमी से ज्यादा नहीं चलना पड़ेगा।

संयुक्त तालमेल काम का एसपी ने कहा कि बेहतर व्यवस्था में पुलिस-प्रशासन व नगर निगम का तालमेल व तत्काल क्रियान्वयन ही काम आएगा। यह सामूहिक विवाह सम्मेलन के इंतजाम में देखने को भी मिला है। एडीजी इंटेलिजेंस ए. सांई मनोहर भी सुरक्षा व ट्रैफिक इंतजाम देखने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने यही कहा कि इंदौर रोड के पूरे मार्ग पर सबसे ज्यादा बड़े साइनेज एरो के साथ लगाए थे, जिससे किसी को यह नहीं पूछना पड़ा कि कहां जाना है। 100 मीटर दूर साइनेज लगे थे, यहीं व्यवस्था सभी मार्ग पर होगी।

श्री श्री देवी तारा महा श्मशान निवासनी देवी तारा कृपा

48 वर्ष पुराना तंत्र, मंत्र, यंत्र ज्योतिष कार्यालय, इंदौर

पंडित प्रहलाद सूर्यवंशी ज्योतिषाचार्य
ज्योतिष कार्यालय गुगल पर देंखे

देवी तारा, देवी महाकाली, महाशमशानी साधक महावशीकरण, कोर्ट कचहरी, तलाक, गुप्त शत्रु, सास-बहू विवाद, प्रेमी-प्रेमिका का महावशीकरण, गंभीर से गंभीर रोग, जादू टोना, महाशमशानी तंत्र-मंत्र क्रिया, सौतन दुश्मन छुटकारा, मनपसंद शादी।

नोटः जन्म कुंडली, फोटो, हस्तरेखा और अन्य परामर्श शुल्क 1000 अनिवार्य, फोन पर परामर्श शुल्क 3000 अनिवार्य, सात दिन में काम नहीं होने पर 30 प्रतिशत ब्याज सहित पैसा वापस, 101 प्रतिशत ग्यारेंटेंड समाधान।
नोटः दिपावली पर 88 लाख महामंत्र से महासिद्धी यंत्र और श्री श्री देवी महालक्ष्मी सिद्ध महायंत्र, 88 लाख महामंत्रों से।
नोटः यंत्र के लिए 3 दिन पहले संपर्क करें।

पताः एमजी रोड, कमिश्नर कार्यालय, जिला कोर्ट गेट नंबर एक के सामने, 34 महतानी मार्केट इंदौर
मोबाइलः 7828672574, 8817546028

समयः प्रातः 11 से रात्रि 9:00 बजे तक एवं रविवार को दोपहर 3:00 बजे से 8:00 बजे तक खुला रहेगा।
नोटः सभी धर्म और जाती के लोग पूर्व समय लेकर निसंकोच मिले।

# स्वागत के दौरान तोप मशीन से रंगीन पन्नियां उड़ाने वालों की अब खैर नहीं

## सड़क पर चिपक रहे हैं पन्नियों के टुकड़े, साफ करने में सफाई कर्मियों को मशक्कत करना पड़ रही

### विवाह समारोह व जुलूस में पन्नी के टुकड़े उड़ाते पाए जाने पर मशीन जप्त कर जुर्माना वसूलेंगे

### कागज के टुकड़े उपयोग कर सकते हैं, पन्नी नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



विवाह समारोह व जुलूस में स्वागत के दौरान तोप मशीन से रंगीन पन्नियों के टुकड़े उड़ाने वालों की अब खैर नहीं नगर निगम के अधिकारी ऐसे लोगों के खिलाफ जल्द एक्शन लेने वाला है। हालांकि नगर निगम अधिकारी संदेश गुप्ता का कहना है कि बैठक लेकर सबको पहले हिदायत दी जाएगी उसके बाद भी अगर कोई पन्नी के टुकड़ों का इस्तेमाल करते पाया गया तो उसकी मशीन जप्त कर उसके खिलाफ पेनल्टी भी वसूली जाएगी।

शहर को साफ सुथरा बनाने के लिए नगर निगम करोड़ों रुपए खर्च कर रहा है। शहर की हर गली मोहल्ले में डोर टू डोर कचरा उठाया जा रहा है। वही फुटपाथ व सड़कों को साफ रखने के लिए सफाई कर्मी रात दिन सफाई में भिड़े रहते हैं। लेकिन शादी ब्याह व जुलूस में स्वागत करने वाले सफाई व्यवस्था पर पानी फेर रहे हैं। पूर्व में नगर निगम ने तोप मशीन से रंगीन पन्नियों के टुकड़े उड़ाने पर रोक लगाई थी। लेकिन इसके बावजूद भी शादी व जुलूस सहित अन्य कार्यक्रमों में तोप मशीन से रंगीन पन्नियां उड़ाने का प्रचलन जारी है। लोग स्वागत के दौरान रंग बिरंगी पन्नियों के टुकड़े का इस्तेमाल कर रहे हैं। जिससे शहर की सड़क खराब हो रही है आपको बता दे की पूर्व में भी निगम आयुक्त ने निर्देश जारी किया था कि जुलूस व धार्मिक आयोजन में स्वागत के दौरान तोप मशीन से रंग-बिरंगी पन्नियों के टुकड़े का इस्तेमाल नहीं किया जाए। क्योंकि पन्नियों के टुकड़े सड़क पर चिपक जाते हैं और सफाई कर्मियों को इन्हें साफ करने में भारी मशक्कत करना पड़ती है। लेकिन लोग फिर भी स्वागत के दौरान इन पन्नियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। जिससे शहर की सड़कें खराब हो रही है। वहीं सफाई कर्मचारियों को भी इन पन्नियों को साफ करने में भारी मशक्कत करना पड़ रही है। इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है जिसमें रंगीन पन्नीयों के छोटे-छोटे टुकडों के छर्रे बनाकर स्वागत-सत्कार हेतु उड़ाया जा रहा है। जिस कारण से सड़कों पर जगह-जगह पर पन्नीयों के टुकड़े फैलकर सड़कों पर चिपक रहे है और सफाई के दौरान सफाई कमीयों का अत्यधिक परिश्रम करना पड़ रहा है।

### इन्होंने यह कहा..



नगर निगम के स्वास्थ विभाग के उपायुक्त संजेश गुप्ता ने बताया कि सफाई व्यवस्था देखने सड़क पर निकलते हैं तो सफाई कर्मियों द्वारा भी इस तरह की शिकायत की गई है सड़क पर पन्नी के टुकड़े चिपक जाते हैं इस कारण सफाई कर्मियों को सफाई करने में मशक्कत करना पड़ रही है। जल्द ही पन्नीयों का इस्तेमाल करने वालों पर एक्शन लिया जाएगा। एक-दो दिन में सभी को बुलाकर बैठक लेकर हिदायत दी जाएगी की पन्नी के टुकड़ों का इस्तेमाल ना करें। कागज के टुकड़े उड़ाना चाहे तो उड़ा सकते हैं। लेकिन पन्नी ना उड़ाएं। अगर पन्नी उड़ाते पाये गए तो मशीन जब्त कर कार्यवाही की जाएगी साथ ही जुर्माना भी वसूला जायेगा।

## आपकी खबरें...

### आज होगा कार्तिक मेला एवं प्रदर्शनी का समापन



**उज्जैन।** नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा पुण्य सलिला मां क्षिप्रा नदी के पावन तट पर 4 नवंबर से आयोजित परंपरागत कार्तिक मेला एवं प्रदर्शनी 2025 का समापन समारोह आज दिनांक 03 दिसंबर बुधवार को कार्तिक मेला सांस्कृतिक मंच पर सायं 07 बजे होगा।

### निगम ने 45 हजार से का जुर्माना वसूला



**उज्जैन।** नगर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा शहर की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके क्रम में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के अमले ने समस्त जोन अंतर्गत कार्यवाही करते हुए 45 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला। जिसमें कचरा जलाने पर 5000, गंदगी करते पाए जाने पर 27 हजार, खुले में भट्टी जलाने पर 1000, अवैध अतिक्रमण करने पर 3000, भवन निर्माण सामग्री सड़क पर फैलाने पर 4000, मिक्स कचरा देने पर 4000 का जुर्माना वसूला गया। उक्त कार्रवाई संबंधित जोन के स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, दरोगा की उपस्थिति में की गई।

### मंगलनाथ मंदिर को हुई 41 लाख रुपए की आय

**उज्जैन।** मंगलवार को भगवान श्री मंगलनाथ के मंदिर पर भोम प्रदोष होने से मंदिर पर प्रातःकाल की आरती पश्चात 7 बजे से ही दर्शनार्थी/श्रद्धालुगणों के साथ ही साथ भात पूजन एवं अन्य पूजन के लिए आने वाले यजमानों का आना प्रारंभ हो गया था। मंगलनाथ मंदिर को एक माह में 40 लाख रुपए से अधिक की आय प्राप्त हुईमंगलनाथ मंदिर के प्रशासक के.के पाठक द्वारा यह भी बताया गया कि माह अक्टूबर 25 की अवधि में अनुविभागीय अधिकारी/अध्यक्षतथा तहसीलदार/सचिव श्री मंगलनाथ मंदिर प्रबंध समिति के कुशल मार्गदर्शन में राशि रूपए-41,14,000/- की आय पूजन आदि से मंदिर समिति को प्राप्त हुई।

## कलावर्त न्यास का अंतर राष्ट्रीय कलापर्व 25 से 28 दिसंबर तक



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कलावर्त न्यास द्वारा विगत 26 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जाने वाला चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कलापर्व इस बार 25 से 28 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। न्यास के सचिव पवन गरवाल तथा संयोजिका डॉ. भारती काले ने बताया कि इस वर्ष के इस महती कला उत्सव में नेपाल, बांग्लादेश, मॉरिशस तथा ब्रिटेन के वरिष्ठ कलाकारों के अतिरिक्त कला विद्यार्थियों सहित 200 से अधिक वरिष्ठ चित्रकार एवं देश भर के अनेक विश्वविद्यालयों, कला महाविद्यालय के विद्यार्थी भागीदारी करेंगे। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कलापर्व के शुभारंभ दिवस पर कला जगत की विभिन्न हस्तियों को विशेष अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। गरवाल ने बताया कि कलापर्व में भागीदारी करने वाले सभी कलाकार चार दिन तक कला शिविर के अंतर्गत कला सृजन करते हुए कलाकृतियों का निर्माण करेंगे।

## निगम आयुक्त ने किया वार्ड 42 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



मंगलवार को नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने निगम अधिकारियों के साथ वार्ड क्रमांक 42 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त श्री मिश्रा द्वारा नियमित रूप से वार्डों में प्रातः काल सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया जाता है जिसके क्रम में मंगलवार को वार्ड 42 में निरीक्षण किया गया जिसके अंतर्गत सेठी नगर चौराहा, 36 क्वार्टर, नगर निगम कॉलोनी, इत्यादि क्षेत्र में निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा सफाई मित्रों की उपस्थिति रजिस्टर जांच करते हुए एवं चर्चा कर निर्देशित किया गया कि कार्य के दौरान ड्रेस पहनकर कार्य करें साथ ही जो माइक्रो प्लान वार्ड का निर्धारित किया गया है। उसी अनुसार कार्य को संपादित करना है।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा वार्ड के रहवासियों से चर्चा करते हुए सफाई व्यवस्था का फीडबैक लिया गया एवं पूछा कि कचरा गाड़ी समय से आती है या नहीं तब रहवासियों द्वारा सकारात्मक जवाब देते हुए कहा कि वार्ड में सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से होती है।

साथ ही कचरा गाड़ी में हमारे द्वारा गीला एवं सूखा कचरा पृथक पृथक रूप से ही दिया जाता है। वार्ड में निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर देखने में आया कि संबंधितों द्वारा भवन निर्माण सामग्री सड़कों पर फैला रखी गई है जिसके कारण आवागमन में समस्या होती है साथ ही खुले में भट्टी जलाते पाए गए जिस पर 08 हजार का जुर्माना लगाया गया।

## महापौर की अध्यक्षता में आयोजित हुई मेयर इन काउंसिल की बैठक



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मंगलवार को मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता एवं निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, एमआईसी सदस्य शिवेन्द्र तिवारी, सत्यनारायण चौहान, प्रकाश शर्मा, रजत मेहता, कैलाश प्रजापत, अनिल गुप्ता, डॉ. योगेश्वरी राठौर, दुर्गाशक्ति सिंह चौधरी, सुगन बाबूलाल बाघेला की उपस्थिति में आयोजित हुई।

बैठक में कार्यसूची के प्रथम प्रकरण मेयर इन काउंसिल सम्मिलन दिनांक 17.10.2025 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई जिसके उपरांत कार्य बिन्दुवार चर्चा की गई। बैठक में आय व्यय पत्रक (माह अगस्त से अक्टूबर 2025 तक) के संबंध में स्वीकृति, श्री महाकाल लोक परिसर में मंदिर में नवनिर्मित सेतु का नामकरण अशोक सेतु किए जाने के संबंध में अनुशंसा, वीडी मार्केट, तेलीवाड़ा, ढाबा रोड होते हुए छोटी पुलिया तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य में प्रभावित भवन को मुआवजा प्रदान किए जाने के संबंध में अनुशंसा, नगर पालिक निगम में आदर्श कार्मिक संरचना के अनुसार वर्ष 2025 - 26 में सीधी भर्ती के रिक्त पदों की पूर्ति कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) के माध्यम से किए जाने के संबंध में स्वीकृति, नगर पालिक निगम उज्जैन के पेंशनरों / परिवार पेंशनरों को देय पेंशन में महंगाई भत्तों का पुनरीक्षण एवं सातवें वेतनमान में 55 प्रतिशत दिए जाने एवं एरियर राशि के भुगतान किए जाने के संबंध में अनुशंसा, स्पेशल असिस्टेंट अंतर्गत प्राप्त राशि से क्षिप्रा नदी पर प्रस्तावित ब्रिज निर्माण कार्य की राशि लोक निर्माण विभाग (सेतु) को हस्तांतरित किए जाने के संबंध में अनुशंसा, मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण अंतर्गत नगरीय निकायों को अतिरिक्त सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान किए जाने के संबंध में अनुशंसा, मध्य प्रदेश आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 के प्रावधान अनुसार विभिन्न टाइपोलॉजी के अंतर्गत स्थापित की जाने वाली आउटडोर मीडिया डिवाइस हेतु अनुज्ञप्ति शुल्क की दरों का निर्धारण किया जाने हेतु अनुशंसा प्रदान की गई।

बैठक में अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, अपर आयुक्त वित्त पुनीत शुक्ला, उपायुक्त योगेन्द्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता, मनोज मौर्य, अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## गीता महोत्सव में वैष्णवी शर्मा की विराटजयी काव्य प्रस्तुति

**उज्जैन।** गीता जयंती के पावन अवसर पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के दूसरे दिन दशहरा मैदान पर वैष्णवी शर्मा की विराटजयी काव्य प्रस्तुति से गूँजे भक्ति भाव। युवा कवयित्री वैष्णवी शर्मा ने अपनी प्रभावशाली काव्य प्रस्तुति विराटजयी के माध्यम से उज्जैन के दशहरा मैदान में उपस्थित श्रोताओं को भगवान श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप, कर्तव्य-योग और धर्म स्थापन के संदेश से अभिभूत कर दिया। वैष्णवी शर्मा की ओजस्वी वाणी, सधी हुई प्रस्तुति और गीता के दार्शनिक प्रसंगों का सहज भावात्मक चित्रण दर्शकों के मन में गहरा प्रभाव छोड़ गया।

## अधिकारियों ने औषधीय पौधों की खेती का किया निरीक्षण

### पर्यावरण संरक्षण के लिए अति आवश्यक है औषधीय पौधे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



उज्जैन जिले के ग्राम बेरछा के प्रगतिशील स्वावलंबी कृषक सुरेश नंदेड़ा के औषधीय खेती कर रहे है। इस खेती का निरीक्षण डॉ.ज्योति पांचाल संभागीय आयुष अधिकारी , डॉ.मनीषा पाठक जिला आयुष अधिकारी डॉ.जितेंद्र जैन जिला नोडल अधिकारी ने किया। ग्राम बेरछा में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण जनों को संबोधित करते हुए डॉक्टर पांचाल ने कहा आयुर्वेदिक औषधीय पौधे औषधीय महत्व के साथ-साथ अधिक मूल्य उपज के होते हैं। औषधीय पौधों की खेती में सुरेश जी ने उल्लेखनीय कार्य कर उज्जैन सहित प्रदेश में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। डॉ. मनीषा पाठक ने बताया कि संपूर्ण प्रदेश सहित जिला उज्जैन के 6 ब्लॉकों में आयुष विभाग के प्रयास से किसान अब औषधि पौधों की खेती के लिए प्रेरित हुए हैं। प्रगतिशील कृषक सुरेश अश्वगंधा अभियान के ब्रांड एंबेसडर होकर जिले के किसानों के लिए औषधीय पौधों की खेती में लगातार योगदान दे रहे हैं। डॉ.जितेंद्र जैन ने अवगत कराया कि आयुष विभाग की देवरण्य योजना औषधीय पौधों की खेती में किसानों के लिए वरदान साबित हुई है। औषधि गुण युक्त पौधे मनुष्य को स्वस्थ बनाने के साथ-साथ पर्यावरण को भी स्वस्थ बनाते हैं।

इस अवसर पर रुद्राक्ष के पौधे का पौधा रोपण किया गया। सुरेश जी ने बताया कि वे पिछले 10 वर्षों से अश्वगंधा,अकरकरा ,कालमेघ , मुलेठी , सहजन आदि औषधीय पौधों की खेती कर रहे हैं ।100 से अधिक प्रजाति के औषधीय पौधों का रोपण उनके उद्यान में किया गया है,जिसे देखने के लिए अन्य स्थानों से भी किसान बंधु आते हैं। इस अवसर पर ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉक्टर मनोज विश्वकर्मा, जनपद उपाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी, कविदेव गुर्जर ,वासुदेव पौराणिक, आशानंदेड़ा , त्रिलोचन ,अनुराधा जी गणमान्य नागरिक सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## महाकाल मंदिर में फैली अव्यवस्था के खिलाफ युवक कांग्रेस करेगी चरणबद्ध आंदोलन

**उज्जैन।** युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक मंगलवार 2 दिसंबर को शहर कांग्रेस कार्यालय क्षीरसागर पर जिलाध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व रखी गई थी। बैठक मे सभी युवा कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने आगामी कार्य-योजना को लेकर चर्चा की गई। जिसमें मुख्यतः देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं को महाकाल मंदिर दर्शन में होने वाली अव्यवस्था के कारण परेशानी का सामना करना पड़ता है जिसके लिए मंदिर प्रशासक से भेंट करने के उपरांत भी जब उसका कोई निराकरण नहीं हुआ तब युवा कांग्रेस में आंदोलन करने का निर्णय लिया। जल्द ही युवक कांग्रेस महाकाल मंदिर फैली अव्यवस्था के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। बैठक मे सभी युवा कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने संवाद कर सुझाव दिए। बैठक में मुख्य रूप से शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी, देवव्रत यादव, चंद्रभान सिंह चंदेल, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, अजय राठौर, सोनिया ठाकुर, प्रदेश सचिव युवक कांग्रेस प्रतीक जैन, प्रदेश महासचिव रेणुका गांधी, संचित शर्मा, अर्पण राठौर, जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष यश जैन, जिला महासचिव संदीप पवार, योगेश दायमा, यश पागे, अश्विन लेकोड़ा, आशुतोष आंजना, मनीष किर, मुकेश गौड़, ब्लॉक अध्यक्ष यश चोपड़ा, जिला महासचिव विक्की भदोरिया, जीवन परमार, नंदू भैया, मयूर भाई, पार्षद छोटेलाल मंडलोई, सोनू भैया, अमित विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण आम जनता को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा 1. भारतसिंह आंजना पिता स्व. रणछोडसिंह जाति आंजना 2. कमलसिंह पिता स्व. रणछोडसिंह जाति आंजना 3. रुखमाबाई बेवा रणछोडसिंह जाति आंजना सभी निवासी व कृषक ग्राम पाट तहसील माकडोन जिला उज्जैन (मध्यप्रदेश) के स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम पाट तहसील माकडौन जिला उज्जैन में भूमि सर्वे नं. 220/1 रकबा 2.49 है. मे से पैकी रकबा 0.83 हे. भूमि इनके हिस्से की है इस भूमिको विक्रय करने का करार मेरे पक्षकार हर्षवर्धनसिंह सोलंकी पिता बहादुरसिंह जाती राजपूत निवासी ग्राम जलवा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से करके विधिवत अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार के हित में संपादित किया था मेरे पक्षकार को ज्ञात हुआ है की उपरोक्त भूमि स्वाभी की नियत में खोट आने के कारण करारीत समय से पूर्व भूमि का विक्रय पत्र संपादित करने में आना कानी कर रहे है इस कारण मेरे पक्षकार की और से कानूनी सूचना पत्र भी उपरोक्त विक्रेतागण को रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित कर दिया गया है अतः हर आम खास आदमी को इस जाहीर सूचना के प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त करारीत बिक्रीत भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का व्यवहार बिक्री, दान, गिरवी, अथवा अन्य प्रकार से उक्त भूमि स्वामी से नहीं करे अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा न्यायालय में ऐसे व्यवहार को चुनोती देकर निरस्त करवाने कि मांग कि जावेगी जिसमे होने वाले समस्त खर्च एवं परिणाम के लिये संबन्धित व्यक्ति जवाबदार रहेगा यह सूचित हो ।

दिनांक :- 02/12/2025

**अनोखीलाल घटोदा एडव्होकेट पता कोर्ट गैट के पास, तराना Mob. 9893091476**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार विष्णु चौहान पिता श्री मदनलाल जी चौहान निवासी जवाहर नगर नानाखेड़ा उज्जैन से मदनलाल (मदन) पिता स्व. श्री भीमा जी निवासी चेतनपुरा नागदा जिला उज्जैन के द्वारा उनके स्वामित्व एव आधिपत्य की भूमि सर्वे नबर 778/2 रकबा 1.09 हेक्टेयर में से भाग रकबा 0.36 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम हरसोदन तहसील व जिला उज्जैन के संबंध में विक्रय अनुबंध पत्र सम्पादित कर रखा है जिसका पालन उसके द्वारा न करने के कारण मेरे पक्षकार के द्वारा एक वाद अनुबंध पत्र का विर्निदिष्ट पालन कराये जाने हेतु एवं स्थाई निषेधाज्ञा प्राप्ति हेतु प्रस्तुत किया है जो कि प्रकरण क्रमांक आर.सी.एस. 309/2025 पर दर्ज होकर माननीय पंचम व्यवहार न्यायाधीश महोदय वरिष्ठ खण्ड उज्जैन के समक्ष विचाराधीन है जिसमें उभयपक्षों की उपस्थिति में ही माननीय व्यवहार न्यायालय द्वारा अतरण न किये जाने के संबंध में यथा स्थिति का आदेश भी उक्त मदनलाल के विरूद्ध पारित किया है जो कि प्रभावशील है। मेरे पक्षकार को जानकारी प्राप्त हुई है कि उक्त मदनलाल उपरोक्त वर्णित भूमि अन्य को वास्तविकता छिपाकर अंतरण अथवा विक्रय किये जाने हेतु प्रयत्नशील है, जबकि उपरोक्त भूमि जो कि सर्वे नबर 778/2/1 रकबा 0.36 हेक्टेयर के रूप में है को विक्रय करने का उक्त मदनलाल को अधिकार प्राप्त नहीं है. इसलिये हर आम एवं खास व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि के सबंध में अंतरण को लेकर किसी प्रकार का कोई व्यवहार अथवा लेन देन उक्त मदनलाल से नही करें, अन्यथा उक्त किया गया व्यवहार अथवा लेन देन मेरे पक्षकार पर बंधनकारक न होकर न्यायालय की अवमानना की श्रेणी में होगा तथा मेरे पक्षकार उसके विरूद्ध भी कानूनी कार्यवाही करेंगे जिसके हर्जे खर्चे एवं परिणामों की जिम्मेदारी उसकी स्वयं की रहेगी, सूचित हो ।

इति दिनांक 02/12/2025 उज्जैन

**विश्वास डायमा, हायकोर्ट एडव्होकेट कार्यालय 8 मुसद्दीपुरा उज्जैन मो. नंबर 90980-46810**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुझ जाहिरसूचनाकर्ता का पुत्र इन्द्रवीर सिंह कुशवाह जो कि अवज्ञाकारी है, कुसंगति में है तथा समझाईश के बावजूद आवारागर्दी से बाज नहीं आ रहा है। असामाजिक तत्वों के साथ रहता है तथा बाजार व अन्य लोगों से उधार रुपए लेने का आदी हैं तथा मेरे व परिवार के कहने में नहीं है। इस कारण मेरे द्वारा अपने पुत्र इन्द्रवीर सिंह कुशवाह के खराब आचरणों के कारण उसको अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया गया है तथा अब मेरे पुत्र इन्द्रवीर सिंह कुशवाह का मुझसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा है तथा मेरे पुत्र इन्द्रवीर सिंह कुशवाह मुझसे विगत 11 माह से पृथक निवास कर रहा है। उक्त कारण अब भविष्य में मेरा अपने पुत्र इन्द्रवीर सिंह कुशवाह से कोई संबंध नहीं रहा है तथा भविष्य में कोई भी व्यक्ति, बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक, संस्था, सहकारी संस्था या अन्य किसी के मेरे पुत्र इन्द्रवीर सिंह कुशवाह के साथ किसी भी प्रकार का कोई वित्तीय लेन-देन या संव्यवहार करता हैं तो इसकी संपूर्ण जवाबदारी व्यवहार करने वाले संबंधित व्यक्ति की होगी एवं मेरे पुत्र इन्द्रवीर सिंह कुशवाह के विरूद्ध भविष्य में किसी भी प्रकार की पुलिस व न्यायालयीन कार्यवाही होती है तो इसके लिये भी वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा। इसमें मुझ जाहिरसूचनाकर्ता की कोई जवाबदारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

दिनांक 02/12/2025

**रणबीर सिंह कुशवाह पिता श्री महेन्द्र सिंह निवासी-एल-88, महाशक्ति नगर, देवास रोड़, उज्जैन (म.प्र.) मो.नं. 8109490131**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, भूमि स्वामी कोमल सिंह कुशवाह पिता श्री गोपाल सिंह कुशवाह, निवासी-90, बाफना पार्क बस्ती, आगर मार्ग, उज्जैन से उनके एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-166/1/2 रकबा 1.32 हेक्टर जो कि ग्राम कलेसर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में मुख्य मार्ग से अंदर की ओर स्थित है। उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया है तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर अनुबंध-पत्र का निष्पादन भी अपने हित में करवा लिया है। यदि उक्त भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में भय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक-02.12.2025

**राजेश बांठिया एडव्होकेट कार्यालय-ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन, संपर्क-98272-64140**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार गोवर्धनलाल सेकवाडिया एंव दिनेश सेकवाडिया पुत्रगण पर्वतलालजी जाति धाकड निवासीगण ग्राम खेडावदा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन ने जतनकुवंर पति स्व. मोहनसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम कंथारखेडी तहसील बडनगर से उनकी मालकी आधिपत्य एंव स्वामित्व की कृषि भूमि सर्वे क्रं. 340/1 रकबा 0.42, सर्वे क्रं. 341/2 रकबा 1.20, सर्वे क्रं. 341/1/2 रकबा 0.60, सर्वे क्रं. 340/2 रकबा 0.60 कुल किता 4 कुल रकबा 2.82 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम गजनीखेडी तहसील बडनगर जिला उज्जैन को कय करने का सोदा तय कर अनुबंध पत्र निष्पादित किया है तथा विकय मूल्य मे से आंशिक विकय मूल्य भी मेरे पक्षकार ने उक्त अनुबंधकर्ता को अदा कर दिया है। तथा केवल विकय पत्र निष्पादित किया जाना शेष रहा है। यदि उक्त विक्रयशुदा भूमि के संबंध मे या विक्रय व्यवहार के संबंध मे किसी भी व्यक्ति या संस्था, बैंक, शासकीय एंव अर्धशसकीय संस्था या किसी भी अन्य व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या उक्त भूमि मे कोई स्वत्व या हित या अधिकार हो या उक्त भूमि पर कोई ऋण या कर्ज या भार इत्यादि बाकी हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अन्दर प्रमाण सहित आपत्ति मेरे कार्यालय मे प्रस्तुत करे । बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार उक्त भूमि का विकयपत्र अपने पक्ष मे निष्पादित करा लेवेगे। तथा मियाद गुजरने के बाद कोई भी आपत्ति मान्य नही की जावेगी। सूचित हो ।

दिनांक :- 03/12/2025

**शाहिद बेग, एडव्होकेट, शाहजलालपुरा, बडनगर जिला उज्जैन, मो. :- 98266-00267, 79994-00428**

खास न्यूज

## गिरफ्त में नाबालिग के अपहरण में शामिल 3 आरोपी



**उज्जैन।** नाबालिग के अपहरण मामले में फरार चल रहे 3 आरोपियों को 46 दिन बाद गिरफ्तार कर लिया गया। नाबालिग के अपहरण के बाद दुष्कर्म करने वाले मुख्य आरोपी पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका था। मामले में बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 14 अक्टूबर को कस्बे की रहने वाली 16 वर्षीय बालिका के अपहरण का मामला परिजनों की शिकायत पर दर्ज किया गया था। बालिका को 6 नवम्बर को इंदौर से दस्तयाब कर लिया था। बालिका के साथ शंकर पिता भगवानसिंह चौहान निवासी ग्राम गुरला उन्हेल द्वारा दुष्कर्म किया गया था।

जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। बालिका के बयान में सामने आया था कि अपहरण में शंकर का साथ कृष्णासिंह उर्फ कान्हा पिता रतनसिंह पंवार ग्राम नावदा, गोपालसिंह पिता रतनसिंह पंवार और अमरसिंह पिता हटेसिंह पंवार ने दिया था। मामले में तीनों के खिलाफ भी अपहरण का प्रकरण दर्ज कर तलाश की जा रही थी। घटना के 46 दिन बाद तीनों आरोपियों को नवादा से गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी निशानदेही पर अपहरण में प्रयुक्त कार क्रमांक एमपी 09 एएफ 0464 जप्त की गई है। मंगलवार तीनों आरोपियो को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। तीनों को गिरफ्तार करने में एसआई चांदनी पाटीदार, प्रधान आरक्षक राहुलसिंह राठौर, रामनारायण चौहान, आरक्षक स्वरूप, अश्विनी पाठक के साथ टीम की भूमिका रही।

## दीवार बनाने की बात पर 2 भाईयों में विवाद

**उज्जैन।** ग्राम केसरपुर निपानिया में मकान की दीवार बनाने की बात पर राहुल पिता मोकमसिंह चौहान का अपने छोटे भाई रामकिशोर चौहान के साथ विवाद हो गया। पहले दोनों में कहासुनी हुई, जिसके बाद मामला मारपीट और जान से मारने की धमकी देने तक पहुंच गया। मामला तराना थाने पहुंचने पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि दोनों भाई साथ रहते है, उनके मकान का काम चल रहा है। दोनों का एक-दूसरे से कहना था कि दीवार तुझे बनवाना होगी।

## विवाद हुआ सास-बहू का, फावड़ा मारा पत्नी को

**उज्जैन।** तराना के ग्राम देवली की रहने वाली रीनाबाई को मायके स्थित ग्राम डेलची में रहने वाले परिजन उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। रीनाबाई के सिर में गहरी चोंट लगी थी। परिजनों ने बताया कि रीना का मकान खेत पर बना हुआ है, जीवनसिंह से शादी हुई है। दोपहर में कपड़े धोने की बात पर सास कंचनबाई से विवाद हो गया था। दोनो के बीच काफी कहासुनी हुई थी। कुछ देर बाद जीवनसिंह घर लौटा तो मां कंचनबाई ने बहू द्वारा विवाद करने की शिकायत की। जीवनसिंह नशे की हालत में था, उसने खेत पर रखे फावड़े से रीना पर हमला कर दिया। तराना पुलिस के अनुसार मामले में रीना के रिश्तेदार सज्जनसिंह मोंगिया निवासी ग्राम डेलची माकडोन की शिकायत पर रीना से मारपीट करने वाले पति पर धारा 296 बी, 115 (2), 351 (3), 3 (5) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

## चालक की लापरवाही से हुई थी महिला की मौत

**उज्जैन।** राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम घौंसला में 5 नवम्बर को राधाबाई पति मांगीलाल जोशी 40 साल निवासी ग्राम बमनई झारड़ा को पैदल जाते समय पीछे से आये चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी थी। राधाबाई की दुर्घटना में मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। 25 दिन बाद पुलिस ने चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर महिला की जान लेने का प्रकरण धारा 106 (1) में केस दर्ज किया है। चालक को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय में पेश किया जायेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | | 456-5 | 246-2 |
| मेन बाजार | | 137-1 | 167-4 |
| कल्याण नाइट | | 457-6 | 234-9 |
| मिलन डे | | 249-5 | 128-1 |
| मिलन नाइट | | 128-1 | 580-3 |
| मधुर डे | | 470-1 | 156-2 |
| मधुर नाइट | | 457-6 | 227-1 |
| शुभांक | 3 | 6 | 8 |

50 कैमरों के देखे फुटेज, 3 गिरफ्तार 2 की तलाश

# मौसेरे भाई ने सुपारी देकर कराया था जानलेवा हमला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ऑनलाइन क्लीन सर्विस सेंटर संचालित करने वाले युवक पर चाकू से हमला करने वाले 3 बदमाशों को 14 दिन बाद गिरफ्तार कर लिया गया। बदमाशों को हमला करने की सुपारी मिली थी। जो घायल के मौसेरे भाई ने दी थी। पुलिस अब मौसेरे भाई के साथ एक अन्य की तलाश कर रही है।

शांतिनगर में रहने वाला अमन पिता जगदीश प्रजापत 25 साल मुनीनगर क्षेत्र में ऑनलाइन क्लीन सर्विस सेंटर का ऑफिस संचालित करता है। 17 नवम्बर की सुबह 11.30 बजे उसके ऑफिस में आये तीन बदमाशों ने ताबातोड़ चाकू से हमला किया था और भाग निकले थे। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज किया था। वहीं चाकूबाजी में घायल हुए अमन ने शंका जताई थी कि हमला उसकी मौसी के लड़के रवि प्रजापत ने कराया है। पुलिस ने मुनीनगर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे थे।

जिसमें हमला करने वाले 3 बदमाश दिखाई दिये थे, लेकिन घायल ने जिस पर शंका जताई थी वह नहीं दिखा था। फुटेज देख घायल ने तीनों हमलावरों को भी नहीं पहचाना था। एसआई अनिल ठाकुर ने बताया कि बदमाशों का पता लगाने के लिये आगे की कैमरों को खंगाला गया, जिसमें पता चला कि हमला करने वाले एक अन्य बाइक सवार के साथ भागे है। 14 दिनों में करीब 50 कैमरों को देखने के बाद हमला करने वाले शंकर राव उसके भाई कान्हा राव निवासी जयसिंहपुरा और पवन नाथ निवासी भूखी माता रोड को गिरफ्तार किया गया। जिनसे चाकू बरामद कर तीनों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेजा गया है।

### हमले के लिये रवि ने दिये थे 10 हजार

जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों के गिरफ्त में आने पर पूछताछ के दौरान सामने आया कि उन्हे हमला करने के लिये रवि प्रजापत ने 10 हजार रुपए दिये थे। रवि भी क्लीन सर्विस सेंटर का काम करता है और अमन प्रजापत का भाई है। दोनों के बीच काम को लेकर प्रतिस्पर्धा बनी हुई थी। जिसके चलते रवि ने हमला कराया था। एसआई ठाकुर के अनुसार रवि प्रजापत का नाम हमलावरों से सामने आने पर उसके खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं हमले के बाद तीनों आरोपी जिस बाइक चालक के साथ भागे थे, उसकी भी गिरफ्तारी की जायेगी। फिलहाल रवि और बाइक चालक फरार है।

### दोनों भाई पहले साथ करते थे काम

बताया जा रहा है कि रवि प्रजापत और अमन प्रजापत पहले दोनों साथ में ऑनलाइन क्लीन सर्विस का काम करते थे। लेकिन कुछ महिनों पहले अमन ने अलग मुनिनगर में ऑफिस खोल लिया था, उसने अपना काम भी काफी अच्छा जाम लिया था। वहीं अमन के अलग होने पर रवि का काम मंदा पड़ गया था। जिसके चलते उसने साजिश रची और सुपारी देकर हमला कराया।

## पेट्रोल छिड़कर बदमाश ने कार में लगाई आग



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नानाखेड़ा क्षेत्र में रात पौने 2 बजे के लगभग बदमाश ने पेट्रोल छिड़कर कार में आग लगा दी। आग की सूचना पर फायर बिग्रेड को दी गई। लेकिन फायर बिग्रेड के आने से पहले आग पर काबू पा लिया गया। कार मालिक ने मामले की शिकायत लिखित में पुलिस को दर्ज कराई है।

नानाखेड़ा बस स्टेंड के समीप काम्पलेक्स में रहने वाले किशन राठौर के पास इको कार क्रमांक एमपी 09 सीएक्स 0509 है। प्रतिदिन रात में घर के समीप कॉसमॉस माल के पास कार पार्क करते है। रात में किराये से रहने वाले तन्मय यादव ने किशन राठौर के पुत्र दुर्गेश को कॉल कर बताया कि उनकी कार में किसी ने आग लगा दी है। फायर बिग्रेड को सूचना दी गई है। किशन राठौर बाहर आये और कार के पास पहुंचे। उन्होने फायर बिग्रेड के आने से पहले पानी डालकर आग पर काबू पा लिया। सुबह किशन राठौर ने मामले की लिखित शिकायत नानाखेड़ा थाने पहुंचकर की। पुलिस ने घटनाक्रम का पता लगाने के लिये आसपास लगे कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें एक युवक पैदल आता दिखाई दिया, उसके हाथ में पेट्रोल से भरी बोतल थी, कार के पास जाने के बाद उसने पेट्रोल छिड़का और आग लगाकर भाग निकला। बदमाश ने अपना चेहरा छुपा रखा था। पुलिस फुटेज के आधार पर आग लगाने वाले का पता लगा रही है। इस बात की जानकारी भी जुटाई जा रही कि राठौर परिवार की किसी से दुश्मनी या विवाद तो नहीं है।

## राजस्थान के ड्रायवर पर चढ़ा ट्रक, दबने से मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कंट्रक्शन कंपनी में काम करने वाले राजस्थान के ड्रायवर पर मंगलवार सुबह ट्रक चढ़ गया। पहिये के नीचे दबने से ड्रायवर की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक जप्त कर चालक को हिरासत में लिया है।

नरवर थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई ने बताया कि ग्राम दताना में ग्वालियर की कंपनी द्वारा पाइप लाइन डालने के साथ कंट्रक्शन का काम किया जा रहा है। कंपनी के साथ मिलकर ड्रायवरी करने वाला शेरसिंह पिता कालूसिंह रावत 31 साल निवासी ग्राम नयागांव अजमेर राजस्थान सुबह 7.30 बजे के लगभग पैदल सड़क पार कर चाय-नाश्ता करने जा रहा था।]

उसी दौरान देवास की ओर से लोडिंग ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचजे 2233 अचानक आ गया। शेरसिंह ट्रक से टकरा गिरा और उसके ऊपर अगला पहिया चढ़ गया। पहिये के नीचे दबने से शेरसिंह की मौके पर मौत हो गई।



### शाम को कार-ट्रेक्टर की हुई भिड़ंत

नरवर थाना क्षेत्र के गरोठ ब्रिज पर मंगलवार शाम कार और ट्रेक्टर के बीच भिड़ंत हो गई। कार में अभिषेक पिता धनंज्य 30 साल निवासी लाभा रेसीडेंसी मूसाखेड़ी इंदौर सवार था, दुर्घटना में वह घायल हुआ है। नरवर थाना प्रभारी मंडलोई के अनुसार घायल कार सवार को उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया है। चालक ट्रेक्टर छोड़कर भाग निकला है। घायल के संबंध में जानकारी सामने आई कि वह ज्यूडिशल विभाग से जुड़ा है। उसके बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू की जायेगी।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंच गई थी। मृतक के परिजनों को सूचना दी गई और शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजा गया। मौके से ट्रक को जप्त कर चालक को हिरासत में लिया गया है। ट्रक में पाइप भरे हुये है। मामले में मर्ग कायम कर दोपहर में मृतक के परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजन शव अपने साथ राजस्थान लेकर गये है।

### तलवार के साथ पकड़ाया बेटे पर हमला करने वाला

**उज्जैन।** बेटे पर चाकू से हमला कर चुका पिता तलवार के साथ पुलिस हिरासत में आ गया। बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि आरोपी बनेसिंह पिता रामचंद्र कीर 48 साल निवासी ग्राम सुकलाना है। बेटे पर हमला करने के मामले में फरार था। उसके खिलाफ पूर्व में कई मामले दर्ज है। तलवार जप्त होने पर आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं बेटे पर हमले के आरोप में भी गिरफ्तारी की गई है।

## कचरा गाड़ी ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**उज्जैन।** मक्सीरोड उद्योग पुरी क्षेत्र में कचरा गाड़ी क्रमांक एमपी 13 जीए 8646 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाकर बाइक पर सवार महेश पिता बद्रीलाल जादम निवासी शिवपुरा कायथा हाल मुकाम विजयागंज मंडी को टक्कर मार दी। बाइक चालक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया। पंवासा थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर मामला जांच मे लिया और घायल के बयान दर्ज किये। मंगलवार को कचरा गाड़ी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने ऑफिस स्वामी श्री राजेश जोशी पिता श्री प्रभुदयाल जोशी निवासी ए7/11 ऋषि नगर भावसार नमकीन के पास उज्जैन म.प्र. के एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एव आधिपत्य का एक ऑफिस क्रमांक 106 जो कि भवन म्यु कमांक 6/489/1 नगर निगम गृह क्रमांक 60 क्षपणक मार्ग दशहरा मैदान अनुपूरक योजना फ्रीगंज उज्जैन में बने बहुमंजिला भवन कल्पतरू टॉवर की प्रथम मंजिल का प्रकोष्ट ऑफिस क्रमांक 106 जिसका सुपर बिल्टअप एरिया 12.77 वर्गमीटर अर्थात 137.75 वर्गफीट होकर जो कि फ्री होल्ड राईटस का है। उक्त ऑफिस जो कि व्यवसायिक क्षेत्र में स्थित होकर व्यवसायिक उपयोग का है। उक्त ऑफिस जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में ऑफिस कमांक 105, पश्चिम में ऑफिस क्रमांक 107. उत्तर में सरकारी गली, दक्षिण में कॉमन पैसेज स्थित हैं। उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का लिखित विक्रय अनुबंध किया गया है तथा बयाना राशि अदा कर दी गयी हैं. तथा शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का सम्पादन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित ऑफिस सम्पति पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा उक्त ऑफिस बावत किसी निजी व्यक्ति, सस्था, बैंक, पंचायत, पेढी शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानीय शासन का कोई ऋण, भार हित, अधिकार हो या किसी भी न्यायालय में कोई प्रकरण विचराधीन हो अथवा इस विक्रय समव्यवहार बावत हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनाक से (07 दिवस) के अन्दर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे। अन्यथा बाद मियाद उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में निष्पादित एंव पंजीकृत करवा लिया जावेगा एवं इसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। और न ही मेरे पक्षकार के हितों पर बधनकारक होगी। यह सूचित हो।

इति दिनांक 02.12.2025

**श्रीमती शिवांगिनी निलेश धाकड़ (सर्विस प्रोवाईडर)**
**कार्यालय डी.एफ 12 प्रथममंजिल भरतपुरी कॉम्पलेक्स देवास रोड उज्जैन म.प्र.**
**मो. 9074220501**



In The Court Of X Civil Judge Class -II
District Court, Ujjain

**Presiding Officer : श्री राहुल दीवान**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCS A/0000492/2023)

नरेश सिंह....................... वादी

Vs

विरेन्द्र ............................ प्रतिवादी

Process Id -/2025

पेशी दिनांक :- 12/12/2025

प्रेषिती -

(1) शाहिद मंसुरी पिता मोहम्मद सलीम मंसूरी पता- नार माडर्न की शाप 51 झुग्गी झोपड़ी नयापुरा उज्जैन

यह कि प्रार्थी नरेश सिंह ने आपके विरूद्ध एक आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 1 नियम 10 सहपठित धारा 151 सीपीसी का प्रस्तुत किया है उसने आपके विरुद्ध एक वाद पत्र वाद वास्ते घोषणात्मक सहायता एवं स्थाई निषेधाज्ञा प्रदान किये जाने बाबत प्रस्तुत किया है इस प्रकरण में वादग्रस्त कृषि भूमि सर्वे क्रं. 387/2/1 रकबा 1.48 स्थित ग्राम लखाहेडा तहसील घटिया जिला उज्जैन में भूमि स्थित है। प्रतिवादी क्र.2.3 एवं 5 व 6 द्वारा दिनांक 08/07/2024 को उक्त वादग्रस्त भूमि में से 0.20 हे. कृषि भूमि क्रेता हाफिज खां पिता रेहमत खां, आयु-37, निवासी-ग्राम नजरपुर तह. घटिटया जिला उज्जैन म प्र को अवैध रुप से विक्रय कर दी गई है जिसकी जानकारी वादी को प्रकरण में साक्ष्य हेतु नियत होने पर राजस्व रेकार्ड देखने पर प्राप्त हुई। प्रकरण में हाफिज खां को प्रतिवादी क्र.9 के रूप में पक्षकार बनाये जाने का आदेश पारित किया जाना परम आवश्यक है। अतः आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावे।

यह आज द्वारीख 29 नवंबर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

**(राहुल दीवान)**
**दशम् व्यवहार न्यायाधीश**
**कनिष्ठ खण्ड-2, जिला उज्जैन (म.प्र.)**

कृपया ध्यान दें:- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।


# भाई ने दिया था 50 हजार की लूट को अंजाम

## घायल बहन को देखने पहुंचा था अस्पताल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

हीरामिल की चाल क्षेत्र में सोमवार को हुई आयुर्वेदिक कॉलेज से सेवानिवृत्त महिला के साथ 50 हजार की लूट में भाई शामिल होना सामने आया है। मंगलवार रात पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर रूपये बरामद कर लिये है। फिलहाल पूछताछ की जा रही है। आज पूरे मामले का खुलासा किया जा सकता है।

अंकपात मार्ग पर रहने वाली संपत्तबाई पति स्व. भैरूलाल 65 साल के साथ सोमवार को हीरामिल की चाल क्षेत्र में 50 हजार की लूट होना सामने आया था। संपत्तबाई के साथ गंभीर मारपीट भी हुई थी। जिसके चलते देवासगेट थाना प्रभारी अनिला पाराशार ने उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया था। मामले में बयान दर्ज कर अज्ञात के खिलाफ लूट का मामला दर्ज करने के बाद सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गये थे और एसआई राधेश्याम आवलिया के साथ आरोपी का पता लगाने के लिये टीम बनाई थी। 24 घंटे बाद पुलिस ने मामले में मंगलवार रात आरोपी देवीलाल पिता नानूराम दमामी निवासी मंगलनगर को गिरफ्तार कर लिया। जो लूट का शिकार घायल संपत्तबाई का भाई होना सामने आया है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने कैमरों के फुटेज देखे थे, उस दौरान देवीलाल की मौजदूगी वारदात स्थल के आसपास दिखाई दी थी। उसने पीछे से आकर वारदात को अंजाम दिया था, जिसके चलते संपत्तबाई उसे पहचान नहीं पाई थी। वारदात के बाद वह काफी घबरा गई थी वहीं गंभीर जगह चोंट लगने पर सूधबूध खो बैठी थी। बताया जा रहा है कि पुलिस ने आरोपी भाई को हिरासत में लेने के बाद रात में उसके घर मंगलनगर से 50 हजार रूपये भी जप्त कर लिये है। वहीं बैंक से निकालने के दौरान संपत्तबाई द्वारा भाई को दिये साढ़े तीन लाख रूपये भी आरोपी भाई के घर से मिले है। मामले में थाना प्रभारी अनिला पाराशर का कहना था कि आरोपी से पूछताछ कर पता लगाया जा रहा है कि उसने वारदात की साजिश कैसे रची और कैसे अंजाम दिया। पूछताछ पूरी होने पर बुधवार को खुलासा किया जायेगा।

### वारदात के बाद पहुंचा था अस्पताल

संपत्तबाई के साथ हुई चाकू की नोंक पर लूट और मारपीट के बाद आरोपी भाई शाम को घायल बहन को देखने चरक अस्पताल भी पहुंचा था, उसके चेहरे पर वारदात करने का खौफ भी नहीं था। वह ऑपरेशन थियेटर के बाहर ही घूम रहा था। उस दौरान उसका कहना था कि बहन को मकान बनाने के लिये रूपयों की जरूरत थी, दिन में बहन के साथ चिमनगंज एसबीआई बैंक गया था। जहां से 4 लाख रूपये निकले थे। बहन ने साढ़े तीन लाख देखकर घर भेजा था और 50 हजार रूपये लेकर अकेली बाजार से खरीददारी करने चली गई थी। वह रात में भी अस्पताल में रहा। लेकिन उसे पता नहीं था कि कानून के हाथ लम्बे है।

# भटके युवाओं को राह दिखाने पहल नवजीवन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन


पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा ऑपरेशन मुस्कान में दस्तयाब युवाओं को नई राह दिखाने के लिये दिशा लर्निंग सेंटर के माध्यम से नवजीवन पहल की शुरूआत की है। मंगलवार को पुलिस लाइन परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें दस्तयाब युवाओं को बुलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आईजी उमेश जोगा, डीआईजी नवनीत भसीन थे। पहल का उद्देश्य युवाओं को सुरक्षित वातावरण सकारात्मक जीवन मार्ग से जोड़ना और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिये प्रेरित करना था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस पहल के माध्यम से भटके युवाओं को कानूनी संरक्षण के साथ भावनात्मक सहारा और सही दिशा प्रदान करना है। युवाओं से धैर्यपूर्ण संवादात्मक के साथ प्रेरणादायक शैली में संवाद किया गया। कार्यक्रम के दौरान बालक-बालिकाओं ने अपनी गलतियों को स्वीकार और सुधार की राह पर चलने की प्रतिज्ञा ली।


### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार Truhome (श्रीराम हाउसिंग) फायनेंस लिमिटेड कार्यालय दुसरी मंजिल ए 6/3 महाकाल वाणिज्य केन्द्र नानाखेडा उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 207 पुराना एवं नया क्रमांक 86 का उत्तर दिशा का भाग गायत्री नगर सेक्टर -ए आगर रोड़ उज्जैन में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 500 वर्गफीट है। जिसके पूर्व मे- भूखण्ड क्रमांक 210, पश्चिम मे- रोड़, उत्तर मे- भूखण्ड क्रमांक 206 पुराना एवं नया नं. 85, दक्षिण में- भूखण्ड क्रमांक 207 पुराना एवं नया 86 का शेष भाग स्थित है। उक्त सम्पत्ति रामप्रसाद पिता रामदिन ने इसके पूर्वस्वामी से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 1271 दिनांक 10/07/1986 को क्रय कि। एवं रामप्रसादजी कि मृत्यु 14/02/2008 को हो जाने के पश्चात फुलबाई पति स्व. रामप्रसाद कश्यप एवं उनके पुत्रगण अनिल, नरेन्द्र एवं जितेन्द्र ने उक्त संपत्ति पर अपने नाम का नामांतरण उज्जैन नगर पालिक निगम में प्रकरण क्रमांक 1019/2025/7 पीटी जावक नं. 1384 दिनांक 09/10/2025 को अपना नाम दर्ज करवाया। तथा फुलबाई आदि ने उत्तर दिशा के भाग को विक्रय करने का अनुबंध संतोष शर्मा पिता स्व. पुष्करलाल शर्मा से किया है। तथा संतोष शर्मा ने संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु Truhome (श्रीराम हाउसिंग) फायनेंस लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर Truhome (श्रीराम हाउसिंग) फायनेंस लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार Truhome(श्रीराम हाउसिंग) फायनेंस लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन, मोबाइल नं. 9301860352**

## हम सुधरे तो जग सुधरेगा



आपमें तथा आपके चारों ओर होने वाले क्लेश और भ्रांति में क्या संबंध है? जाहिर है, यह भ्रांति, यह कष्ट अपने आप तो नहीं आ गए। आप और मैं, हम ही इनको लेकर आए हैं, पूंजीवादी, साम्यवादी या फासिस्ट समाज नहीं। इन्हें आपने और मैंने अपने परस्पर संबंधों में निर्मित किया है। आप जो हैं, आप जो सोचते हैं, आप जो अनुभव करते हैं, अपने रोजमर्रा के जीवन में आप जो कार्य करते हैं, उसी का बाहर प्रक्षेपण होता है और उसी से संसार बनता है। यदि हम अंदर से कंजूस, भ्रमित, अशांत और क्षुब्ध हैं, तो प्रक्षेपण द्वारा वैसा ही संसार, समाज बन जाता है, क्योंकि आपके और मेरे बीच का संबंध ही समाज है। समाज हमारे संबंधों का ही तो नतीजा है और यदि हमारे संबंध अहं-केंद्रित, संकुचित और राष्ट्रवादी हैं, तो हम उसी को प्रतिबिंबित करेंगे और संसार में अव्यवस्था लाएंगे। आप जैसे हैं, वैसा ही संसार है, अतः आपकी समस्या संसार की समस्या है। अपने संबंधों में इस तथ्य की हम सदा अनदेखी कर देते हैं। हम किसी विधि या विचारों और मूल्यों में विधि-जनित क्रांति के जरिये बदलाव लाना चाहते हैं। हम भूल जाते हैं कि मैं और आप ही हैं, जो समाज बनाते हैं, जो अपनी जीवन पद्धति से अस्त-व्यस्तता या व्यवस्था लाते हैं। इसलिए शुरूआत हमें अपने निकट से करनी होगी। हमारा जो दैनिक जीवन है, उसी से हमारा सरोकार होना चाहिए। जीविका कमाते वक्त, धारणाओं व विश्वासों के साथ अपने संबंधों में किस प्रकार हमारे विचार, भावनाएं व क्रियाएं प्रकट होती हैं, उन सबसे हमारा सीधा संबंध होना चाहिए। जीविका, नौकरी, पैसे कमाने, हम इन्हीं सब में तो लगे हुए हैं, धारणाएं व विश्वास, परिवार व पड़ोसियों के साथ हमारे रिश्ते- ये हैं हमारी दिलचस्पी के विषय। अब यदि हम अपने व्यवसाय की बारीकी से परीक्षा करें, तो पाएंगे कि वह मूलतः ईर्ष्या पर आधारित है; यह मात्र जीविकोपार्जन का मामला नहीं है। समाज इस प्रकार से रचा गया है कि वह एक अंतहीन द्वंद्व की, निरंतर कुछ बनने की कोशिश भर रह गया है; यह लोभ पर, ईर्ष्या पर, हमसे जो आगे है उसके प्रति जलन पर आधारित है; एक क्लर्क मैनेजर बनना चाहता है, यानी उसका वास्ता सिर्फ जीविका कमाने या निर्वाह के साधन जुटाने से ही नहीं है, बल्कि पद और प्रतिष्ठा पाने से है। स्वभावतः यह दृष्टिकोण समाज में, संबंध में तबाही लाता है।

संबंधों में ईर्ष्या सर्वाधिक विनाशकारी तत्वों में से एक है, क्योंकि यह इस बात की सूचक है कि सत्ता और पद की लालसा बनी हुई है, जो आखिरकार राजनीति की ओर ले जाती है। दोनों का निकट का संबंध है। वह क्लर्क, जो मैनेजर बनना चाहता है, सत्तालोलुप राजनीति का एक कारण बन जाता है, जो युद्ध को जन्म देती है, अतः युद्ध के लिए यह क्लर्क सीधे-सीधे जिम्मेदार है।

**सम्पादकीय**

## पुनरीक्षण की परीक्षा

मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अर्थात एसआईआर पर सियासत तेज होती जा रही है। संसद सत्र की शुरूआत के साथ ही एसआईआर पर बहस कराने की मांग भी तेज हो गई है। एसआईआर से सबसे बड़ी शिकायत इसके समय को लेकर है। आरोप है कि बीएलओ को इस काम के लिए काफी कम समय दिया गया है। ऐसे में, यह संतोष की बात है कि चुनाव आयोग ने पुनरीक्षण की सीमा अब 4 दिसंबर से बढ़ाकर 11 दिसंबर कर दी है। बीएलओ को इससे राहत मिलेगी। इसके अलावा चुनाव आयोग का बीएलओ को दोगुना आर्थिक लाभ देने का फैसला भी सराहनीय है। आमतौर पर बीएलओ का काम सरकारी शिक्षक करते हैं और आर्थिक लाभ बढ़ने से उनका उत्साह बढ़ेगा। जरूरी है कि बीएलओ को अनावश्यक दबाव से बचाया जाए। वैसे भी ये शिक्षक शांत भाव से नौकरी करते हैं और उनके पारंपरिक काम में ह्यटारगेटह्न जैसे शब्द उतनी मजबूती से नहीं हैं। अधिकारियों को देखना चाहिए कि कोई बीएलओ ज्यादा दबाव में न आए। कुछ बीएलओ ने आत्महत्या की है, तो इसका अर्थ है कि उन्हें पुनरीक्षण कार्य के लिए मानसिक रूप से तैयार नहीं किया गया था। यह उस प्रशासन की भी खामी है, जिसके पुनरीक्षण का काम चुनाव आयोग की देखरेख में कर रहा है।

बहरहाल, मतदाता सूची पुनरीक्षण काम पर्याप्त समय लेकर होना चाहिए। बीएलओ हमारे बीच के ही लोग हैं, उनके साथ सहयोग करना चाहिए। स्वयं आगे आकर पुनरीक्षण को पूरा कराना चाहिए। यदि मतदाता पूरी तरह से बीएलओ पर निर्भर हो जाएंगे, तो बीएलओ वाकई तनाव में आ जाएगा। मतदाता भी सजग हों, बीएलओ भी लोगों का पूरा सहयोग लें। इसमें एक तीसरा पक्ष बीएलए का भी है, तमाम राजनीतिक पार्टियां बूथ स्तर पर अपने एजेंट तैनात करती हैं। बीएलए को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके क्षेत्र में कोई भी मतदाता सूची से छूटने न पाए। साथ ही, कहीं भी मतदाता सूची में गड़बड़ी न होने पाए। यहां गांधीजी के वक्तव्य को ध्यान में रखना होगा कि ह्यकेवल सरकार के भरोसे मत रहनाह्न। यहां सावधानी से यह भी कहना चाहिए कि चुनाव आयोग पर भी अंधा भरोसा नहीं करना चाहिए। चुनाव आयोग इस देश के नागरिकों की ही संस्था है और इस संस्था को ठीक से चलने के लिए बल-मनोबल देना नागरिकों की ही जिम्मेदारी है। चुनाव आयोग को इतनी सजगता से आगे बढ़ना चाहिए कि उस पर विश्वास बना रहे।

### वेज बोर्ड, सुरक्षा और अधिकारों पर सबसे बड़ा हमला

## नये श्रम कानूनों ने पत्रकारों की विशेष श्रेणी खत्म की

अब पत्रकारों की गिनती श्रमिकों में ही क्यों होती है यह तो नहीं पता और यह भी की श्रमजीवी कानून 1955 का गठन क्यों किया गया था किसके हित में किया गया था बावजूद इसके वह गवर्नर होते हैं इसी कानून के तहत जबकि अपनी शुरूआती दौर से ही पत्रकारिता में श्रमिकों से ज्यादा बुद्धिजीवी हुआ करते थे। मसलन साहित्यकार और बुद्धिजीवी भी अखबार निकालते रहे।

बहरहाल श्रम कानून में आमूल चूल परिवर्तन की खबरों के बीच आखिरकार चार नए श्रम कानून ने 29 पुराने कानून की जगह ली। मुख्य धारा की मीडिया प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक सहित किसी ने भी इस श्रम कानून की कमियों के विषय में अपना मुंह नहीं खोला और वह खोलें भी क्यों, क्योंकि एक तरफ सरकार ने विज्ञापनों के माध्यम से मालिकों के होंठ सी रखे हैं वहीं दूसरी तरफ धीरे-धीरे करके सरकारों ने मजदूर यूनियनों खासकर पत्रकारों के संगठनों को समाप्त किया।

शायद ही कोई ऐसा अखबार हो जिसने इन श्रम कानूनों को अपने संपादकीय में स्थान दिया हो! हां सरकार समर्थित मजदूर संगठन ने जरूर इसकी प्रशंसा में तारीफों के पुल बांधे। पुराने श्रम कानून के तहत अधिकांश लाभ मिलते ही रहे हैं। कुछ मामलों में नये श्रम कानूनों में बदलाव पत्रकारों की हालत को और भी कमजोर बनाते हैं। जैसे पहले जिन अखबारों में 300 से ज्यादा कर्मचारी हुआ करते थे उन्हीं को सरकार की अनुमति के बिना छंटनी की इजाजत नहीं लेनी होती थी, अब यह संख्या 100 कर दी गई है। पुराने श्रम कानूनों के तहत पत्रकारों को दिन की पारी में 6 घंटे और रात्रि की पारी में 8 घंटे काम करना पड़ता था अब इस तरह की कोई बाध्यता नहीं रह गई है। ओवर टाइम करवाने पर डबल वेतन देने का प्रावधान है।

श्रमजीवी पत्रकार अधिनियम नेहरू सरकार ने बाकायदा सदन में प्रस्तुत किया था और इस पर लंबी बहस भी हुई थी। यही नहीं यह कानून विचार के लिए जेपीसी को भी सौंपा गया था जबकि वर्तमान श्रम कानूनों में सुधार और उसकी संख्या सीमित करना सरकार की मनमानी शुरू से रही। इस कानून पर विपक्ष ने दोनों सदनों का बहिष्कार किया था। नाम के लिए 233 सुधारों में से 74% शामिल किए गए थे लेकिन विपक्ष ने इसे जल्दबाजी माना। यही नहीं जब पूरा देश या विश्व कॉविड-19 जैसी भी महामारी से जूझ रहा था तब केंद्र सरकार श्रम कानून में बदलाव संबंधी प्रस्ताव लाई और इसे ऐतिहासिक सुधार बताया गया था जबकि विपक्ष का कहना था कि यह एकतरफा थी।

सरकार ने तीन संहिताओं में 22 सितंबर 2020 को पेश किया। बहस की अवधि सिर्फ 5-6 घंटे ही रही। इस बहस में 20-25 सदस्यों के हस्तक्षेप के बीच तत्कालीन श्रम मंत्री संतोष गंगवार ने जवाब दिया था। जुलाई 19 में मात्र दो-तीन घंटे ही बहस हुई। राज्यसभा में तीन संहिताएं 23 सितंबर 2020 को पारित कराई गईं और इस सदन में मात्र तीन-चार घंटे ही बहस हुई और कुछ सदस्यों को ही हस्तक्षेप का मौका मिला था। विपक्ष के बहिष्कार के कारण विपक्ष की संख्या शून्य।

यहां यह भी ध्यान देने वाली बात है कि कोविड जैसी विश्वव्यापी महामारी के समय मजदूरों की कथित हितैषी सरकार ने अगस्त 2019 में इस बिल को पेश किया था और बहस एक से दो घंटे ही हुई। आखिर केंद्र सरकार भी तो यही चाहती थी। इस कानून को राष्ट्रपति की सहमति 28 सितंबर 2020 को प्राप्त हुई। यानी आनन-फानन में ही सारा काम हुआ। ऐसे में यह अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है कि मोदी सरकार मजदूरों की कितनी हितैषी थी और है.. हितैषी तो कभी भी कोई सरकार नहीं रही है। अपवाद स्वरूप जवाहरलाल नेहरू की सरकार थी तो उसका कारण नई-नई आजादी मिलना भी रहा है और आजादी के आंदोलन में पत्रकारों की भूमिका। फिर नेहरू जी भी एक तरह से पत्रकार थे।

बाकी सरकारों ने भी पत्रकारों के दमन उत्पीड़न का कोई भी मौका नहीं छोड़ा। सबसे भयानक उदाहरण तो आपातकाल के दौरान अभिव्यक्त की स्वतंत्रता पर लगाया गया अंकुश ही पर्याप्त है लेकिन इसकी आड़ में बिना आपातकाल लागू किये बगैर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गला घोटना भी कम आपराधिक नहीं रहा। बिहार की जगन्नाथ मिश्र और राजीव गांधी सरकार ने भी पत्रकारों पर अंकुश लगाने के प्रयास किए थे लेकिन मोदी सरकार बचे खुचे रीढ़ वाले पत्रकारों को मिटाने का काम कर रही है।

इसके पहले मशीनीकरण ने अन्य उद्योगों सहित पत्रकारिता की भी कमर तोड़ दी थी। मशीनीकरण ने कई विभागों को समाप्त किया जैसे पहले अधिकांश अखबारों में संपादकीय से संबंधित प्रूफ विभाग हुआ करता था। कंप्यूटराइज्ड व्यवस्था ने इसे समाप्त किया। यही नहीं धीरे-धीरे डीटीपी (कम्पोज़िंग) और पेस्टिंग व्यवस्था भी समाप्त कर दी। पहले रिपोर्टर खबर लिखता था, डेस्क पर तैनात उप संपादक उसे समाचार का रूप देता था। कंपोजिंग के बाद प्रूफ रीडिंग गलतियां सुधारता था। पेस्ट करने वाले कर्मचारी अखबार की साइज वाले पेज पर संपादकीय विभाग की निगरानी में खबरें चिपकाते थे। तब मशीन संबंधी कार्य होते थे। आज डेस्क पर तैनात उप संपादक खबरें कंपोज करता है, गलतियां भी पकड़ता है, कम्प्यूटर पर पेज (लेआउटिंग) लगाता है और पेज भी छोड़ता है। कहीं-कहीं तो अखबार छपने तक की गलतियों को भी ठीक करता है। रिपोर्टर का काम भी कम नहीं हुआ है, वह विज्ञापन लाने का काम भी करता है और अखबार छप जाने के बाद विज्ञापन का पेमेंट रुकने की स्थिति में विज्ञापन विभाग का सहयोग भी करता है। जिस रिपोर्टर की जो बीट हुआ करती है उसी को विज्ञापन की वसूली में सहयोग का जिम्मा भी दिया जाता है।

बात मुद्दे की यानी पुराने श्रम कानूनों में किए गए बदलावों की। विभागों का, इमारत का और सड़कों का नाम बदलने में महारत हासिल करने वाली मोदी सरकार ने 29 श्रम कानूनों को समेट कर चार में निपटा दिया। पहले केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों की तरह समय-समय पर पत्रकारों के लिए भी वेज बोर्ड का गठन हुआ करता था। नए श्रम सुधारों की आड़ में मोदी सरकार ने वेज बोर्ड के महत्व को ही बलाए ताक पर रख दिया। वेज बोर्ड में पत्रकारों की सेवा शर्तों सहित वेतन, अन्य भत्तों व परिलाभों में बड़े पैमानों पर सुधार हुआ करता था। अब तक पांच वेतन आयोग गठित हो चुके हैं हालांकि एक की संस्तुतियों को आज तक किसी अखबार ने लागू नहीं किया। इसलिए कि वेज बोर्ड का गठन सिर्फ प्रिंट मीडिया के कर्मचारियों के लिए ही होता रहा है। वर्तमान श्रम कानून में वेज बोर्ड के गठन जैसी बात नहीं कही गई।

– अरुण श्रीवास्तव

## सोचकर देखिए


साउंडप्रूफ स्टूडियो की नीली, क्लिनिकल रोशनी में, डॉ. मैक्सिमिलियन रेक्स ने अपने क्रोम-प्लेटेड ब्रीफकेस को कसकर पकड़ा। एटर्नल हेरिटेज इनिशिएटिव (ईएचआई) के सीईओ के रूप में, उनका काम इतिहास को बेचना था। उनके पीछे, एक विशाल, वातानुकूलित बाड़े में, बाथोलीम्यू खड़ा था– एक ऊनी मैमथ का पुनर्जीवित, क्लोन किया गया प्रतीक। और अब, डॉ. रेक्स ने दर्शकों की ओर झुकते हुए फुसफुसाया, देखिए, 20,000 साल के बर्फीले नींद के बाद पहला कदम!

मीडिया और वीआईपी मेहमानों ने सांस रोक ली। बाथोलोम्यू ने एक भव्य, ऊनी, $4 बिलियन का कदम उठाया, जिसकी ध्वनि 12 हाई-डेफि निशन माइक्रोफोन द्वारा रिकॉर्ड की गई। यह शानदार था। यह ग्लैमरस था। यह पुराना था।

स्टूडियो के एक अदृश्य कोने में, कारबस इरिलेवेंटिस नामक एक छोटे, पारदर्शी जीव का भूत दुखी होकर तैर रहा था। कारबस एक हिमालयी पोषक-चक्रण भृंग था, जो दो साल पहले चुपचाप विलुप्त हो गया था, क्योंकि उसके निवास स्थान से जाने वाली एकमात्र गंदी नाली को साफ करने के लिए सरकार ने $20,000 का फंड देने से मना कर दिया था। यह मजाक है, कारबस ने गुनगुनाया, जिसकी आवाज सिर्फ. पास से गुजर रहे एक हाल ही में विलुप्त हुए लाइकेन के भूत ने सुनी। हम गए क्योंकि किसी को घास के छोटे-से टुकड़े को संरक्षित करने में दिलचस्पी नहीं थी। और अब ये अरबों खर्च कर रहे हैं एक ऐसे जानवर को वापस लाने में जिसका काम यहाँ से दस हजार मील दूर घास चरना था।

स्क्रीन पर, एक उत्साही एंकर ने डॉ. रेक्स से पूछा, डॉक्टर, आप एक ऐसे मैमथ को वापस ला रहे हैं जिसकी धरती को अब पहचानना मुश्किल है। क्या यह पैसा वर्तमान में विलुप्त हो रही हजारों छोटी प्रजातियों को बचाने में बेहतर तरीके से नहीं लगाया जा सकता था?

डॉ. रेक्स मुस्कुराए, एक ऐसी मुस्कान जो वार्षिक शेयरधारक रिपोर्ट पर मंजूरी की मुहर जैसी थी। एक उत्कृष्ट प्रश्न, लेकिन जरा रचनात्मकता को देखें। हम यहाँ इतिहास को बदल रहे हैं! लोग टिकट खरीदते हैं मैमथ को देखने के लिए, न कि 'ई-कोलाई' या किसी अदृश्य कीड़े को। उन्होंने अपने लहजे को नाटकीय बनाया, ईएचआई भविष्य को ग्लैमरस बनाना चाहता है।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 03 दिसंबर 2025 बुधवार
सूर्योदय - 06:56 सूर्यास्त 17:38
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - त्रयोदशी 12:26 उपरांत चतुर्दशी
नक्षत्र - भरणी 18:00 उपरांत कृतिका
योग - परिघ 16:57 उपरांत शिव
करण - तैतिल
चन्द्रमा - मेष में है। 23:14 पर वृषभ में प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - जमादि उस्मानी मास 11 तारिख

**मेष-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी।

**वृषभ-** कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कुबुद्धि हावी रहेगी। ।

**मिथुन-** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। बेवजह कहासुनी हो सकती है।

**कर्क-** कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मियों का साथ मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**सिंह-** विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**कन्या-** दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी सहयोग करेंगे।

**तुला-** पराक्रम बढ़ेगा। लंब समय से रुके कार्य सहज रूप से पूर्ण होंगे। कार्य की प्रशंसा होगी।

**वृश्चिक-** शेयर मार्केट में सफलता मिलेगी। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**धनु-** घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। शुभ समय। शत्रु पस्त होंगे। सुख के साधन जुटेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मकर-** व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। आय में निश्चितता रहेगी। कोई बड़ी समस्या आ सकती है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**कुंभ-** किसी अपरिचित पर अतिविश्वास न करें। विवाद से क्लेश होगा। दूसरों के उकसाने में न आएं। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**मीन-** आराम तथा मनोरंजन के साधन उपलब्ध होंगे। यश बढ़ेगा। व्यापार वृद्धि होगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा (भरदीवाले) 9926034545

**समसामयिक**

## जब खुद के घर में आग लगती है तभी धुएं का एहसास होता है



अरविन्द रावल
(दैनिक अवन्तिका)

अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डी.सी. में राष्ट्रपति के निवास व्हाइट हाउस से कुछ ही दूरी पर राष्ट्रपति निवास की सुरक्षा में तैनात नेशनल गार्ड पर एक अफगानी नागरिक द्वारा फायरिंग किए जाने से एक गार्ड की मृत्यु हो जाती है और एक गार्ड गंभीर रूप से घायल हो जाता है। अमेरिका प्रशासन ने इस घटना को अपनी अस्मिता पर हमला मानते हुए इसे आतंकी हमला करार देते हुए समूचे अमेरिका में वैधझअवैध रूप से रह रहे लाखों अफगानियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है! बेशक अमेरिका में हुआ हमला पुलवामा या पहलगाम के आतंकी हमले की तरह न तो बहुत बड़ा था और न ही बहुत भयावह, लेकिन फिर भी अच्छी और सीखने लायक बात यह है कि अमेरिका प्रशासन की राष्ट्र फर्स्ट नीति के तहत हमला छोटा या बड़ा होना कोई मायने नहीं रखता। अमेरिका प्रशासन के लिए पूरे अमेरिका में एक भी गोली किसी गैर-अमेरिकी द्वारा चलाया जाना राष्ट्र की सुरक्षा व्यवस्था के हिसाब से बहुत बड़ा मायने रखता है, और अमेरिकी सेना, खुफिया एजेंसियां और प्रशासन गोली चलाने वाले के साथ-साथ उससे संबंधित मुल्क को भी राष्ट्र की अस्मिता पर हमला करने वाला दोषी मानते हैं और समूचे मुल्क को अमेरिका की नीतियों का कोप झेलना पड़ता है।

अमेरिका पर नेशनल गार्ड पर फायरिंग करने वाला अफगानी कोई आतंकी नहीं, बल्कि अफगानिस्तान में अमेरिकी सेना का सहयोग करने वाला अफगानी ही था। अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना के वापस अमेरिका आने के साथ करीब पचास हजार से ज्यादा अफगानी भी अपनी जान बचाकर अमेरिका आ गए थे, और अमेरिका में नागरिकता नहीं मिलने के कारण तथा ट्रम्प प्रशासन के अड़ियल रवैये के चलते सेना के साथ आए अफगानियों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। वाशिंगटन डी.सी. में हुए नेशनल गार्ड पर फायरिंग की घटना इसी बात का प्रतीक थी, लेकिन अमेरिका ने इस छोटे से हमले को भी राष्ट्र की अस्मिता पर हमला मानते हुए इसे आतंकी हमला करार देकर अब अमेरिका में रह रहे लाखों अफगानियों के सामने जीवनझमरण की स्थिति पैदा कर दी है। बकौल अमेरिका, अपने ऊपर आतंकी हमले करने वाले अल-कायदा और उनके आकाओं को खत्म कर आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों की हालत खराब कर दी हो, लेकिन फिर भी अमेरिका की आतंकवाद पर कभी एक वैश्विक नीति नहीं रही है। अमेरिका की आतंकवाद पर अपने लिए अलग और दूसरों के लिए अलग नीति है। इसी वजह से आतंकवाद फिर फन फैला रहा है। दुनिया की महाशक्ति कहलाने वाला अमेरिका अपने ऊपर हुए एक छोटे से हमले को भी बड़ा आतंकी हमला मानकर उसकी तह में जाकर खोज कर रहा है कि इसके पीछे कोई बड़ा आतंकी मकसद तो नहीं है।


यानी जब खुद के घर में आग लगती है तभी धुएं का एहसास होता है। और जब भारत जैसे देशों में आतंक की बड़ीझबड़ी घटनाएं होती हैं तो यही अमेरिका आतंकवाद का फन कुचलने की बजाय आतंक के आकाओं की अपने घर में अगवानी करके बिरयानी खिलाते नजर आता है। अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सहित समूचे अमेरिका के लिए यह छोटी-सी फायरिंग की आतंकी घटना एक बड़ा संदेश देती है कि यदि आप अपने व्यापारिक हितों के लिए विश्व के देशों को आर्थिक रूप से कमजोर करने के लिए अपने हथियारों के बल पर आतंकियों देशों के सहारे कमजोर करने की नियत रखोगे, तो यही पाले हुए आस्तीन के सांप आपको भी उतना ही डसेंगे जितना दूसरों को डसते हैं।

## सर्दियों में जोड़ों का दर्द बढ़ा, ये घरेलू और वैज्ञानिक उपाय देंगे तुरंत राहत

सर्दियों में गठिया के मरीजों को अपनी सेहत और जोड़ों की गर्माहट का विशेष ध्यान रखने की जरूरत होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गठिया के दर्द से राहत पाने के कुछ सरल और प्रभावी उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं।

नवंबर का महीना खत्म होने वाला है और धीरे-धीरे ठंड भी बढ़ना शुरू हो गई है। ठंड के मौसम में गठिया या जोड़ों के दर्द के मरीजों की मुश्किलें बढ़ने लगती हैं। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक यह कोई संयोग नहीं है, बल्कि इसके पीछे वैज्ञानिक कारण भी है। ठंडे तापमान की वजह से हमारे शरीर की रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं। जिस कारण जोड़ों तक ब्लड सकुर्लेशन कम हो जाता है। जिस वजह से जोड़ों में अकड़न और सिकुड़न बढ़ जाती है।

वहीं तापमान कम होने पर जोड़ों के आसपास का साइनोवियल फ्लूइड गाढ़ा हो जाता है। यह जोड़ों की नेचुरल चिकनाई कम करता है। इस गाढ़ेपन की वजह से जोड़ों को हिलाने-डुलाने में ज्यादा दर्द और कठिनाई महसूस होती है। वहीं सर्दियों में लोग फिजिकल एक्टिविटी भी कम कर देते हैं। जिससे जोड़ों में दर्द और अकड़न बढ़ जाती है। इन कारण सर्दियों में गठिया के मरीजों को अपनी सेहत और जोड़ों की गर्माहट का विशेष ध्यान रखने की



जरूरत होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गठिया के दर्द से राहत पाने के कुछ सरल और प्रभावी उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### गर्माहट है पहली जरूरत

गठिया के दर्द से राहत पाने के लिए सबसे जरूरी उपाय गर्माहट है। जोड़ों को गर्म रखने के लिए आप हीटिंग पैड या गर्म पानी की बोतल से 15-20 मिनट तक सिकाई करें। गर्म पानी से नहाने से ब्लड सकुर्लेशन बेहतर होता है। वहीं घर से बाहर निकलने के दौरान जोड़ों को ऊनी कपड़ों और सपोर्ट से ढककर रखें।

### व्यायाम और मूवमेंट है जरूरी

सर्दी की वजह से गतिहीनता के कारण जोड़ों की अकड़न बढ़ती है। इसलिए मरीजों को रोजाना हल्का व्यायाम जरूर करना चाहिए। आप घर पर ही योग, स्ट्रेचिंग या धीमी गति से टहल सकते हैं। इससे जोड़ों में चिकनाई और लचीलापन बना रहता है।

### हाइड्रेशन और पोषक तत्वों से भरपूर डाइट

अक्सर ठंड के मौसम में लोगों को डिहाइड्रेशन की समस्या होती है। क्योंकि सर्दियों में लोग कम पानी पीते हैं। जिससे दर्द बढ़ सकता है। इसलिए पर्याप्त मात्रा में गुनगुना पानी पीते रहें। साथ ही ओमेगा 3 फैटी एसिड से भरपूर चीजों का सेवन करें और विटामिन डी के लिए धूप में बैठें।

### घरेलू नुस्खा

दर्द से राहत पाने के लिए अदरक और हल्दी प्राकृतिक उपाय है। इनमें शक्तिशाली एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। रोजाना हल्दी वाला दूध या फिर अदरक वाली चाय का सेवन करना चाहिए। वहीं अधिक दर्द होने पर घरेलू नुस्खों की जगह रूमेटोलॉजिस्ट से संपर्क करें।

**धर्म-आस्था**

## कर्म दोष कैसे मिटता है? जानिये आध्यात्मिक रूप से कर्म शुद्धि के उपाय

कर्म दोषों का मिटना यानि आपके पुराने पापों का नष्ट होना और नए बुरे कर्मों को बनने से रोकना। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कर्म दोष को कैसे खत्म किया जाता है? तो, चलिए जानते हैं कि अध्यात्म में इसके लिए क्या मार्ग बताये गए हैं...

हिंदू धर्म में अध्यात्म मानता है कि मनुष्य अपने कर्मों से ही बंधता है और कर्मों से ही मुक्त होता है। किसी भी व्यक्ति के जीवन में सुखझदुःख, रिश्तों का संतुलन और मानसिक शांति, सब कर्मों का फल है। इसलिए, ये जरूरी है कि आपके पुराने कर्मों यानि संचित कर्मों का नाश हो और नए कर्म बनना बंद हो। इसे ही कर्म दोषों का मिटना कहा जाता है। कर्म दोष मिटाने का मार्ग केवल बाहरी अनुष्ठानों से नहीं, बल्कि आंतरिक साधना और आत्मशुद्धि से होता है। अध्यात्म में इसके लिए संवर (नए कर्मों का रोकना)और निरजार (पुराने कर्मों का क्षय) के तरीके बताये गए हैं, जिनके माध्यम से नए कर्मों का प्रवेश रोका जाता है और पुराने कर्मों का क्षय किया जाता है। लेकिन यह कैसे होता है, चलिए जानते हैं...कर्म दोष मिटाने के आध्यात्मिक उपाय



अध्यात्म में माना जाता है कि कर्म पूरी तरह खत्म नहीं होता, पर उसकी ऊर्जा रूपांतरित हो सकती है, जिसके उसका प्रभाव निष्क्रिय हो सकता है। इसके लिए कोई एक मार्ग नहीं है, बल्कि कई अलग-अलग मार्ग बताये हैं । जैसे क भगवद्गीता अध्याय 18 कहती है कि जो भक्त पूर्ण भाव से मुझमें समर्पित होता है, मैं उसके सभी पापों का नाश करता हूँ। इसका अर्थ है कि भक्ति से मन में शुद्धता, विनम्रता और करुणा आती है और यह गुण नकारात्मक कर्मों की शक्ति को समाप्त कर देते हैं। जैन दर्शन में संवर का मार्ग बताया गया है, जिसका अर्थ है नए कर्मों का प्रवेश रोकना। यह आत्मा को नकारात्मक कर्मों से बचाता है और शुद्धि की दिशा में ले जाता है। एक तरीका निरजार का भी बताया गया है, जो पुराने संचित कर्मों का क्षय करता है। तप, साधना, उपवास और ध्यान से यह संभव होता है। निरंतर साधना से कर्मों का बोझ कम होता है और सत्य, संयम और सदाचार भविष्य के पाप कर्म बनने से रोकते हैं।

इन सबके अलावा ध्यान मन को शुद्ध करता है और प्रार्थना आत्मा को ईश्वर से जोड़ती है। इससे नकारात्मक कर्मों का प्रभाव घटता है। दूसरों की सहायता करना, दान देना और समाज की सेवा करना कर्म दोष को कम करता है। अगर आपने गलतियां की हैं और उसके प्रति सचेत हैं, तो अपनी गलतियों को स्वीकार कर उनसे सीखना कर्म शुद्धि का मार्ग है। प्रायश्चित को सभी शास्त्र ह्नपाप-क्षालन का अग्निह्न कहते हैं। यह अहंकार को कम करता है और आत्मा को हल्का बनाता है। जानकारों के अनुसार, उपवास, ब्रह्मचर्य, संयमित जीवन और इंद्रिय-निग्रह से कर्मों का क्षय होता है। शास्त्रों के अनुसार, सत्संग से सकारात्मक कर्म बढ़ते हैं और नकारात्मक कर्म गल जाते हैं। रामचरितमानस में कहा गया है कि ह्नसत्संगति पाप दमनु दहाईह्न जिसका अर्थ है कि सत्संग पाप को जला देता है।

## इन्दौर मंडी भाव

### अनाज भाव

सोयाबीन- 4066 (औसत), गेहूं- 2420, गेहूं सुजाता- 1100, मक्का- 1,350 (औसत), डॉलर चना- 6,055 (औसत), देसी चना- 4,510 (औसत), चना कांटा- 4470 (औसत), आमचूर- 7,155 प्रति क्विंटल, मसूर- 5,500 (औसत), मूंग- 6,105 (औसत), मूंग एवरेज- 4043 से 6200, तुअर- 1470 से 6100, तुअर सफेद महाराष्ट्र- 1100 से 6600

### सब्जी भाव

सेब- 410-500, केला- 110-320, टमाटर- 210 से 400, कद्दू- 100 से 500, खीरा- 374 से 810, करेला- 220 से 710, लौकी- 100 से 500, बेंगन- 200 से 340, , फुल गोभी- 270 से 1000, अदरक- 532 से 700, हरी मिर्च-1280 से 3100

### आलू भाव (औसत मूल्य)

एक्स्ट्रा सुपर आलू- 2350, गुल्ला आलू- 2550, ज्योति आलू- 1450, चिप्सोना आलू- 860, छांटन आलू- 1075,

### प्याज भाव (औसत मूल्य)

एक्स्ट्रा सुपर प्याज- 2,350, सुपर प्याज- 3,100, एवरेज प्याज- 3,000

### लहसुन भाव (औसत मूल्य)

एक्स्ट्रा सुपर लहसुन- 16,025, सुपर लहसुन- 10,600, एवरेज लहसुन- 11,000

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1941-2185, चना काबली- 3730-9212, चना देशी- 3501-5512, बटला- 3501-800, धनियाा- 6600-8000, मसूर- 6061-6121, सोयाबीन- 1900-5450, मौथीदाना- 4140, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना- स्टेण्र्ड- 1,28,700, रवा- 1,28,600 चांदी- टंच- 1,73,000 पाट- 1,73,100।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## मोक्षदा एकादशी के पावन पर्व पर निकाली भव्य स्वर्णगिरी परिक्रमा

**महिदपुर।** प्रतिमाह अनुसार इस माह भी मोक्षदा एकादशी गीता जयंती के पावन पर्व पर श्री स्वर्णगिरिराज जी परिक्रमा स्वर्णगिरी पर्वत मुखारविंद ग्राम चरणमया चिरमिया से प्रातः 10:00 बजे प्रारंभ होकर पूर्वमुखी वीर हनुमान मंदिर आक्याधांगा, श्री राम बालाजी धाम महू, श्री कृष्ण सुदामा धाम नारायणा होते हुए पुनः स्वर्णगिरी धाम चरणमया पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं और संतों के लिए जलपान और अल्पाहार की व्यवस्था ग्रामीण जनों द्वारा की गई। इस बार परिक्रमा में पंचदशनाम नाम जूना अखाड़ा महामंडलेश्वर संत श्री श्री 1008 श्री शैलेशानंदगिरि जी महाराज का सानिध्य भक्तों को प्राप्त हुआ। परिक्रमा के नारायणा धाम पहुंचने पर मध्य प्रदेश शासन द्वारा गीता महोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत संत श्री के द्वारा श्रीमद् भागवत गीता के पुरुषोत्तम योग नाम 15 वें अध्याय का पाठ किया गया प्रातः 9 बजे स्वर्णगिरी महाराज का अभिषेक एवं विशेष पूजन एवं आकर्षक श्रंगार किया गया तत्पश्चात ध्वजारोहण और महा आरती हुई। जिसके लाभार्थी श्री प्रेम सिंह जी आंजना मोतीपुरा रहे। आयोजन में क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र मंडोरा, विधायक प्रतिनिधि एवं पार्षद कैलाश बगाना, विश्व गीता प्रतिष्ठानम के ज्योतिषाचार्य श्री संजीव पांचाल सहित कई अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए। आभार जन अभियान नवांकुर संस्था श्री स्वर्णगिरी पर्वत तीर्थ क्षेत्र समिति ने माना।

## शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में विकासखंड स्तरीय गीता महोत्सव का आयोजन हुआ



**खिलचीपुर।** गीता जयंती के उपलक्ष्य में शासकीय उत्कृष्ट उ मा वि खिलचीपुर में शासन के निर्देशानुसार विकासखंड स्तरीय गीता महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों से 500 से अधिक छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर ईश वंदना से एवं अतिथि के स्वागत से की गई तथा गीता के 15 वें अध्याय का वाचन किया गया। जिसमें विद्यालय प्राचार्य बालकृष्ण दांगी ने कहा कि गीता के विभिन्न श्लोकों का वाचन कर बताया कि श्रीमद्भागवत गीता मात्र धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन प्रबंधन का सर्वोत्तम मार्गदर्शन है। आज के प्रतिस्पर्धात्मक और तनावपूर्ण समय में गीता का कर्मण्येवाधिकारस्ते का सिद्धांत विद्यार्थियों को कर्तव्य पर ध्यान केंद्रित करने परिणाम की चिंता छोड़कर निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा देता है, जो आधुनिक शिक्षा और व्यक्तित्व विकास की नींव है। गीता जयंती जैसे आयोजन बच्चों में सांस्कृतिक चेतना नैतिक मूल्यों तथा आत्मविश्वास का विकास करते हैं। इसी प्रकार अतिथियों ने अलग-अलग गीता जयंती पर अपने-अपने विचार उद्बोधन में रखें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रामजानकी मालाकार, तहसीलदार विनीत गोयल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी चुन्नीलाल दांगी, संस्था प्रभारी बालकिशन दांगी तथा विभिन्न विद्यालयों के संस्था प्रमुख व समस्त स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे।

## विधायक डॉ. चौहान ने लसूड़िया खेमा में पंचायत भवन निर्माण का भूमिपूजन किया

**नागदा।** खाचरोद विधायक डॉ तेजबहादुर सिंह चौहान ग्राम लसुड़िया खेमा में 37 लाख 50 हजार रु की लागत राशि से बनने वाले नवीन पंचायत भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन मण्डल अध्यक्ष जयदीप सिंह सोनगरा, महामंत्री ईश्वर पाटीदार, सरपंच कमलेश पाटीदार, उपसरपंच शांतिलाल चंद्रवंशी, एवं ग्राम वासियों के साथ किया गया।

## विधायक निधि से शव वाहन दिया, लोगों को मिलेगी सुविधा

**नागदा।** खाचरोद विधानसभा के विधायक डॉ तेजबहादुर सिंह चोहान ने अपनी विधायक निधि से नागदा नगर को शव वाहन समर्पित किया गया। विधि विधान से पूजा करके शव वाहन नगर पालिका को सौपी । जिससे अब नगर के लोगो को सुविधा मिलेगी । इस मौके पर बड़ी में नगरवासी मौजूद रहें ।

### देवास एमजी रोड चौड़ीकरण की फिर से मार्किंग के निर्देश

# व्यापारियों की शिकायत निगम सभापति ने सुनी, बोले- स्वैच्छा से अतिक्रमण हटाएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



महात्मा गांधी (एमजी) रोड चौड़ीकरण का कार्य तेजी से जारी है। नगर निगम के सड़क निर्माण में बाधक अतिक्रमण हटाए जाने के बाद सोमवार को सभापति रवि जैन ने मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य का जायजा लिया और व्यापारियों समेत रहवासियों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के निर्देश दिए।

सभापति जैन ने जनता बैंक चौराहा-सुभाष चौक से लेकर महेश टॉकीज-नावेल्टी चौराहा, नावेल्टी-तहसील चौराहा और सयाजी द्वार तक के मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क के दोनों ओर के व्यापारियों और निवासियों से चौड़ीकरण परियोजना से संबंधित सवालों पर चर्चा की।

**सभापति बोले- मलबा जल्द हटाएं**

सभापति ने उन लोगों से भी अपील की है जिन्होंने बाद में अपने बाधक निर्माण हटाए हैं, वे शेष मलबा जल्द हटाएं। इससे सड़क निर्माण का कार्य बिना किसी देरी के आगे बढ़ सकेगा।

**अधिकारियों को फिर से मार्किंग के निर्देश**

कुछ व्यापारियों ने सड़क निर्माण की मार्किंग को लेकर सवाल किए। इस पर सभापति ने अधिकारियों को फिर से मार्किंग करने के निर्देश दिए। व्यापारियों ने जल्द कार्य शुरू कर मार्ग को सुचारू करने की बात कही, ताकि आवागमन में कोई परेशानी न हो। सभापति ने मौके पर ही निगम इंजीनियरों से चर्चा कर उन्हें स्पष्ट जानकारी प्रदान की, जिससे व्यापारियों की दुविधा दूर हुई।

सभापति ने शामलात रोड, तीन बत्ती चौराहा, पीठा रोड और आसपास की गलियों के व्यापारियों और रहवासियों से भी अपील की। उन्होंने कहा कि सभी स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाएं, ताकि क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। इस निरीक्षण के दौरान निगम के प्रभारी कार्यपालन यंत्री सौरभ त्रिपाठी, सहायक यंत्री मुशाहीद हन्फी सहित लोक निर्माण विभाग की टीम उपस्थित रही।

## सांदीपनि स्कूल में गीता पाठ का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



गीता जयंती पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर राज्य में हो रहे कार्यक्रमों के अंतर्गत सोमवार को सुसनेर के शासकीय सांदीपनि स्कूल स्कूल सुसनेर में भी उक्त कार्यक्रम भव्य आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समीपस्थ शिव टेकरी आश्रम के संत हरीहरानंदजी महाराज ने बड़ी संख्या में उपस्थित स्कूली छात्र छात्राओं एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए गीता का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि गीता का एक एक श्लोक हमें जीवन कैसे जीना, हम क्या हे, हमारा जन्म क्यों हुआ ओर हमें मोक्ष कैसे प्राप्त हो बताता है।

कार्यक्रम अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के नेतृत्व में देश ओर प्रदेश अपनी संस्कृति से इन आयोजनों के माध्यम से जुड़ रहा है। कार्यक्रम को विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी, एसडीओपी देवनारायण यादव एवं सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया ने भी संबोधित कर मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित उक्त कार्यक्रम की सराहना की एवं गीता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में अन्य अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राहुल सिसोदिया, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष दिलीप जैन सारंग्याखेडी, सामाजिक कार्यकर्ता विष्णु भावसार, पार्षद प्रदीप सोनी, पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र सांवला, जनपद उपाध्यक्ष बाबूलाल यादव, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी, सीएमओ ओपी नागर, वरिष्ठ अभिभाषक श्याम मुराली बांगड़, राजेंद्र बजाज, अशोक कुमार श्रीवास्तव, सर्वेश कंठाली, चांदमल जैन थे।

संचालन विश्व गीता प्रतिष्ठानम के जिला संयोजक द्वारकादास लड्डा ने किया एवं आभार तहसीलदार रामेश्वर दांगी ने माना। संत हरीहरानंदजी महाराज का स्वागत सह संयोजक रूपनारायण श्रीवास्तव एवं समस्त अतिथियों ने किया। गीता के पंद्रहवें अध्याय के श्लोकों का मधुर लय में पाठ दिव्यांशु गौतम ने कराया। कार्यक्रम में राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम लिखित ज्ञापन सौंपकर गीता को राष्ट्रीय ग्रन्थ धोषित करने की मांग भी की गई।

इस अवसर पर सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य नरेंद्र लोहार, शिक्षक पुनीत शुक्ला, संतोष जादमे, श्यामलता शुक्ला, नरेंद्र जोशी सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे ओर नागरिक उपस्थित थे जिन्होंने कार्यक्रम में सामूहिक गीता पाठ किया।

## घुरेल पहाड़ी पर महादेव के मंदिर निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**ब्यावरा।** ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र की पावन घुरेल पहाड़ी पर स्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव के नवीन मंदिर निर्माण कार्य का भूमि पूजन श्रद्धा और भक्ति के पवित्र वातावरण में सम्पन्न हुआ। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार ने भूमि पूजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ विधि-विधान से पूजन कर मंदिर निर्माण की शुरूआत की। राज्यमंत्री श्री पंवार ने निर्माणकताओं से कहा कि घुरेल पहाड़ी केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है। ब्यावरा विधानसभा ही नहीं, आसपास के जिलों के नागरिक भी यहां गहरी श्रद्धा से भगवान पशुपतिनाथ का दर्शन करने आते हैं। इसलिए यह मंदिर ऐसा बने जो सबकी श्रद्धा को पूर्णता दे और क्षेत्र की पहचान बने। उन्होंने कहा कि ह्लभगवान का मंदिर बनाने का सौभाग्य उनकी प्रेरणा से ही मिलता है। हम सभी सिर्फ एक निमित्त हैं; वास्तविक कार्य तो उनकी इच्छा से ही पूर्ण होता है। मंदिर निर्माण किसी सामान्य कार्य की तरह नहीं, बल्कि अत्यंत पुण्य और दिव्य कार्य है। उन्होंने स्थानीय समिति, सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से घुरेल पहाड़ी पर बनने वाला यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा।



## टोंककला में चोरी, ग्रामीण एसपी कार्यालय पहुंचे: सोने के आभूषण जब्त न होने पर जताया विरोध

**देवास।** ग्राम टोंककला में हुई चोरी के मामले में मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) जयवीर सिंह भदौरिया को एक आवेदन सौंपा, जिसमें चोरी हुए सोने के आभूषणों की बरामदगी न होने का जिक्र किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि मनोहर पिता जय सिंह के घर 28 नवंबर को चोरी हुई थी। इस वारदात में सोने और चांदी के आभूषण चोरी हुए थे। पुलिस ने मामले में चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने केवल चांदी के आभूषण और सोने के एक या दो आभूषण ही जब्त किए हैं, जबकि कई सोने के आभूषण चोरी हुए थे। चोरी हुए आभूषणों की कीमत लगभग 13 से 14 लाख रुपए बताई गई है। ग्रामीणों ने मांग की कि सभी चोरी हुए आभूषण जब्त कर उन्हें वापस लौटाए जाएं। उन्होंने इस मामले में पुलिस पर भी आरोप लगाए और आंदोलन की चेतावनी दी है। इस संबंध में एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया ने बताया कि 28 नवंबर को टोंक क्षेत्र में चोरी की वारदात हुई थी। आरोपियों को पहचान लिया गया है और उनसे चोरी का माल जब्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

## गीता जयंती पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव अंतर्गत गीता पाठ

**महिदपुर।** शासन द्वारा दिये गये निर्देश पालन में गीता जयंती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन 1 से 3 दिसंबर तक किया जाना है। उक्त अनुक्रम में आज दिनांक 01.12.2025 को स्थानीय गोपाल मंदिर, गांधी मार्ग पर श्रीमद्भागवदगीता के 15वें अध्याय पुरूषोत्तम योग का आचार्यों की सन्निधि में सामूहिक सस्वर पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका द्वारा गीता पुस्तक का वितरण



## संतोष वर्मा के समर्थन में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना

मध्य प्रदेश अजाक्स के आह्वान पर गत दिवस समूचे मध्य प्रदेश में प्रांतीय अध्यक्ष संतोष वर्मा के समर्थन में ज्ञापन दिया गया। जिसमें गुना जिले द्वारा भी ज्ञापन के माध्यम से शासन से मांग की गई है कि प्रांतीय अध्यक्ष के संबोधन का अर्थ का अनर्थ करते हुए जो सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार किया जा रहा है जिससे हमारे भारतीय सनातन संस्कृति और सामाजिक सद्भाव पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है जिसे तत्काल रूप से रोका जाए। प्रांतीय अध्यक्ष के वक्तव्य का भावार्थ सामाजिक समरसता को लेकर दिया गया है जिसमें सभी सामाजिक बंधुओ से आग्रह किया गया है की हम सब एक हैं और कहीं ना कहीं हम समाज में समानता समरसता और सद्भाव बनाकर रखना चाहते हैं यह हमारी मूल भावना है। इसी को लेकर गुना में एक सामाजिक समरसता सद्भाव को लेकर और प्रांतीय अध्यक्ष अजाक्स संतोष वर्मा आईएएस पर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार की कार्रवाई न की जाए इसकी मांग करते हुए ज्ञापन दिया गया है।

### नागझिरी में नाली बनाने को लेकर विवाद

**नागदा।** गांव नागझिरी में नाली बनाने की बात को लेकर हुआ विवाद उन्हेल पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव नागझिरी में नाली बनाने की बात को लेकर फरियादी के साथ आरोपीयों ने मां बहन की गालियां दी गालियां देने से मना किया तो मारपीट कर जान से मारने की दी धमकी उसके पश्चात फरियादी ने उन्हेल थाना पहुंच कर रिपोर्ट करवाई गई है।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री दिनेशसिंह चौहान पिता धनसिंह चौहान एवं श्रीमती अर्चना चौहान पति दिनेशसिंह चौहान निवासी 35 आर्य समाज मार्ग गली नं. 01 भाट गली उज्जैन द्वारा उनके स्वामित्व के गृह कमांक 35 तथा गृह कमांक 35/1 स्थित आर्य समाज मार्ग गली नंबर 01 उज्जैन को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा उज्जैन में बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने के लिये आवेदन किया है।

उक्त संपत्ति श्री दिनेशसिंह पिता धनसिंह चौहान निवासी उज्जैन को अपनी माता श्रीमती राजुबाई उर्फ राजकुमारी पति धनसिंह चौहान निवासी उज्जैन द्वारा निष्पादित वसीयत नामा पंजीयन कमांक MP432022017A3460399 दिनांक 08.08.2017 द्वारा श्रीमती राजुबाई की मृत्यू दिनांक 20.04.2020 के पश्चात प्राप्त हुआ इसी प्रकार श्रीमती राजुबाई को उक्त संपत्ति अपने पति श्री धनसिंह पिता पर्वतसिंह चौहान से प्राप्त हुई थी तथा श्री धनसिंह चौहान को उक्त संपत्ति अपने पिता पर्वतसिंह चौहान पिता दर्यावसिंह चौहान निवासी उज्जैन से प्राप्त हुई थी। श्री पर्वतसिंह चौहान पिता दर्यावसिंह चौहान को उक्त संपत्ति अपनी नानीमों श्रीमती सारबाई पति स्व. देवीसिंह राजपूत निवासी उज्जैन द्वारा निष्पादित पंजीयन वसीयत पंजीयन क्रमांक 12 दिनांक 22.10.1940 द्वारा श्रीमती सारबाई की मृत्यू उपरांत प्राप्त हुई थी।

अतः यदि उक्त संपत्ति के स्वत्व संबंधी दस्तावेज वसीयतनामा दिनांक 08.08.2017 तथा दिनांक 22.10.1940 के संबध में यदि किसी प्रकार का न्यायीक या पारिवारिक विवाद हो या उक्त संपत्ति में किसी व्यक्ति, संस्था का किसी प्रकार से हित, स्वत्व हो तो वह जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मेरे कार्यालय में या सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा उज्जैन में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बैंक उक्त ऋण को स्वीकृत करने हेतु अग्रसर होगा जिसके पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही होगी।

दिनांक 01/12/2025

**अनिलकुमार शर्मा एडवोकेट**
**बड़नगर, जिला उज्जैन, मो.न. 9424870281**

In The Court Of VI Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain Presiding Officer:
**श्री सीताराम दास**
**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक** (MJC SUC/0000011/2025)

**उमा रायकवार---- आवेदक**
Vs
**भारतीय स्टेट बैंक द्वारा शाखा प्रबंधक...... अनावेदक**

**Process Id-/2025**
**पेशी दिनांकः 07/01/2026**

**प्रेषिती–**
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक उमा रायकवार पति दिनेश रायकवार, उम्र-47 वर्ष, जाति-भोई, निवासी-हरदोनिया काम्पलेक्स गणेशपुरा, उज्ञन व हाल मुकाम 65 बी गायत्री नगर सेंटपाल स्कूल के पीछे उज्जैन म प्र की ओर से एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन उसकी मां इंदिरा बाई पति स्व. मुकुन्दीलाल ने अनावेदक क्रं.1 प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक शाखा बुधवारिया उज्जैन म प्र की बैंक में एक लॉकर क्रं.401 खुलवाया था जिसमें उसकी मां की रकमे, जेवर, एफ डी आर अकाउंट नंबर 30993912399 तथा अन्य कीमती सामान था तथा बैंक में एक सेविंग अकाउंट नंबर 10574454707 भी खुलवाया था तथा बैंक ने उसकी मां को उक्त लाकर की चाबी भी दी थी जो गुम हो गई है जिसको काफी तलाश किया किन्तु नहीं मिली, जिसके संबंध में थाना चिमनगंज मण्डी उज्जैन म प्र में लिखित आवेदन रजिस्टर्ड आई डी द्वारा दिनांक 04/02/25 को दिया था। आवेदिका की मां इंद्राबाई ने पुत्र धर्मेन्द्र पिता स्व. मुकुन्दीलाल रायकवार को अपना नामिनी बनाया था जिसकी मृत्यु दिनांक 30/11/2018 को हो चुकी है। आवेदिका की मां ने अपनी मृत्यु के पूर्व दिनांक 28/04/2023 को आवेदिका के हक में एक वर्सीयत नामा किया था। दिनांक 13/07/2023 को उसकी मां इंदिराबाई पति स्व. मुकुन्दीलाल रायकवार की मृत्यु एवं दिनांक 27/07/2011 को आवेदिका के पिता की भी मृत्यु हो चुकी है। आवेदिका के हित में लिखी गई वसीयत वसीयतकर्ता की मृत्यु होने से प्रभावशील हो गई है। आवेदिका अपनी मां की अकेली उत्तराधिकारी है एवं उसके नामिनी सुभाष पिता स्व. मुकुन्दीलाल सहित तीन भाई नाम क्रमशः घनश्याम, धर्मेन्द्र की मृत्यु हो चुकी है व माता एवं पिता की भी मृत्यु हो चुकी है। आवेदिका पता ने मृतक इंदिरा बाई पति स्व. मुकुन्दीलाल निवासी हरदोनिया काम्पलेक्स गणेशपुरा, उज्जैन की अनावेदक क्र.1 की बैंक में मृतक का उक्त लॉकर क्रं.401 व. उक्त खाते नंबर की एफ डी राशि व सेविंग अकाउण्ट में जमा राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 07 जनवरी 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 07 जनवरी 2026को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण, किया जावेगा।

यह आज तारीख 26 नवम्बर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(सीताराम दास)**
**सप्तम व्यवहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ खण्ड उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दें–** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

# वरिष्ठ शिक्षाविद सुमतीलाल छजलानी के निधन पर गहरा शोक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

पूर्व विधायक एवं स्वतंत्रता आंदोलनकारी स्व. आनंदीलाल छजलानी के सुपुत्र, समाज और शिक्षा जगत में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करने वाले वरिष्ठ शिक्षाविद सुमतीलाल छजलानी (माड़ साब) के निधन से समूचे नगर में शोक की गहरी छाया व्याप्त हो गई। स्वर्गवास के समाचार ने न केवल छजलानी परिवार को बल्कि समग्र समाज को मर्माहत कर दिया।

डॉ. राजेंद्र छजलानी, वरिष्ठ पत्रकार शांतीलाल छजलानी, डॉ. विजय छजलानी एवं सुरेश छजलानी के भ्राता एवं आशुतोष छजलानी (आशु भैया टढर) के ताऊ सुमतीलाल छजलानी ने अपने सम्पूर्ण जीवन को शिक्षा, समाजसेवा और नैतिक आदर्शों के संवर्धन हेतु समर्पित कर दिया था। एक ही गांव में दीर्घकाल तक सेवाएँ प्रदान करने के पश्चात उन्होंने समाज एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई। उनकी स्पष्टवादिता, सौम्यता एवं सहज व्यवहार ने उन्हें समाज में अत्यंत सम्मान दिलाया।

स्वनिवास गांधी मार्ग से निकली उनकी अंतिम यात्रा में नगर के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, साहित्यकार, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता तथा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। सत्या मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार उनके पुत्र अभिषेक



(अप्पू) छजलानी एवं परिवारजनों द्वारा किया गया।

अंतिम संस्कार के पश्चात श्रद्धांजलि सभा में सूत्रधार जैनेन्द्र खेमसरा ने दिवंगत शिक्षाविद के व्यक्तित्व, कृतित्व और समाज के प्रति उनके योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस, पारस लुणावत, सरदारमल चौपड़ा, ललित गाड़ी, पत्रकार अरुण बुरड़, राजेश रूनवाल, धीरेन्द्र चौहान, ऋषभ जैन, जितेंद्र मंडोरा, पत्रकार जवाहर डोसी, पियूष, डॉ. विपुल धाड़ीवाल, डॉ. आर. सी. ठाकुर, सुधीर मूणत, कैलाश सूर्यवंशी, प्रो. पद्मसिंह पटेल, आर. सी. मिश्रा, सतपालसिंह गांधी, नरेश शर्मा एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे और सभी ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

पूर्व मंत्री पारस जैन, पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान सहित क्षेत्र के विभिन्न संगठनों एवं राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने भी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। सेवानिवृत्त संघ की ओर से आर. सी. मिश्रा एवं अन्य पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि व्यक्त की। अभिभाषक संघ महिदपुर ने भी गहन शोक व्यक्त करते हुए संवेदना पत्र अध्यक्ष संजय निवार्णी के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल त्रिवेदी सहित पदाधिकारियों द्वारा स्वजन को सौंपा।

शासकीय माध्यमिक विद्यालय खेड़ाखजूरिया में ग्रामीणजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की, जहाँ सरपंच शिवनारायण परिहार, पूर्व सरपंच रमेश बमनावत, कन्हैयालाल सूर्यवंशी, विक्रम परिहार, गणेश माली, बाबूलाल पूरालाल सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने गोवर्धनलाल पिता श्री चंपालाल जाति कुल्मी एवं भरतलाल पिता श्री ईश्वरलाल जाति कुल्मी निवासीगण ग्राम सुवासा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 254/2/1/1 रकबा 0.130 हेक्टर, सर्वे नंबर 254/4/2 रकबा 1.140 हेक्टर, सर्वे नंबर 254/4/1 रकबा 1.140 हेक्टर तथा 0. 100 हेक्टर इनके द्वारा क्रय अनुबंधित इस प्रकार कुल रकबा 2.510 हेक्टर स्थित ग्राम मकड़ावन तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) में है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया है तथा आंशिक बयाना राशि अदा कर सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा अनुबंध पत्र का निष्पादन करवाया जाना है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदा कर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमियों पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय-पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक :- 02/12/2025 उज्जैन

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**
**कार्यालयीन समय- सुबह 11 से 6 बजे तक**

न्यूज-कॉलम

## खाद्य विभाग टीम ने तीन दुकानों से घरेलू गैस सिलेण्डर जप्त किये

**नीमच ।** जिला कलेक्टर हिमांशु चंद्रा एवं जिला आपूर्ति अधिकारी आर.एन. दिवाकर के निर्देशन में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की टीम ने गत दिवस मेसर्स सांवलिया नाश्ता कॉर्नर जमुनियां कला से एक नग, मेसर्स न्यू भारद्वाज नमकीन एवं मिष्ठान भण्डार जमुनिया कला में एक नग घरेलू गैस सिलेण्डर एवं पेंटर का ढाबा महू नीमच रोड से एक - एक नग घरेलू गैस सिलेण्डर अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग पाये जाने पर जप्त किए गए हैं। टीम द्वारा संबंधितों के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। जिले में होटलों, संस्थानों, रेस्टोरेंटों में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेण्डर के उपयोग तथा वाहनों में अवैध रूप से गैस रिफलिंग करने वालों के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर घायल, बाईक चालक पर प्रकरण दर्ज

**मंदसौर।** गरोठ थाना क्षेत्र के नईआबादी श्मशान घाट के पास दसोरिया पर 1 नवम्बर की शाम करीब 7.30 बजे मोटरसाइकिल के अज्ञात चालक ने दसोरिया निवासी ईश्वर को पीछे से टक्कर मार दी जिससे ईश्वर के सिर में चोंटे लगी व कान से खून निकलने लगा जिसे गंभीर अवस्था में अस्पताल ले जाया गया। घटना की रिपोर्ट रामलाल पिता प्रभुलाल निवासी दसोरिया ने की जिस पर आरोपी नितेश पिता दिनेश निवासी बरर्डिया अमरा थाना गरोठ के विरूद्ध बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

## दम्पत्ति को टक्कर मारने वाले कार चालक पर प्रकरण दर्ज

**मन्दसौर।** जिले के गरोठ थाना क्षेत्र के चंबल स्कूल के सामने खड़ावदा बाराहमासी मेन रोड़ गरोठ पर टहलने के दौरान दम्पत्ति को टक्कर मारने वाले कार के अज्ञात चालक पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। इस दुर्घटना में घायल पत्नी की कोटा में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई जबकि पति का उपचार चल रहा है। प्राप्त जानकरी अनुसार 28 नवम्बर की रात करीब 9.30 से 10 बजे के बीच हुई इस घटना की रिपोर्ट दीपक धनोतिया निवासी साठखेड़ा ने की है कि इको कार के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर पीछे से उसके पिता राधेश्याम धनोतिया व माता रेखाबाई धनोतिया को टक्कर मार दी जिससें दोनों को गंभीर अवस्था में कोटा ले जाया गया जिसमें रेखा की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग की जांच पर आरोपी इको कार नं. एमपी 14 सीडी 1135 के अज्ञात चालक के विरूद्ध धारा 281, 125(ए), 106 (1) बीएनएस में प्रकरण दर्ज किया।

## मंदसौर में आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस प्रोग्राम कल से

**मन्दसौर।** श्री श्री रविशंकर जी द्वारा स्थापित संस्था आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा मंदसौर में हैप्पीनेस प्रोग्राम 4 से 7 दिसम्बर तक आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर, नंदा नगर में आयोजित किया जा रहा है। यह सायं कालीन शिविर है। जिसमें जीवन जीने की कला सिखाई जाएगी। विश्व के 186 देशों में यह कोर्स आयोजित किया जाता है, और लगातार इसकी लोकप्रियता बढ़ रही है। अन्य प्रक्रियाओं के अतिरिक्त श्वास की शक्तिशाली सुदर्शन क्रिया सिखाई जाती है, जो जीवन में शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से अदभूत परिवर्तन लाती है ।

## कलेक्टर ने की जनसुनवाई 55 आवेदको की सुनी समस्याएं

**नीमच।** जिला कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जनसुनवाई की। उन्होने जावद निवासी दोनो पैरो से चलने में असमर्थ बी.सी.ए.उत्तीर्ण दिव्यांग पंकज बोहरा को कम्पूयटर से संबंधित स्वरोजगार के लिए रेडक्रास नीमच से लेपटाप क्रय करने हेतु सहायता राशि स्वीकृत की है। साथ ही पंकज बोहरा को एम.पी. ऑनलाईन का कार्य करने के लिए एम.पी. ऑनलाईन का पंजीयन करवाकर, पंजीयन पत्र तत्काल जारी करने के निर्देश भी कलेक्टर ने ई-गवेर्नेंस जिला प्रबंधक को दिए है। कम्यूटर संचालन में दक्ष दिव्यांग पंकज बोहरा कलेक्टर से जनसुनवाई में मिली इस मदद से अपना स्वयं का एम.पी.ऑनलाईन का कार्य कर, आत्मनिर्भर बन सकेगा और अपना व अपने परिवार का अच्छे से गुजर बसर कर सकेगा। कलेक्टर ने जनसुनवाई में कनावटी के हरिओम पाटीदार के आवेदन पर जेल के पास कनावटी की गाडोलिया बस्ती में मुख्य सड़क के दोनो ओर किए गये अवैध अतिक्रमण तत्काल हटाने के निर्देश भी तहसीलदार नीमच शहर को दिए है।

# रतलाम शिक्षा विभाग के त्रिभुवनेश भारद्वाज की सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई





### सम्मान समारोह के आयोजन में अनेक गणमान्य जन हुए शामिल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

जिला शिक्षा अधिकारी रतलाम के वरिष्ठ, कर्मनिष्ट, कर्मचारी नेता, सहायक ग्रेड 1 त्रिभुवनेश भारद्वाज 36 वर्ष की सफल शासकीय सेवा पश्चात गत दिवस सेवानिवृत हुए ।इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं अन्य हुए सम्मान समारोह आयोजन में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में उनके प्रशंसकों ,मित्रों एवं स्टाफ कर्मचारियों ने साफा बांधकर पुष्पहारों, श्रीफल एवं शाल ओढ़ाकर सम्मान कर विदाई दी। इन अवसरों पर वक्ताओं ने श्री भारद्वाज के शिक्षा जगत में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की प्रशंसा कर उन्हें शिक्षा जगत का विशेषज्ञ निरूपित किया।

श्री त्रिभुवनेश भारद्वाज के सम्मान समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी अनीता सागर, सहायक संचालक राहुल मंडलोई ,प्राचार्य सुभाष कुमावत, क्रीड़ा अधिकारी दीपेंद्र सिंह ठाकुर, ज्योति नारायण त्रिवेदी, सुदीप कुलकर्णी, रितेश पवार ,महेंद्र सिंह सोलंकी, लोकेश कटारिया ,प्रमोद बरा निया ,अमित चाहर , बी एल हरोड , ओ पी राठौर , सी एल सालित्रा,कीर्ति शर्मा ,रणजीत सिंह राठौड़ ,पत्रकारगण ,परिवार जन सहित अनेक शुभचिंतक उपस्थित थे ।कार्यक्रम का संचालन आर सी तिवारी ने किया तथा आभार लोकेश कटारिया ने माना।

# त्रिवेणी मेले में आयोजित होगी कुश्ती व विभिन्न खेल प्रतियोगिता

### महापौर ने ली खेल प्रशिक्षकों की बैठक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



नगर निगम द्वारा 11 से 21 दिसम्बर तक आयोजित ग्यारह दिवसीय त्रिवेणी मेले में आयोजित की जाने वाली कुश्ती व अन्य खेल प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन हेतु महापौर प्रहलाद पटेल ने खेल प्रशिक्षकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

महापौर प्रहलाद पटेल ने आयोजित बैठक में कहा कि खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से त्रिवेणी मेले में कुष्ती व अन्य खेल प्रतियोगिताऐं आयोजित की जा रही है खेल प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन हेतु समस्त तैयारियां समय पूर्व पूर्ण कर ली जाये।

बैठक में तय किया गया कि 15 से 17 दिसम्बर तक कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जाये तथा पहलवानों का वजन 14 दिसम्बर को त्रिवेणी स्थित मानस भवन में प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक किया जाये तथा संभाग केसरी के पहलवानों का वजन 16 दिसम्बर को प्रातः 9 से 11 बजे तक मानस भवन में किया जाये ।इसके अलावा कबड्डी, खो-खो, मलखंभ व व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 17 दिसम्बर तक मानस भवन उद्यान में किया जाये। शरीर सौष्ठव (बॉडी बिल्डिंग) प्रतियोगिता का आयोजन 19 दिसम्बर को मानस भवन में सांयकाल किया जाये।

बैठक में महापौर प्रहलाद पटेल ने निर्देशित किया कि विभिन्न खेल प्रतियोगिता के विजेता व उप विजेताओं को समय पर पुरस्कार राशि का वितरण हो इस हेतु खिलाड़ी पंजीयन के समय ही बैंक पास बुक, आधार कार्ड व पेन कार्ड की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करावें। इस अवसर पर कुश्ती संयोजक अशोक जैन लाला, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, क्षेत्रिय पार्षद अक्षय संघवी, पार्षद परमानन्द योगी, योगेश पापटवाल, बलवंत भाटी, अनुज शर्मा, सोनू यादव, आर.सी. तिवारी, जितेन्द्र धूलिया, भीमसिंह भाटी, महेन्द्रसिंह सोलंकी, दीपेन्द्रसिंह ठाकुर, राहूल श्रीवास्तव, चेतन, मुकेश चन्द्रावत, राजेन्द्र राजू अग्रवाल, जय पहलवान, राजीव रावत, सज्जनसिंह राठौर आदि उपस्थित थे।

## पिपलोदा में स्टेडियम के लिए अतिरिक्त भूमि की है आवश्यकता

**जावरा ।** विधानसभा क्षेत्र के पिपलौदा में स्टेडियम निर्माण किया जाना है,लेकिन शासन की नई नीति के मापदण्ड अनुसार अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता है।,जिसके आवंटन होने के पश्चात स्वीकृति दी जाएगी। प्रदेश के खेल व युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय के प्रश्न पर जानकारी दी। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के प्रथम दिन विधायक डॉ पांडेय के प्रश्न पर खेल मंत्री सारंग ने कहा कि वर्तमान में नीति अनुसार 10 एकड़ भूमि की आवश्यकता होती है।,जिसमे से 5 एकड़ भूमि विभाग को प्राप्त हो गई शेष 5 एकड़ भूमि के आवंटन के लिए जिला कलेक्टर को लिखा गया है ।जावरा ब्लाक में खेल स्टेडियम के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया की जा रही है। विधायक डॉ पांडेय के प्रश्न के जवाब में पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने बताया कि वर्ष 2023-24 से लेकर आज तक विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में जल सरंक्षण के विभिन्न उपाय किये जा रहे है ।प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना,वाटर शेड एव जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 1073 स्थानों पर लगभग 20 करोड़ 49 लाख रुपये के कार्यो को स्वीकृति दी गई ।जिनमे प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई व वाटरशेड योजना के तहत ९ करोड़ 60 लाख रु की लागत से 157 कार्य एव जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 10 करोड़ 89 लाख रुपये की लागत से 916 कार्यो की स्वीकृति दी गई। विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय के एक अन्य प्रश्न पर मंत्री पटेल ने बताया कि क्षेत्र में सांस्कृतिक शेड निर्माण कार्य के लिए स्थल निरीक्षण कराया जा रहा है,उसके बाद स्वीकृति दी जाएगी। कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना ने बताया कि वर्ष 2020 से वर्तमान वर्ष तक रबी व खरीफ फसलों के लिए 10 लाख 38 हजार किसानों को 548 करोड़ की राशि का क्लेम किसानों को प्राप्त हुआ है।



## अतिक्रमण हटाने के विरोध में ठेला व्यापारियों ने किया चक्काजाम

**मन्दसौर।** मंगलवार को नगरपालिका का अमला स्थानीय दशपुर कुंज के बाहर लगी गुमटियों व ठेलों को हटाने पहुंचा तो व्यापारियों ने विरोध जताते हुए सड़क पर बैठकर चक्काजाम किया। बीपीएल चौराहे से लेकर मंडी गेट तक के मार्ग को आदर्श रोड के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया शुरू होना है, इसी कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। दशपुर कुंज के बाहर खाद्य सामग्रियों का व्यापार गुमटियों व ठेलों के माध्यम से किया जाता है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान गांधी चौराहा स्थित जिला चिकित्सालय के सामने व्यवसाय करने वाले हाथ ठेला और गुमटी की महिला व्यापारियों ने मंगलवार को विरोध जताते हुए सड़क पर बैठकर चक्का जाम कर दिया। व्यवसायियों का कहना है कि वह सालों से यहां व्यापार कर रहे हैं और तथा यहां से हटाने से वह बेरोजगार हो जायेगे व घर चलाना मुश्किल हो जाएगा। हमारे ठेले नहीं हटाया जाए। विरोध से चलते कुछ देर तक मार्ग पर यातायात बाधित रहा। पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंचा और व्यापारियों को समझाकर वहां से चक्काजाम हटाया जिससे बाधित यातायात शुरू हो सका।

## शहर के फोरलेन निर्माण मे भारी मशीनरी ने गति पकड़ी ,तेजी से निर्माण जारी




**नीमच ।** शहर से होकर गुजरने वाले भाटखेड़ा से डुंगलावदा तक पुराने टू लेन सड़क को फोर लेन मे बदलने हेतु द्रुत गति से निर्माण कार्य जारी है द्य जावद फंटा से स्पेंटा पेट्रोल पंप तक फोरलेन सड़क तथा हिंगोरिया ब्रिज का निर्माण जारी रहने से यातायात प्रभावित न हो, इसके लिए पुलिस व रोड निर्माण कंपनी की बैठक में यातायात थाना प्रभारी सोनू बड़गुर्जर और निर्माण कंपनी के जीएम ने संयुक्त रूप से ट्रैफिक पान पर चर्चा की और नए डायवर्जन लागू कर दिया था। इस मार्ग पर डायवर्सन या पर्वत परिवर्तित मार्ग देने के बाद सड़क निर्माण में गति पकड़ ली है दैनिक अवंतिका पत्रकार श्री जैकौशिक ने डायवर्जन-निर्माणाधीन सड़क का जायजा लिया। जिसमे पाया की जावद फंटा, मैसी शोरूम, स्पेंटा पेट्रोल पंप और मैसी शो रूम चोराहा तक काफी गहराई तक खुदाई के बाद गिट्टी व मजबूत मटेरियल से करीब 8 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य तेज गति से हो रहा हैद्य वही हेवी मशीनरी से निर्माण को मजबूत किया जा रहा हैद्य ट्रैफिक को सुरक्षित व सुचारू करने के लिए रोड रिफ्लेक्टर, चेतावनी व रचनात्मक संकेतक, स्टॉप बोर्ड, रोड मार्किंग,जैसे संकेतक लगाने व मार्ग परिवर्तन के बाद काम मे तेजी आई है द्य जिससे यह निर्माण शीघ्रता से पूर्ण होने की संभावना बन रही है।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन रोकने पर होगी सख्त कार्यवाही

### जनसुनवाई में कलेक्टर एवं सीईओ ने सुनी 65 आवेदकों की समस्याएं

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग एवं सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन ने 65 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना किसी अधिकृत कारण के किसी भी सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी की पेंशन नहीं रोकी जाए। पेंशन में अनावश्यक विलंब या रोक लगाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग में पेंशन की कोई फाइल अथवा कैश लंबित नहीं रहना चाहिए

कलेक्टर ने यह भी कहा कि यदि किसी सेवानिवृत्त अधिकारी या कर्मचारी की पेंशन रोकी जाती है, तो सेवानिवृत अधिकारी या कर्मचारी इसकी तुरंत शिकायत जिला स्तरीय जनसुनवाई में करें ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। जनसुनवाई में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान किया जाए एवं कोई भी व्यक्ति अनावश्यक परेशान न हो। लोगों को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई के दौरान आए विभिन्न प्रकरणों में त्वरित निर्देश जारी किए गए।

भानपुरा निवासी लक्ष्मीबाई ने डूब क्षेत्र की कृषि भूमि का मुआवजा राशी दिलवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर तहसीलदार भानपुरा को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। ढाबला निवासी भारत सिंह ने मंदिर जिर्णोद्वार के लिए राशी स्विकृत करवाने के संबंध में आवेदन प्रस्फ्तुत किया। जिस पर एसडीएम मल्हारगढ़ को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। दलोदा रेल निवासी मांगीलाल ने भूमि का रकबा सुधारने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार दलोदा को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए।



## मेला में भूखण्डों के आवंटन की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से अपनाई- सांसद गुर्जर

**भगवान पशुपतिनाथ महादेव मेला का हुआ समापन**

**मन्दसौर।** 63वें भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मेला का सोमवार को समापन समारोह आयोजित हुआ जिसमें मेला में दुकान लगाने वाले उत्कृष्ट व्यापारियों को शील्ड प्रमाण पत्र सौंपकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि इस वर्ष बेमौसम वर्षा के बावजूद अच्छी व्यवस्थाये करने के लिये नपा परिषद एवं मेला समिति बधाई की पात्र है। पशुपतिनाथ मेला आत्मनिर्भर बने इसके लिये गत वर्ष से मेला में भूखण्डों के आवंटन की प्रक्रिया जो पारदर्शी तरीके से अपनाई गई उससे मेला की आय बड़ी है। अनुमान के मुताबिक 1 करोड़ रू. की आय संभावित है। इतनी आय से मेला पर जो नपा खर्च करती है उसकी भरपाई हो जाती है। आपने कहा कि मेला भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग है ।नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने कहा कि 63 वां पशुपतिनाथ मेला में नपा की मेला समिति एवं नपा के अधिकारियों कर्मचारियों ने बेहतरीन काम किया। मेला की व्यवसथाये जो बेहतरीन रही उसके लिये कर्मचारियों का परिश्रम भी रहा ।कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता, पूर्व नपाध्यक्ष राम कोटवानी, नपा उपाध्यक्ष नम्रता चावला, मेला समिति सभापति प्रतिभा भैरवे, मेला समिति सदस्यगण कमलेश सिसौदिया, गरिमा भाटी, नपा सभापतिगण निलेश जैन, दीपमाला मकवाना, कौशल्या बंधवार, मण्डल महामंत्री बंशी राठौर,मेला लिपिक राजेन्द्र नीमा सहित पार्षद, मेला व्यवसायीगण आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पार्षद आशीष गौड़ एवं विक्रम भैरवे ने किया एवं आभार पार्षद प्रमिला गोयल ने माना।

## शीतकालीन सत्र के पहले दिन किया संचालन विधायक डॉ. पांडे ने

**जावरा ।**म.प्र. विधानसभा के शीतकालीन सत्र के प्रथम दिन विधायक डॉ राजेंद्र पांडेय ने सभापति के रूप में सभा का संचालन किया। विधानसभा में अतिवृष्टि से फसल क्षति पर चर्चा में भी भाग लेकर विधायक डॉ पांडेय ने कहा कि पीले मोजेक से फसलो की क्षति से सबसे पहले मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वंय रतलाम जिले में खेतों में पहुच कर स्थिति का जायजा लिया ।फसल क्षति के लिए मुआवजा के साढ़े पांच सौ करोड़ की राशि वितरित की गई ।इसके अलावा भावान्तर योजना में 482 करोड़ राशि दी जा चुकी है।



## ज्ञानमंदिर लॉ कॉलेज द्वारा विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन

**नीमच।** जिले के प्रसिद्ध ज्ञानमंदिर लॉ कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों एवं स्टाफ सदस्यों ने प्राचार्य डॉ.विवेक नागर के मार्गदर्शन में विश्वएड्स दिवस के अवसर पर एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया ।इस अवसर पर रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।रैली के दौरान रा.से.यो के स्वयंसेवको ने एड्स के रोकथाम एवं बचाव बारे में महत्वपूर्ण जानकारी से आमजन को अवगत करवाया एवं रेड रिबन लगाकर जागरूकता संदेश दिया ।इसके तहत एचआईवी एक्ट 2017 पर भी स्वयंसेवकों ने चर्चा करते हुए बताया कि एचआईवी पॉजिटिव व्यक्ति के साथ किसी भी प्रकार से भेदभाव नहीं किया जा सकता है। रैली में कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती कीर्ति कौशिक ,डॉ वर्षा काछवाल, श्रीमती नमिता पाराशर ,प्रवीण पाटीदार, घनश्याम भटनागर, संजय एवं सभी रा.से.यो के स्वयंसेवक उपस्थित रहे ।

# जन क्रांति न्याय यात्रा मंगलवार को नीमच पहुँची

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



करणी सेना परिवार प्रमुख ठाकुर जीवन सिंह शेरपुर के नेतृत्व में निकाली जा रही जन क्रांति न्याय यात्रा मंगलवार को नीमच पहुँचीद्य जहाँ विभिन्न स्थानों पर यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह यात्रा अब तक प्रदेश के 30 से अधिक जिलों में निकाली जा चुकी है द्य जो अपने तीसरे चरण में नीमच जिले में प्रवेश किया जिसमे बड़ी संख्या में लोग यात्रा में सम्मिलित हुए।

सुबह से ही नीमच के बाईपास जैतपुर चौराहा से शहर के महाराणा प्रताप प्रतिमा स्थल तक करणी सेवा के सदस्यों का ताँता लगा रहा। दोपहर 1 बजे शेरपुर का काफिला नीमच पहुँचा, जहाँ उन्होंने सबसे पहले ग्वालटोली स्थित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद वे बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर, स्वर्गीय खुमान सिंह शिवाजी, महर्षि वाल्मीकि और भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए टाउन हॉल में आयोजित विशाल जनसभा में पहुंचे।

सभा को संबोधित करते हुए शेरपुर ने कहा कि यह आंदोलन सिर्फ किसी एक समाज का नहीं बल्कि सर्व समाज के हक और अधिकारों की लड़ाई है। उन्होंने बताया कि करणी सेना परिवार की यह यात्रा 21 सूत्रीय मांगों पर आधारित है, जिसमें प्रमुख रूप से हरदा लाठीचार्ज की न्यायिक जांच, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई, सरलीकरण, आर्थिक आधार पर आरक्षण, एक्ट के दुरुपयोग पर रोक, किसानों, महिलाओं, युवाओं और मजदूरों से जुड़े मुद्दों का समाधान जैसी महत्वपूर्ण माँगें शामिल हैं। शेरपुर ने सागर मंथन से कहा कि जिनकी वार्षिक आय 8 लाख से अधिक है, उन्हें आरक्षण से बाहर किया जाए और सभी वर्गों में च्क्रीमी लेयरज्ज की अवधारणा लागू हो। साथ ही उन्होंने सामान्य व पिछड़ा वर्ग की सुरक्षा के लिए स्ट/स्ञ्ज एक्ट की तर्ज पर नया कानून बनाने की भी माँग की ।यात्रा के दौरान उन्होंने देवास और हरदा में दर्ज कथित झूठे प्रकरण वापस लेने, फसल नुकसान पर बेहतर मुआवजा, स्मार्ट मीटरों पर प्रतिबंध, बिजली बिलों में समायोजन, भर्ती प्रक्रिया में सुधार, बेरोजगारी भत्ता, संविदा कर्मियों का नियमितीकरण, गोशाला प्रबंधन में सुधार, सैनिकों को 10 प्रतिशत आरक्षण और मीडिया कर्मियों के संरक्षण जैसी कई आवश्यक और जनहितकारी मांगें भी रखीं ।शेरपुर ने लोगों से आगामी 21 दिसंबर को हरदा में आयोजित होने वाले विशाल जन क्रांति न्याय आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर सर्व समाज की ताकत प्रदर्शित करने की अपील की।

यात्रा के नीमच में प्रवेश से लेकर टाउन हॉल तक सड़कों पर लोगों का उत्साह साफ दिखाई दिया। जगह-जगह पुष्प वर्षा, स्वागत मंच और नारेबाजी के बीच यह काफिला जन समर्थन के साथ आगे बढ़ता रहा ।वहीं बड़ी संख्या में लोगों ने करणी सेना की 21 सूत्रीय मांगों के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की।

स्व. श्री एस. के. मतलानीजी की सोलहवीं पावन स्मृति में
(नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर एवं नि:शुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर) श्री लाभमुनि नेत्र चिकित्सालय, मन्दसौर द्वारा जिला अंधत्व निवारण समिति, मन्दसौर के आर्थिक सहयोग एवं जिला अंधत्व निवारण समिति मन्दसौर की प्रशासनिक अनुमति
एवं
सोनिक बायोकेम ए[illegible] थड़ोद जिला मन्दसौर
(के सौजन्य से आयोजित)
विशाल नि:शुल्क
नेत्र परीक्षण शिविर एवं नि:शुल्क मोतियाविन्द ऑपरेशन शिविर
दिनांक- 04 दिसम्बर 2025, गुरुवार
समय - प्रात: 10.00 बजे से दोप. 2.00 बजे तक
स्थान : सोनिक कृषि बाजार, महू-नीमच रोड़,
टोल टेक्स नाके के पास, ग्राम थड़ोद, जिला मन्दसौर (म.प्र.)
※शिविर में सभी नेत्र रोगियों की नज़र, चश्में, कालापानी, मोतियाबिन्द, नासूर, पर्दे की बिमारी आदि की जाँ नि:शुल्क की जायेगी।
※परीक्षण पश्चात ऑपरेशन योग्य मरीजों का मोतियाबिन्द ऑपरेशन (लेंस प्रत्यारोपण सहित) श्री लाभमुनि ने चिकित्सालय, मन्दसौर में निर्धारित दिनांक को नि:शुल्क किये जावेंगे।
※ऑपरेशन के लिए भर्ती मरीजों को चाय, बिस्किट, भोजन एवं बिस्तर (ओढ़ने का साधन साथ लावे) श्री लाभमुनि नैत्र चिकित्सालय, मन्दसौर द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे।
※मरीज को नेत्र चिकित्सालय पहुंचाने व वापस लाने की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी।
※मरीज के साथ एक सहायक को नेत्र चिकित्सालय में रहने की अनुमति होगी। किंतु सहायक को अपने लि भोजन, चाय, बिस्तर इत्यादि की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
※ऑपरेशन हेतु भर्ती के लिए आने वाले मरीजों को स्वयं के आधारकार्ड की फोटो कॉपी लाना अनिवार्य है।
※ऑपरेशन पश्चात प्रथम परीक्षण एक सप्ताह बाद व दूसरा परीक्षण एक माह बाद शिविर स्थल पर ही होगा।
※ ऑपरेशन हुए मरीजों को नज़र के चश्में श्री लाभमुनि नैत्र चिकित्सालय, मन्दसौर द्वारा नि:शुल्क दिए जावेंगे।
अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
※श्री लाभमुनि नेत्रालय, मन्दसौर (म.प्र.) 458001
मोबाईल 7067317362, 9655965017
※सोनिक बायोकेम एक्सट्रेक्शनस् प्रायवेट लिमिटेड, थड़ोद
मोबा. - 7898912152, 7898920433, 7898920434, 7898920435, 9479707802, 9630184858,7415845122




## विश्व एड्स दिवस पर सिविल अस्पताल में बचाव के साथ दिलाई जागरूकता की शपथ

**सुसनेर।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सोमवार को नगर में शासकीय सिविल अस्पताल में आने वाले मरीजों व उनके परिजनों को जागरूक किया गया। इस दौरान सीबीएमओ डॉ राजीव कुमार बरसेना द्वारा स्वास्थ्यकर्मियों को जागरूकता की शपथ दिलाते हुए आमजन को एड्स के प्रति जागरूक करने, सावधानियां बरतने, एड्स पीड़ित मरीजों को चिन्हित कर उनको उचित उपचार की सलाह देने व उनके साथ उचित व्यवहार करने की बात कही। स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ बी बी पाटीदार द्वारा एड्स फैलने के कारण, उससे बचाव के उपाय व सावधानी रखने पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। नर्सिंग स्टॉफ द्वारा आकर्षक रंगोली व बेनर पोस्टर के माध्यम से जागरूक किया गया। इस अवसर पर डॉ यश रूपरिया, डॉ नीलम जैन, डॉ शशांक वर्मा, बीडीएस सीमा पाटीदार, बीईई भरत भावसार, बीपीएम दौलत मुजाल्दे, कुलदीप शुक्ला, एक्सरे टेक्नीशियन शाहरुख खान, लेब टेक्नीशियन महेंद्र सूत्रकार, अमन शर्मा, डिम्पल योगी सहित स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## जैन संत के प्रथम समाधि दिवस पर धार्मिक आयोजन कर अर्पित की विनयांजलि



**सुसनेर।** समाधिस्थ दिगम्बर जैन संत आचार्य दर्शन सागर जी महाराज का प्रथम समाधि दिवस सोमवार जैन धर्मावलंबियों द्वारा धार्मिक आयोजन कर मनाया गया। इस अवसर पर श्री दर्शन सागर दिगंबर जैन ज्ञान मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल में स्टॉफ व छात्रों द्वारा उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विनिया अंजलि अर्पित की गई। मंगलाचरण बहन राशि जैन व वैदिका जैन ने किया। शिक्षक आयुष जैन, विकास भावसार, मुकेश बोरा, शिक्षिका रिंकू जैन, अश्विना जैन, मानसिंह, बहन वेदिका जैन व रिद्धिमा जैन द्वारा उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। नेशनल हाईवे स्थित त्रिमूर्ति तीर्थ क्षेत्र पर शांतिनाथ मण्डल विधान का पूजन कर विनयांजलि सभा का आयोजन किया गया। समाजजनो ने सम्बोधित किया। शाम को महाआरती की गई। बता दे कि आचार्य श्री के सानिध्य में नगर में कई चातुर्मास व पंचकल्याणक कराए गए है उनकी प्रेरणा से सुसनेर में भव्य त्रिमूर्ति तीर्थ व हायर सेकेंडरी स्कूल संचालित है। जानकारी त्रिमूर्ति ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी दीपक जैन ने दी।

## मक्का मदीना उमराह की जियारत के लिए रवाना तीर्थ यात्रियों का भव्य स्वागत



**सारंगपुर।** पवित्र मक्का-मदीना (सऊदी अरब) में उमराह की जियारत के लिए रवाना हो रहे सारंगपुर नगर के यात्रियों का शनिवार को ससम्मान स्वागत किया गया। नगर के हाजी अब्दुल माजिद, अब्दुल मजीद मेव, इस्माइल भाई, राजू मंसूरी और मोहम्मद उबेर को रवाना होने से पूर्व राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि शेख मुशर्रफ के निवास पर पुष्पमालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इनमें सांसद प्रतिनिधि शेख मुशर्रफ, नगर पालिका पूर्व उपाध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि शफीक अंसारी, पूर्व पार्षद हाजी शेखर चाचा, हाजी मुजीब भाई, हारुन नायक, हाजी शम्मी मेव हाफिज मेव, एमआर ट्रेलर, सलीम भाई, अखलाक वारसी, आशिक मंसूरी, आरिफ मिर्जा, हुकमचंद सोनी, चंदर सिंह परमार, बनवारी मालवीय आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। स्वागत समारोह में उपस्थित लोगों ने उमराह के लिए जा रहे यात्रियों को सफल यात्रा की शुभकामनाएँ दीं और उनसे मुल्क की तरक्की, अमनचैन और भाईचारे की दुआ करने की गुजारिश की।

## बिना लाइसेंस चल रहा था दूध संकलन केंद्र, प्रशासन ने लगाई रोक, सैंपल लिए

**सारंगपुर।** सारंगपुर शहर एवं गोपालपुर क्षेत्र में खाद्य पदार्थों के निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्रवाई की। इस दौरान एक केंद्र पर बिना लायसेंस के दूध संकलन का कार्य किया जा रहा था, यहां तुरंत दूध संकलन पर रोक लगा दी गई है। साथ ही प्रकरण भी तैयार किया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक ने गोपालपुर स्थित कानरखेडी दूध संकलन केंद्र का निरीक्षण किया। यहां प्रतिदिन 1000 लीटर से अधिक दूध का संकलन पाया गया। जांच में पता चला की केंद्र में कार्यरत अंकित पटेल एवं राजेश सौंधिया के पास आवश्यक खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत लायसेंस नहीं है। इसके चलते बिना लायसेंस संचालन के चलते तत्काल प्रभाव से दूध संकलन प्रक्रिया रोकी गई एवं संबंधित संचालकों के खिलाफ आगे की कार्रवाई के लिए प्रकरण तैयार किया जा रहा है।

## श्री दत्त जन्मोत्सव मा पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आज से शुरू

**तराना।** श्री दत्त जन्मोत्सव एवं महाप्रसादी का आयोजन बस स्टैंड स्थित श्रीधार्थ मंदिर में किया जा रहा है कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को श्री मार्तड इंस्टिट्यूट तराना के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति शाम 6.30 बजे से दी जाएगी। गुरुवार को पंडित अजय जोशी शास्त्री द्वारा भगवान श्री दत्तात्रेय का महा अभिषेक युवा गायक यश तिवारी एवं कुमारी वैष्णवी राजपूत के द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति की जाएगी शाम 5.30 बजे महा आरती का आयोजन होगा साथ ही मुकेश पाटीदार एवं भक्त मंडल के द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ एवं श्री राम प्रभात फेरी मंडल के द्वारा भजनों की प्रस्तुति का आयोजन किया जाएगा शुक्रवार को महा प्रसादी का वितरण किया जाएगा।आयोजको द्वारा कार्यक्रम में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव पर हुए विभिन्न आयोजन

# महाभारत का हर श्लोक अंधकार को दूर करने वाला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के तहत नगर में विभिन्न आयोजन हुए। जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं आई क्यू एसी के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव एवं गीता के 15 वे अध्याय का सस्वर पाठ कर आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात कथाकर आचार्य पंडित राजेश दुबे एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष आलोक खन्ना उपस्थित रहे, अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर के शर्मा ने की।

खन्ना ने अपने उद्बोधन में गीता में निहित श्लोकों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को कहा कि गीता के श्लोक आज भी उतने ही प्रासंगिक और प्रभावशाली हैं जितने हजारों वर्ष पूर्व थे। महाभारत का प्रत्येक श्लोक मानव जीवन के अंधकार को दूर करने वाला है। प्राचार्य डॉ. शर्मा ने महाभारत में वर्णित विभिन्न पात्रों का संदर्भ देते हुए गीता के सार-तत्व और उसके दार्शनिक आधार को स्पष्ट किया। मुख्य अतिथि पं. दुबे ने अपने प्रेरक वक्तव्य में छात्र छात्राओं को कहा कि सत्संग मन में सद्विचार उत्पन्न करता है। उन्होंने यह भी कहा कि गीता सभी समस्याओं का समाधान है तथा वर्तमान समय में भी उतनी ही प्रासंगिक है। उन्होंने गीता के 15वें अध्याय का सस्वर पाठ कर उपस्थित जन को आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान की। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जिसमे यदुनंदन शर्मा, चेतना वैष्णव ने भी गीता के सार-तत्त्व पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर महाविद्यालय में प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम का संचालन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. आनंद कुमार अजनोदिया ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ एवं महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। सबजेल शुजालपुर में गीता जयंती के उपलक्ष्य मे शासन के निदेर्शानुसार जेल मे परिरुद्ध बंदियों के लिए श्रीमद् भागवत गीता से प्रभु श्री कृष्ण की लीलाओ का वर्णन साध्वी प्रीति नागर द्वारा किया गया।

## मुख्य बाजार की सड़क को बना दिया पार्किंग रास्ता संकरा होने से यातायात बाधित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



30 फीट की सड़कें पार्किंग के चलते 5 फीट से भी कम रह गई हैं।

शहर में हर साल यातायात सप्ताह में औपचारिकता पूरी की जाती आ रही है। शहर में सालों से पार्किंग समस्या है जो समय के साथ बढ़ती जा रही है। हालत यह है कि भेरू दरवाजा रोड की 30 फीट चौड़ी सड़क अतिक्रमण व वाहन पार्किंग के कारण 5 फीट भी नहीं बचती है। इससे चार पहिया वाहन तो दूर, दोपहिया वाहन निकलना भी मुश्किल हो जाता है। हर बार शांति समिति की बैठकों के दौरान जाम, भेरू दरवाजा रोड अतिक्रमण और पार्किंग पर बात करते हैं लेकिन कार्रवाई के नाम पर आज तक कुछ नहीं किया गया। यातायात व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो पाया है। सबसे बड़ी समस्या पार्किंग की है। शहर के मुख्य भेरू दरवाजा बाजार से जोशी दवाखाना, टेंशन चौराहा तक कहीं भी वाहन पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। बाजार में रोज हजारों वाहन प्रवेश करते हैं। यही कारण है कि शहर की सड़कें ही पार्किंग बन गई हैं। भेरू दरवाजा मार्ग में तो स्थिति यह है कि यहां

### जिम्मेदारी पर ध्यान नहीं दे रहे जिम्मेदार

शहर की यातायात व्यवस्था सुधार की जिम्मेदारी नगर पालिका, जनप्रतिनिधि व पुलिस विभाग की सामूहिक होती है। पार्किंग व्यवस्था और यातायात सुधार के लिए इन्हीं को आगे आना पड़ेगा। सभी को मिलकर समाधान करना होगा। तभी नागरिकों को समस्या से निजात मिलेगी।

### ज्ञापन देने के बाद भी सुधार नहीं

व्यापारियों ने कई बार एसडीएम, सीएमओं को मार्ग से अतिक्रमण हटाने और ठेलो को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए ज्ञापन दिया लेकिन आज तक सुधार नहीं हुआ है। जिससें समस्या दिनप्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है।

**इनका कहना है**

पुलिस और प्रशासन के साथ मिलकर शहर में पार्किंग को लेकर कोई कारगर कदम उठाएंगे। अतिक्रमण पर जल्द कार्रवाई करेंगे।

**ज्योति सुनहरे, सीएमओ, नपा, सारंगपुर।**

## सिटी के समीप हुई दुर्घटना में मृत्यु पर 23 लाख की क्षतिपूर्ति

### न्यायालय ने पारित किया आदेश

**शुजालपुर।** दुर्घटना मे आई चोंटो के कारण मृत्यु के मामले मे आवेदकगण को 23 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति राशि दिए जाने का आदेश न्यायालय ने पारित किया। मिली जानकारी अनुसार 30 जून 2024 को दोपहर 2 बजे आवेदिका रीना कुशवाह के पति दिलीप कुशवाह निवासी चित्तौड़ा अपनी मोटरसाइकल से अपने गांव से शुजालपुर जा रहा था, जैसे ही वह शुजालपुर पचोर रोड़ किशनदीप मैरिज गार्डन के सामने पहुंचा कि पीछे से एक ट्रक क्रमांक एमएच 40 एन 7463 का चालक फईम खान अपने ट्रक को तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर लाया और दिलीप की मोटरसायकल में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे मृतक को गंभीर स्वरूप की चोंटे आई तथा उसकी मृत्यु हो गई। जिसका क्षतिपूर्ति दावा महाजनसिंह परमार, राजपालसिंह राजपूत एडव्होकेट्स ने सदस्य मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण शुजालपुर सपना पोर्ते के समक्ष प्रस्तुत किया था। जिसमे महाजनसिंह परमार राजपालसिंह राजपूत एडव्होकेट्स के तर्क से सहमत होकर न्यायालय द्वारा मृतक के वारिसान रीना कुशवाह आदि को बीमा कम्पनी से 22 लाख 99 हजार 265 रूपए दिलाए जाने का आदेश पारित किया एवं आवेदन प्रस्तुती दिनांक से 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी दिलाये जाने का आदेश पारित किया।

## अवैध सागौन से भरी पिकअप जप्त, आरोपी गिरफ्तार

**ब्यावरा।** थाना सुठालिया पुलिस को भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि शासकीय अस्पताल की ओर से सफेद रंग की पिकअप वाहन में अवैध सागौन की लकड़ी लेकर सुठालिया की ओर आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अस्पताल तिराहा मऊ रोड पर वाहन चेकिंग पाइंट लगाया गया तथा वन विभाग के वन रक्षक राजेन्द्र सिंह खींची को भी मौके पर बुलाया गया।चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा बताये वाहन को रोककर ड्राइवर से पूछताछ की, वाहन की तलाशी लेने पर फोम सीट व पुराने रजाई-गद्दों के नीचे सागौन की लकड़ी की कुल 36 सिल्लियां बरामद हुईं। पूछताछ में चालक आरोपी पवन पिता गोविन्द अग्रवाल निवासी गढ़ी मोहल्ला सुठालिया कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। वन विभाग के अनुसार उक्त लकड़ी सागौन होना पाई गई, जिसकी अनुमानित कीमत 72,000/- रु तथा जप्त पिकअप वाहन की कीमत 6,00,000/- रु आँकी गई।

## गीता स्वाध्याय का विकास खण्ड स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर



शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जीरापुर में मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग के दिशानिदेर्शानुसार गीता स्वाध्याय का विकास खण्ड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ईश्वर सिंह तोमर, जिला मंत्री भाजपा ने की व कालू सिंह तोमर, अध्यक्ष प्रतिनिधि जं प. जीरापुर, विष्णु सिंह पंवार, पूर्व मंडल अध्यक्ष, वरिष्ठ पार्षद बंकट माहेश्वरी, गिरिराज गुप्ता, रमेश चंद्र शर्मा, कुशाल सिंह मंडलोई, दीपक मालवीय, दिनेश चंद्र नागर, बी एम गुप्ता सहित अन्य गणमान्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती और भागवत गीता के पूजन से हुई। विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रैली निकालते हुए विद्यालय में पहुंचे। भगवान कृष्ण और राधा की मनमोहक झांकियां सजाई गईं। गीता स्वाध्याय मंडल द्वारा छात्रों को गीता के महत्व को बताया गया और संगीत के साथ गीता पाठ करवाया गया।

अध्यक्षीय भाषण में ईश्वर सिंह तोमर ने छात्र-छात्राओं को गीता पाठ का अध्ययन कर इसके गुणों को अपने जीवन में अमल में लाने के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हमें पढ़ाई के लिए सभी विषयों के साथ हमारी संस्कृति को भी बचा के रखना है। इस मौके पर सभी वक्ताओं ने गीता के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस मोके पर तहसीलदार आर.पी. सिंह, सीईओ रणवीर सिंह रघुवंशी,सीएमओ हरिओम शर्मा, बीईओ रामबाबू पाटीदार,बीआरसी गजेन्द्र शर्मा, सुरेश दांगी,व्याख्याता हरीश गुप्ता, तथा गीता स्वाध्याय समिति के दिनेशचंद्र नागर व घनश्याम भिलाला कार्यक्रम में उपस्थित रहे। नगर के गीता स्वाध्याय मंडल सदस्यों सहित अनेक विशिष्ट नागरिकों ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। संस्था परिवार से मॉडल स्कूल प्राचार्य कैलाश शर्मा, प्राचार्य देवेंद्र शर्मा, हरीश गुप्ता, भेरूलाल शर्मा, राकेश कुमार भावसार, गोवर्धनलाल वर्मा (स्काउटर), पवित्रा पाटीदार, ज्योति गुर्जर, कुसुमलता गौड़ तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। नगर परिषद से देवनारायण दांगी, कमल भावसार, ब्रजेश कुमार उपाध्याय, उपयंत्री,रजनी खींची, मनीष कौशिक, राकेश कुमार मंडलोई मौजूद

### सुसनेर में अतिक्रमण ने अस्पताल और शहीद पार्क की सुरक्षा पर डाला खतरा

# अतिक्रमण से बाधित हो रही आपातकालीन सेवाएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



नगर में बस स्टैंड स्थित शहीद पार्क और पुराना बस स्टैंड स्थित मांगलिक भवन के पास अतिक्रमण की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है।नगरवासियों का कहना है कि लोग गुमटियां लगाकर और वाहन खड़े करके सार्वजनिक रास्तों और पार्कों पर कब्जा कर रहे हैं। इसका सीधा असर आम जनता और अस्पताल की आपातकालीन सेवाओं पर पड़ रहा है। मांगलिक भवन के पास सिविल अस्पताल का नया भवन बनने के बाद से सड़क मार्ग पर और अतिक्रमण की स्थिति गंभीर हो गई है। अस्पताल में दिनभर एम्बुलेंस का आवागमन लगा रहता है। लेकिन सड़कों पर खड़े वाहन और गुमटियां मरीजों और एम्बुलेंस के आवागमन में बाधा डाल रही हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ऐसे हालात में मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सुविधा तक पहुंचाना मुश्किल हो रहा है। वहीं पुराना बस स्टैंड स्थित शहीद पार्क के पास भी अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। कुछ लोगों ने पार्क के पास गुमटियां लगाकर टिन शेड का निर्माण कर लिया है। इसके कारण पार्क का सार्वजनिक उपयोग मुश्किल हो गया है और नगरवासियों के लिए यह जगह अपनी मूल उपयोगिता खोती जा रही है। विशेष चिंता की बात यह है कि मांगलिक भवन और शहीद पार्क दोनों ही नगर परिषद के अंतर्गत आते हैं। इसके बावजूद अतिक्रमण हटाने वाली नगर परिषद का इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। स्थानीय लोगों ने लिखित शिकायतें देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं देखी है। नगरवासियों में प्रशासन की उदासीनता को लेकर नाराजगी व्याप्त है। बतादे की एम्बुलेंस को अस्पताल तक पहुंचने में घंटों लग जाते हैं। जबकि अस्पताल के सामने ही सड़क और रास्ता अतिक्रमण से भरा हुआ है। नगर परिषद को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। वहीं शहीद पार्क जैसी सार्वजनिक जगह पर अतिक्रमण ने बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरा पैदा कर दिया है। नगर परिषद को इस पर ध्यान देना ही होगा।

नगरवासियों की मांग है कि नगर परिषद अब उदासीनता छोड़कर इन अतिक्रमणों को तुरंत हटाए और अस्पताल के सामने तथा शहीद पार्क में रास्तों और सार्वजनिक स्थलों को सुचारू बनाए। उनका कहना है कि इससे न केवल आम जनता को सुविधा होगी बल्कि आपातकालीन सेवाओं में भी कोई रुकावट नहीं आएगी। सुसनेर नगर में यह मामला नगर परिषद के लिए बड़ी चुनौती बन चुका है। अब नगरवासियों की निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि कब तक वे कार्रवाई करके सार्वजनिक स्थलों और अस्पताल के रास्तों को सभी के लिए सुरक्षित बनाएंगे।

**इनका कहना**

अतिक्रमण के मामले में संबंधित लोगों को नोटिस दिया जाएगा और कानूनी कार्रवाई के तहत गुमटियां व अवैध निर्माण हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा और अस्पताल के रास्तों को सुचारू बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है।

**ओपी नागर सीएमओ नगर परिषद सुसनेर**



## डॉ सनवर पटेल के जन्मदिन पर कुरान खानी कर लंबी उम्र की मांगी दुआएं

गुना। मक्सूदनगढ़ डॉ सनवर पटेल वक्फ बोर्ड अध्यक्ष मध्य प्रदेश, कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त मध्य प्रदेश शासन का हर साल की तरह इस साल भी जन्मदिन बड़े ही धूमधाम के साथ मक्सूदनगढ़ में मनाया गया। इस दौरान डॉ सनवर पटेल का जन्मदिन गुना के मक्सूदनगढ़ में अंजुमन इस्लाम वक्फ कमेटी अध्यक्ष सदर टोनी शाह के नेतृत्व में मनाया गया। इस मौके पर मक्सूदनगढ़ की मस्जिद में कुरान खानी कराई गई और डॉ सनवर पटेल जी की लंबी उम्र की दुआएं मांगी। साथ ही बच्चों को पढ़ाई संबंधित समान दिया गया। इस दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों ने डॉ सनवर पटेल को जन्मदिन की मुबारकबाद दी।

## मुख्यमंत्री के पुत्र डॉ. अभिमन्यु के विवाह में शामिल हुईं गुना नपाध्यक्ष



**गुना।** मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पुत्र डॉ अभिमन्यु यादव के विवाह उपरांत बीती रात आयोजित पारिवारिक रिसेप्शन में गुना नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता एवं वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता सम्पूर्ण परिवार सहित शामिल हुईं। बीती रात उज्जैन के होटल अथर्व में डॉ. मोहन यादव के सुपुत्र जो की नपा अध्यक्ष के पुत्र सार्थक गुप्ता के बचपन के मित्र, डॉ. अभिमन्यु यादव के विवाह उपरांत आयोजित पारिवारिक रिसेप्शन में उपस्थित रहकर उन्होंने गुना नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता एवं वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही वर-वधु को नवीन दांपत्य की बधाई एवं शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं। इस दौरान गुना नगरपालिका को राष्ट्रपति पुरस्कार मिलने पर मुख्यमंत्री ने नपा अध्यक्ष को बधाई दी।

## नगर के प्रतिभाओं का खेलो इंडिया में अधिकारी नियुक्ति पर हर्ष




**खाचरोद।** नगर के मुन्नालाल मामोडिया (विक्रम अवॉर्डी) एवं संजय पोपण्डिया का खेलो इंडिया युनीवर्सिटी गेम्स 2025 जयपुर में तकनीकी अधिकारी नियुक्त श्री खाकचौक व्यायामशाला के मल्लखंब प्रशिक्षक एवं निर्णायक मुन्नालाल मामोडिया एवं संजय पोपण्डिया का चयन जयपुर में आयोजित हो रही खेलो इंडिया युनीवर्सिटी गेम्स में मल्लखंब खेल के तकनीकि अधिकारी के रूप में हुआ है। यहां मल्लखंब की प्रतियोगिता 01 से 05 दिसम्बर 2025 तक आयोजित हो रही है। दोनों राष्ट्रीय एवं अंतरास्ट्रीय निर्णायक पूर्व में कई खेलों इंडिया एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में अपनी भूमिका निभा चुके है। इनकी इस उपलब्धि पर संस्था गुरु श्री सिद्धू पहलवान नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद भरावा व्यायामशाला अध्यक्ष नारायण पहलवान, दिनेश पोपंडिया ,विश्वामित्र अवार्डी कन्हैयालाल मामोडिया एवं मोहनलाल धाकड़ और पूरे व्यायामशाला परिवार ने हर्ष जताते हुए शुभकामनाएं दी एवं इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 71वां राष्ट्रीय अधिवेशन देहरादून में सम्पन्न

### अमन व्यास राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल

**राजगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 71वां राष्ट्रीय अधिवेशन उत्तराखण्ड की पावन और देवभूमि कहलाने वाली राजधानी देहरादून में धूमधाम और उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच सम्पन्न हुआ। देशभर से आए हजारों छात्र प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकताओं की उपस्थिति में संपन्न इस भव्य आयोजन में कई महत्त्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए तथा संगठन के भावी कार्यों की रूपरेखा तय की गई। इस अधिवेशन में राजगढ़ विभाग संयोजक अमन व्यास को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी के लिए चयन किया गया। परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में युवा नेतृत्व के रूप में उनका चयन न केवल राजगढ़ क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है, बल्कि आंदोलन और संगठनात्मक गतिविधियों के लिए भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। अमन व्यास लंबे समय से विद्यार्थी परिषद की विभिन्न इकाइयों में महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हुए सक्रिय रहे हैं। छात्र हित, शिक्षा सुधार एवं सामाजिक जागरूकता के मुद्दों पर उनके योगदान को देखते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन्हें राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी है। अधिवेशन में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने इस निर्णय का स्वागत किया। अमन व्यास ने इस अवसर पर कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे छात्र हितों को सर्वोपरि रखते हुए संगठन के कार्यों को और अधिक ऊर्जा तथा प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाएंगे। देहरादून में सम्पन्न इस अधिवेशन में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका, शिक्षा में सुधार, कैम्पस एक्टिविज्म और छात्र अधिकारों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। परिषद ने आगामी वर्ष के लिए कई प्रमुख कार्यक्रमों और अभियानों की भी घोषणा की।

# हेयर ट्रीटमेंट के बाद बालों को शैंपू से धोने का क्या है सही तरीका?

अगर आप भी चाहते हैं कि हेयर ट्रीटमेंट के बाद आपके बाल एकदम खिले-खिले रहें, तो आपको शैंपू करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

हर कोई चाहता है कि उसके बाल लंबे और घने रहें, लेकिन कई बार सही देखभाल के बावजूद बाल धीरे-धीरे बढ़ते हैं या कमजोर हो जाते हैं। इसके पीछे अक्सर रोजमर्रा की छोटी-छोटी आदतें होती हैं, जिन्हें हम अनजाने में अपनाते हैं। ये आदतें बालों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं और उनकी ग्रोथ को रोक सकती हैं।

हेयर ट्रीटमेंट के बाद सही तरीके से शैंपू करना बालों की सेहत और ट्रीटमेंट के लंबे समय तक टिके रहने के लिए बेहद जरूरी होता है। चाहे आपने स्मूदनिंग, केराटिन, हेयर बोटॉक्स, हेयर स्पा, कलरिंग या किसी भी तरह का केमिकल ट्रीटमेंट कराया हो, अचानक से या गलत शैंपू का उपयोग बालों को नुकसान पहुंचा सकता है।

कई लोग ट्रीटमेंट के तुरंत बाद बाल धो लेते हैं, जिससे बालों की कोटिंग टूट जाती है, बाल फिर से फ्रिजी होने लगते हैं और चमक कम हो जाती है। वहीं कुछ लोगों को यह समझ ही नहीं होता कि ट्रीटमेंट के बाद किस तरह का शैंपू इस्तेमाल करना चाहिए या कितना इंतजार जरूरी है।

अगर सही समय और सही तकनीक से शैंपू किया जाए तो ट्रीटमेंट का असर ज्यादा समय तक बना रहता है और बाल मुलायम, स्ट्रेट और शाइनी दिखते हैं। इसी कारण किसी भी हेयर ट्रीटमेंट के बाद शैंपू से जुड़े नियम, सावधानियां और प्रोडक्ट की जानकारी को समझना बेहद जरूरी है।

## हेयर ट्रीटमेंट के बाद शैंपू कैसे करें?

### 72 घंटे तक शैंपू न करें

ये सबसे अहम प्वाइंट है। आपको ये समझने की जरूरत है कि केराटिन, स्मूदनिंग, रीबॉन्डिंग या हेयर बोटॉक्स के बाद कम से कम तीन दिन बाल न धोएं। इससे ट्रीटमेंट बालों में पूरी तरह सेट हो जाता है।

### बहुत अधिक शैंपू न लगाएं

केवल स्कैल्प पर थोड़ा सा शैंपू लगाएं। झाग को नीचे की ओर बहने दें। पूरे बालों में रगड़ने की जरूरत नहीं है। जड़ों में ज्यादा शैंपू के इस्तेमाल से बचें।

### गर्म पानी का उपयोग न करें

गर्म पानी से ट्रीटमेंट जल्दी उतर सकता है। हमेशा ठंडा या हल्का गुनगुना पानी इस्तेमाल करें।

### पहला वॉश हल्के हाथों से करें

स्कैल्प को जोर से न रगड़ें और न ही नाखूनों से खुजलाएं। इससे हेयर रूट कमजोर हो सकते हैं।

### सप्ताह में एक बार हेयर मास्क लगाएं

ट्रीटमेंट के बाद अपने बालों को अतिरिक्त पोषण चाहिए। हेयर मास्क बालों की शाइन और स्मूथनेस बनाए रखता है।

### हीट का कम उपयोग करें

किसी भी ट्रीटमेंट के तुरंत बाद स्ट्रेटनर या ब्लो ड्रायर ज्यादा गर्म न करें। कम तापमान पर ही इस्तेमाल करें।

### सल्फेट फ्री और पैराबेन फ्री शैंपू ही उपयोग करें

साधारण शैंपू ट्रीटमेंट की लेयर को तेजी से हटाते हैं। सल्फेट फ्री शैंपू बालों को हल्के से साफ करते हैं और ट्रीटमेंट की लाइफ बढ़ाते हैं। सल्फेट वाले शैंपू का इस्तेमाल तो वैसे भी कभी नहीं करना चाहिए।



# नाक-कान छिदवाते समय ध्यान नहीं रखीं ये बातें तो होगी परेशानी

अगर आप नाक या कान में छेद करवाने जा रही हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखें। वरना आपको स्किन से संबंधित दिक्कतें हो सकती हैं।





नाक या कान छिदवाते समय सबसे बड़ा खतरा त्वचा से जुड़ी समस्याओं का होता है, जिसे अक्सर लोग नजरअंदाज कर देते हैं। पियर्सिंग एक छोटा-सा स्किन प्रॉसीजर जरूर है, लेकिन इसमें इस्तेमाल होने वाले उपकरण, धातु और व्यक्ति की त्वचा का प्रकार बहुत मायने रखता है।

गलत तकनीक या अस्वच्छ माहौल त्वचा में तेज एलर्जिक रिएक्शन, बैक्टीरियल इन्फेक्शन और लंबे समय तक न भरने वाले घाव का कारण बन सकता है। कई बार पियर्सिंग की जगह पर दाने, स्किन हार्डनिंग, पस भरना या केलोइड जैसी गंभीर त्वचा समस्याएं भी विकसित हो जाती हैं।

त्वचा विशेषज्ञों के अनुसार, जिन लोगों की स्किन सेंसिटिव या ऑयली है, उन्हें पियर्सिंग से पहले अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। यदि आप जल्द ही नाक या कान छिदवाने का प्लान कर रहे हैं, तो त्वचा की सुरक्षा से जुड़ी ये बातें ध्यान रखना बेहद जरूरी है, वरना ये छोटा-सा फैशन फैसला बड़े स्किन ट्रबल में बदल सकता है।

### सेंसिटिव स्किन वालों के लिए अतिरिक्त सावधानी

सेंसिटिव स्किन पर पियर्सिंग के बाद आसानी से लालिमा, जलन और लगातार खुजली हो सकती है। ऐसे लोग निकेल-फ्री या टाइटेनियम ज्वेलरी ही पहनें।

### एलर्जी टेस्ट कराएं

धातु से एलर्जी होना आम बात है। स्किन पैच टेस्ट जरूर करवाएं, ताकि आगे जाकर एलार्जिक रिएक्शन, चकत्ते या सूजन से बच सकें। जो लोग पेच टेस्ट नहीं कराते हैं, उन्हें दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

### स्वच्छता का रखें ध्यान

गंदे उपकरणों से स्किन में बैक्टीरिया जाते हैं, जिससे गंभीर इन्फेक्शन, पिंपल जैसे दाने और पस वाले घाव बन सकते हैं।

### ऑयली या एक्ने-प्रोन स्किन में ज्यादा जोखिम

ऑयली त्वचा बैक्टीरिया को जल्दी पकड़ती है। ऐसे लोग पियर्सिंग वाली जगह को बार-बार साफ रखें और हाथ न लगाएं।

### पियर्सिंग के बाद सूजन कितनी सामान्य?

हल्की सूजन और लालिमा ठीक है, लेकिन 48 घंटे बाद भी तेज दर्द, पस या बदबू आ रही हो तो तुरंत त्वचा विशेषज्ञ से संपर्क करें।

### स्किन-सेफ आफ्टर-केयर

- सलाइन वॉटर से दो बार सफाई
- नाक या कान छिदवाने के बाद अल्कोहल या क्रीम का ज्यादा प्रयोग न करें
- नाक-कान छिदवाने के तुरंत बाद ज्यादा कसे हुए या भारी इयररिंग/नोजपिन न पहनें
- नई ज्वेलरी 6-8 सप्ताह तक न बदलें। ज्वेलरी बार-बार बदलने से आपको दिक्कत होने लगेगी

# Sport

14 साल के वैभव सूर्यवंशी की यह पारी केवल रिकॉर्ड ही नहीं, बल्कि भारतीय क्रिकेट के भविष्य की झलक भी है। यदि उनका प्रदर्शन यही स्तर बनाए रखता है, तो उनके नाम भविष्य में बड़े मंचों पर भी सुनाई देंगे।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 14 साल के वैभव का धमाका, शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने

**कोलकाता।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 में बिहार के 14 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए क्रिकेट इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। महाराष्ट्र के खिलाफ खेले गए मैच में सूर्यवंशी ने सिर्फ 61 गेंदों में नाबाद 108 रन बनाए और अपने करियर का तीसरा टी20 शतक जड़ दिया। इस पारी के साथ ही उन्होंने इतिहास भी रच दिया। वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए।

### 7 चौके, 7 छक्के, वैभव का तूफान

वैभव सूर्यवंशी की इस पारी में सात चौके और सात छक्के शामिल थे और उनकी यह पारी कोलकाता के मशहूर ईडन गार्डन्स में दर्शकों के लिए किसी रोमांचक शो से कम नहीं थी। सूर्यवंशी ने मैदान के हर हिस्से में शॉट्स लगाए और महाराष्ट्र के गेंदबाजों को बेबस कर दिया।



### सबसे कम उम्र में इतिहास रचा

इस धांसू पारी के साथ वैभव सूर्यवंशी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। यह उपलब्धि इतनी खास है कि टूनार्मेंट में अब तक कोई भी खिलाड़ी इतनी कम उम्र में ऐसा नहीं कर पाया था।

### जिम्मेदारी भरी पारी, अंत तक नाबाद रहे

बिहार की बल्लेबाजी ताश की तरह बिखर गई थी और टीम दबाव में थी, लेकिन सूर्यवंशी ने धैर्य, पारी बनाने वाली और मैच स्थिति की समझ का बेहतरीन प्रदर्शन किया। उनकी शानदार पारी में अगला बड़ा स्कोर सिर्फ 26 रन था, जिससे साफ है कि उन्होंने टीम को अपने दम पर बिहार को 176 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

### आखिरी ओवर तक टिके रहे

सूर्यवंशी पूरे 20 ओवर क्रीज पर टिके रहे और नाबाद रहे और यह बात उनके बैटिंग टेंपरेमेंट और मैच अवेयरनेस को साबित करती है। हालांकि, महाराष्ट्र ने 19.1 ओवर में सात विकेट पर 182 रन बनाकर मैच जीत लिया। कप्तान पृथ्वी शॉ ने 30 गेंद में 66 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### कुछ दिन पहले भी जड़ा था ऐसा रिकॉर्ड

यह प्रदर्शन कोई संयोग नहीं है। कुछ दिन पहले ही वैभव ने यूएई के खिलाफ एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट में 42 गेंदों में 144 रन जड़े थे। उनका यह निरंतर प्रदर्शन बताता है कि वह भारत के घरेलू क्रिकेट में उभरते हुए सबसे बड़े सितारों में से एक बन चुके हैं।

## भारतीय कोच गंभीर के समर्थन में उतरा अफगानिस्तान का यह खिलाड़ी

**दुबई।** गौतम गंभीर के कोचिंग के तरीकों को लेकर भले ही भारत में अलग अलग राय हो, लेकिन अफगानिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने कहा कि केकेआर के पूर्व मेंटर गंभीर सर्वश्रेष्ठ कोच हैं और उनकी आलोचना से वह हैरान हैं। दक्षिण अफ्रीका के हाथों टेस्ट सीरीज में 0-2 से हार और उससे पहले न्यूजीलैंड से मिली 0-3 से हार की वजह से गंभीर आलोचना के घेरे में है। भारतीय टीम पिछले सात में से पांच टेस्ट गंवा चुकी है।

आईपीएल 2024 विजेता केकेआर टीम के सदस्य रहे गुरबाज ने कहा कि गौतम सर की आलोचना सही नहीं है। यहां आईएलटी20 के चौथे सत्र से पहले इंटरव्यू में उन्होंने कहा, 'आपके देश के एक एक अरब 40 करोड़ लोगों में से 20 या 30 लाख उनके खिलाफ हो सकते हैं लेकिन बाकी गौतम सर और भारतीय टीम के साथ हैं।'

उन्होंने कहा, 'वह सर्वश्रेष्ठ कोच, मेंटर और इंसान हैं। मुझे उनके काम करने का तरीका बहुत पसंद है। भारत ने चैम्पियंस ट्रॉफी वनडे टूनार्मेंट जीता, टी20 में एशिया कप जीता। कई सीरीज जीती और सिर्फ एक सीरीज के लिए उन्हें दोषी नहीं ठहरा सकते।'





**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**कृषि भूमि बेचना है**
- उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
- 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
- 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
- 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर

मो. 9301388290, 9340903559

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**हेल्पर लडको की आवश्यकता**
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर लडको की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार
संपर्क
9827820470

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114




**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**दैनिक अवन्तिका वर्गीकृत**

| | | |
|---|---|---|
| 10 दिन | 1000/- | - सम्पर्क करें- |
| 20 दिन | 1500/- | 0734-4041777<br>0731-4085777 |
| 1 माह | 2000/- | 77710-90777 |

**विशेष सूचना-** दैनिक अवन्तिका में प्रकाशित विज्ञापनों में किये दावों की पुष्टि पाठक अपने विवेक से करें।

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### राह चलते प्रॉपर्टी कारोबारी को हार्ट अटैक आया, स्कूटी का पंक्चर सुधरवाने जा रहा था



**इंदौर।** इंदौर में सड़क पर जा रहे प्रॉपर्टी कारोबारी को हार्ट अटैक आ गया। पल भर में उसकी मौत हो गई। वह स्कूटी का टायर पंक्चर होने पर उसे धक्का देकर ले जा रहा था। इसी दौरान वह अचानक गिरा और फिर नहीं उठा। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह 11 बजे जनता क्वार्टर क्षेत्र निवासी विनीत कुचेकर (27) अपनी स्कूटी का पंक्चर ठीक कराने जा रहा था। रास्ते में उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। उसने गाड़ी का स्टैंड लगाने की कोशिश की और वहीं गिर पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे संभाला। सीपीआर दी गई, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। इसके बाद परिवार को सूचना दी गई। उसे फौरन नजदीक के ही एक निजी अस्पताल ले जाया गया। मौत का कारण हार्ट अटैक सामने आया है। मृतक के छोटे भाई मयंक ने बताया कि विनीत पूरी तरह स्वस्थ था। हृदय रोग या डायबिटीज जैसी कोई भी बीमारी नहीं थी। विनीत ने बीटेक किया था और पुणे में एक बड़ी कंपनी में नौकरी कर रहा था। बाद में उन्हें चेन्नई से भी जॉब का ऑफर आया, लेकिन पिता के प्रॉपर्टी व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए उसे पिछले साल नौकरी छोड़ दी और पिता के साथ व्यवसाय करने लगा। वह ऑर्बिट मॉल स्थित दफ्तर में अपने पिता के साथ काम संभालता था। परिवार में पिता संजय, मां माधवी और छोटा भाई मयंक हैं।

### बीएसएफ के कुक ने लगाई फांसी दूसरी मंजिल पर रैलिंग में बांधा फंदा

**इंदौर।** इंदौर में एयरपोर्ट रोड स्थित बीएसएफ परिसर में मंगलवार सुबह एक कुक का शव फंदे पर लटका मिला। मृतक की पहचान रामबाबू (50) पुत्र रतन सिंह के रूप में हुई है, जो बीएसएफ में लगभग 30 वर्षों से सेवा दे रहे थे और वर्तमान में जवान के पद पर कुक के रूप में कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार सुबह मेस में रामबाबू समय पर नहीं पहुंचे तो उनका साथी उन्हें देखने विक्रमादित्य मेस की ओर गया। दूसरी मंजिल पर पहुंचे तो रामबाबू का शव रेलिंग से फंदे पर लटका मिला। इसके बाद अधिकारियों को सूचना दी गई, जिन्होंने पुलिस को बुलाया। एरोड्रम थाना प्रभारी तरुण भाटी ने बताया कि घटना करीब सुबह 7.30 बजे की है। शव को पोस्ट मार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में यह आत्महत्या का मामला है। हालांकि इसके कारणों का पता नहीं चल सका है। बीएसएफ अधिकारी पोस्ट मार्टम के बाद शव को परिवार को सौंपने की प्रक्रिया पूरी करेंगे। घटना की विस्तृत जांच जारी है। रामबाबू मूल रूप से सवाई माधोपुर (राजस्थान) के रहने वाले थे और दो साल पहले ही इंदौर में पदस्थ हुए थे। उससे पहले उनकी पोस्टिंग राजस्थान में थी। परिवार में उनके दो बच्चे हैं। अधिकारियों ने उनका मोबाइल फोन जब्त कर लिया है, जिसकी जांच की जाएगी।

### हाथ पर बने प्रेमिका के टैटू को छिपाया, पति की याचिका कुटुंब न्यायालय ने खारिज की



**इंदौर।** कुटुंब न्यायालय ने पत्नी पर झूठे आरोप लगाकर तलाक मांगने आए पति को कड़ी फटकार लगाते हुए उसकी याचिका खारिज कर दी। सुनवाई के दौरान पति पत्नी के वकीलों के सवालों का सामना नहीं कर सका और अपने हाथ पर बने टेटू को बार-बार छिपाता रहा, जिसके बाद कोर्ट ने उसके दावों पर संदेह जताते हुए मामला खारिज कर दिया। मामला इंदौर निवासी एक बड़े मोबाइल सर्विस सेंटर के व्यापारी और उनकी डॉक्टर पत्नी का है। दोनों ने जनवरी 2011 में आर्य समाज मंदिर, भागीरथपुरा में प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद पत्नी ने एक संतान को जन्म दिया। आरोप है कि शादी के बाद पति और ससुरालजन डॉक्टर पत्नी को प्रताड़ित करने लगे। अनुसूचित जाति से होने के कारण उससे बाथरूम साफ कराना, 10 लाख रुपए की मांग करना और सफेद दाग की बीमारी को लेकर अपमानित करना शामिल था। पीड़िता कुछ समय बाद पति से अलग मकान लेकर रहने लगी, लेकिन व्यवहार में सुधार न होने पर पति 2017 में इंदौर छोड़ने का हवाला देकर पत्नी-बच्चों को छोड़ गया, जबकि बाद में वह शहर में ही दूसरी महिलाओं से मेल-जोल रखते पाया गया। पत्नी के विरोध करने पर पति ने 2020 में उस पर क्रूरता और बीमारी छुपाने जैसे आरोप लगाकर तलाक की अर्जी दाखिल कर दी।

### शादी समारोह में युवक की संदिग्ध मौत दोस्त की शादी में शामिल होने गया था

**इंदौर।** इंदौर के हीरानगर थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह में शामिल युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना सोमवार रात की है। मृतक अंकित तिवारी (38) निवासी स्कीम नंबर 78 निजी कंपनी में कार्यरत था। वह अपने दोस्त की शादी में आनंद मिलन गार्डन गया था, जहां देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रात करीब ढाई बजे अंकित कार में मृत अवस्था में मिला। कार का दरवाजा खुला हुआ था। दोस्तों ने उसे कार में देखा तो तुरंत सीपीआर देने की कोशिश की, लेकिन जब कोई हलचल नहीं हुई तो उन्होंने पुलिस एफआरवी को सूचना दी। बाद में उसे एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंदौर में लगातार दूसरे दिन ऐसी घटना हुई है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि उन्हें देर रात पुलिस और एमवाय अस्पताल से कॉल आया, जिसके बाद वे सीधे अस्पताल पहुंचे। अंकित अपने परिवार पत्नी, दो बच्चों और मां के साथ रहता था। टीआई सुशील पटेल के अनुसार प्राथमिक तौर पर यह हार्टअटैक का मामला प्रतीत होता है। पुलिस के पहुंचने से पहले ही परिजन अंकित को अस्पताल ले जा चुके थे। जहां पर अंकित मिला, उस पार्किंग में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। अंकित ने सोमवार को ही एक निजी डायग्नोस्टिक सेंटर पर अपना चेकअप कराया था। उसे पहले से ही घबराहट हो रही थी वही सीने में दर्द था। जिसके बाद डॉक्टर ने उसे चेकअप कराने की सलाह दी थी।

### मीडियाकर्मियों पर हमले के बाकी आरोपियों की भी गिरफ्तारी की मांग

**इंदौर।** आरटीओ कार्यालय में मीडिया कर्मियों पर हुए हमले के खिलाफ इंदौर प्रेस क्लब के नेतृत्व में सोमवार को मीडिया कर्मियों ने पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की। पत्रकार हेमंत शर्मा और कैमरामैन राजा खान पर आरटीओ में कवरेज के दौरान हुए हमले के खिलाफ मीडिया में आक्रोश है। संतोष सिंह से चर्चा के साथ ही एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित सिंह को ज्ञापन सौंपा। प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम ने कहा, हमले के इतने घंटे बाद भी पुलिस अब तक दो आरोपियों को ही गिरफ्तार कर पाई है। जबकि मुख्य आरोपी अभी तक फरार है। अगर जल्दी गिरफ्तारी नहीं होती है तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### बीटीआरएस पर इंदौर हाईकोर्ट सख्त-15दिन में 1लेन तोड़ने के निर्देश

# देरी पर कलेक्टर-निगम कमिश्नर तलब, 16 को होगी अगली सुनवाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर







शहर में बिगड़ते ट्रैफिक को लेकर लगी जनहित याचिका के मामले में सोमवार को इंदौर हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। इसमें बीआरटीएस तोड़ने में हो रही देरी पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए 15 दिन में बीआरटीएस की एक तरफ की लाइन का हिस्सा तोड़कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। साथ ही कोर्ट ने शहर के ट्रैफिक सुधार के कामों पर निगरानी के लिए वकीलों की पांच सदस्यीय कमेटी गठित कर कमेटी को भी रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। अगली सुनवाई 16 दिसंबर को होगी।

सोमवार को हुई सुनवाई में कलेक्टर शिवम वर्मा और नगर निगम कमिश्नर दिलीप कुमार यादव उपस्थित हुए। कोर्ट ने अगली सुनवाई में डीसीपी ट्रेफिक को भी हाजिर होने के आदेश दिए। सुनवाई जस्टिस विजयकुमार शुक्ला और जस्टिस बिनोद कुमार द्विवेदी की डबल बेंच में हुई।

इस केस में याचिकाकर्ता के वकील अजय बागडिया ने शहर के यातायात के मुद्दे को लेकर एक और आवेदन दिया, जिसमें बीआरटीएस तोड़ने में हो रही देरी के साथ ही प्रशासन के आदेश के बावजूद रात 10 बजे बाद धड़ल्ले से बज रहे डीजे, शहर की सड़कों पर जगह-जगह अतिक्रमण व धार्मिक चबूतरों के कारण यातायात बाधित होने, शाम को यातायात का दबाव बढ़ने से अस्त-व्यस्त यातायात को रोकने के लिए अफसरों को सड़क पर तैनात रखने, शहर के लगभग सभी उद्यानों में अतिक्रमण कर बने मंदिर आदि मुद्दे उठाए गए हैं।

कोर्ट ने सुनवाई के बाद कहा कि याचिका में कोर्ट के पुराने आदेश का पालन किया जाएं। इसके साथ ही याचिकाकर्ता के नए आवेदन में यातायात संबंधी उठाए गए मुद्दों के निराकरण के आदेश के साथ 16 दिसंबर के पूर्व बीआरटीएस की एक लाइन तोड़कर स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने 16 दिसंबर तय करते हुए कलेक्टर और निगम कमिश्नर को फिर से उपस्थित होने के साथ डीसीपी ट्रैफिक को भी पेश होने के निर्देश दिए हैं।

## बेटे के चक्कर में लालवानी की सियासत भी खतरे में

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



बैंक के कर्जे के मामले में सांसद शंकर लालवानी की साख पर भी फर्क पड़ गया है और दिल्ली तक में भी शिकायत पहुंच चुकी है। जिसको लेकर संगठन उनसे सवाल-जवाब कर सकता है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों लालवानी के लड़के मीत लालवानी पर यह आरोप लगे थे कि उन्होंने बैंक से कर्जा लेकर गेम में लगा दिया था और बाद में बैंक के नोटिस देने के बावजूद भी उन्हें पैसा नहीं दिया गया था। घर पर भी उन्होंने नोटिस नहीं लिया।

इसी कारण मामला जब दोबारा नोटिस तक पहुंचा और यह आरोप लगे कि जानबूझकर शिकायतें ली नहीं जा रही है न ही कार्रवाई हो रही है।

पैसा भी नहीं लौटाया जा रहा चूंकि आनलाइन गेम का मामला था इस कारण पार्टी की बदनामी भी हुई है क्योंकि सांसद लालवानी को लेकर पहले ही ऐसी शिकायतें रहती है परन्तु इस बार उनके खिलाफ माहोल बनने के बाद नुकसान हो गया है और यह माना जा रहा था कि जिस तरीके से उन पर संगठन ने शिकंजा कसा है उनपर अब आने वाले दिनों में सवाल जवाब भी हो सकते हैं, क्योंकि जब विधायक गोलू शुक्ला के लड़के के मामले में आरोप लगे थे कि उन्होंने मंदिरों में हरकत की है इसी बात पर प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने उनको तलब कर लिया था और नाराजगी जताई थी क्योंकि जो माहौल था वह बिल्कुल अलग था।

- इससे पार्टी की शान पर भी फर्क पड़ रहा था। अब वापस वैसी ही स्थिति बनने के कारण जो पार्टी को बदनामी झेलना पड़ रही है उस पर दिक्कतें आ सकती है। कारण यह है कि परिवार के चक्कर में नेताओं की साख दांव पर लग जाती है और हालात यह बन जाते हैं कि उनकी तरफ कोई देखता तक नहीं है।
- शहर में भी माहौल ऐसे ही बनता है जिससे स्थिति बदलती हुई दिखती है। अब इस मामले में भी कार्रवाई के संकेत मिले हैं जिसमें सवाल जवाब हो सकता है ऐसी स्थिति में लालवानी की परेशानी बढ़ती जा रही है और भोपाल, दिल्ली में भी उनको लेकर कई तरह की बातें हो रही है।

## फूड एंड सेफ्टी ऑफिसर भर्ती परीक्षा 14 दिसंबर को

### इंदौर में बनाए जाएंगे सबसे ज्यादा परीक्षा केंद्र

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग फूड एंड सेफ्टी ऑफिसर भर्ती परीक्षा की तैयारी में जुट गया है। यह परीक्षा आगामी 14 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में 67 पदों के लिए राज्यभर से 48 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। अभ्यर्थी बुधवार से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे। इंदौर में सबसे ज्यादा परीक्षा केंद्र बनाए जाने की तैयारी है।

आयोग इंदौर के ओएसडी डॉ. आर. पंचभाई ने बताया कि यह वही परीक्षा है जो पिछले वर्ष आयोजित होने वाली थी, लेकिन रद्द हो गई थी। इस बार पदों की संख्या कम होकर आई है। काफी समय बाद होने जा रही इस परीक्षा के लिए इंदौर के कई स्कूल-कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया जाएगा। जानकारी के अनुसार इससे पहले 120 पदों के लिए निकली वैकेंसी को अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता में तकनीकी गड़बड़ियों के कारण अप्रैल 2024 में रद्द कर दिया गया था। इसके बाद नई अधिसूचना जारी की गई और अब यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। फूड एंड सेफ्टी ऑफिसर परीक्षा दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच आयोजित की जाएगी। एडमिट कार्ड पर निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ने की सलाह दी गई है ताकि परीक्षा के दिन किसी प्रकार की परेशानी न हो। परीक्षा को सफल और नकल-मुक्त कराने के लिए आयोग की ओर से सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थियों को कई प्रतिबंधित वस्तुएं ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

## विकास प्राधिकरण की कुर्सी पर बैठने वाले का फैसला नहीं हुआ

### 2 वर्ष सरकार के बीते, कार्यकर्ताओं में नाराजगी





दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

भाजपा की सरकार को 2 वर्ष होने वाले हैं, लेकिन अभी तक इंदौर विकास प्राधिकरण की कुर्सी पर बैठने वाले का फैसला नहीं हो पाया है। आपसी खींचतान के चक्कर में निर्णय नहीं हो पा रहा है। जयपाल सिंह चावड़ा को हटाने के बाद इंदौर विकास प्राधिकरण की कुर्सी को लेकर उठा पटक शुरू हो गई थी।

जयपाल सिंह से दो नंबरी नेताओं की पटरी नहीं बैठी थी। इसी वजह से सुमित मिश्रा ने भी उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। दोनों के बीच की लड़ाई सामने आने के बाद बड़ा मामला होने की संभावना थी। शिवराज सिंह चौहान के विदा होते ही जैसे ही मोहन यादव ने मुख्यमंत्री पद संभाला तो सबसे पहले जयपाल सिंह की छुट्टी हुई और उन्हें संगठन में जिम्मेदारी मिल गई। यह माना जा रहा था कि इंदौर विकास प्राधिकरण की कुर्सी का फैसला जल्द ही हो जाएगा ,लेकिन मामला उलझता जा रहा है। दावेदारों के अलावा उनके आका ने भी वर्चस्व की लड़ाई शुरू कर दी है। इंदौर में प्रभारी मंत्री होने के नाते मुख्यमंत्री भी इस मामले में दिलचस्पी ले रहे हैं। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के अलावा तुलसी सिलावट भी अपने समर्थन के लिए लग गए हैं।

कुर्सी के लिए जो नाम चल रहे हैं उसमें हरि नारायण यादव, जीतू धिराती, सुदर्शन गुप्ता, टीनू जैन, मोहित वर्मा, मुकेश राजावत शामिल है। यह सभी नेता ताकतवर गुट से जुड़े हुए हैं। इस कारण मामला विवादों में घीरता जा रहा है। नए साल तक इस मामले में फैसला होने की उम्मीद दिख रही है। राजनीतिक गलियारों में कुर्सी को लेकर बैठक भी शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि जल्द ही इस पर फैसला हो जाएगा।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के छोटा बागड़दा में सोमवार देर रात अनाज से भरे ट्रक ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मंगलवार अलसुबह उसकी मौत हो गई। हादसे के समय बाइक सवार अपनी लोडिंग गाड़ी खड़ी कर घर लौट रहा था।

एरोड्रम थाना पुलिस के अनुसार, दुर्घटना छोटा बागड़दा क्षेत्र में हुई। यहां वीरेंद्र (32) पुत्र किशोरलाल गोरे, निवासी रूकमनी नगर, अपनी लोडिंग रिक्शा कड़ीलपुरा में खड़ी कर बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान अनाज से भरे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। लोगों ने ट्रक को मौके पर रोक लिया, लेकिन ड्राइवर फरार हो गया। घायल वीरेंद्र को परिचितों ने एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी जान चली गई।

वीरेंद्र लोडिंग वाहन चलाने का काम करता था। उसके परिवार में माता-पिता, एक भाई और दो बहनें हैं। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद रात में ही ट्रक को जब्त कर लिया गया था। वह लक्ष्मीबाई नगर मंडी की ओर जा रहा था। मामले की जांच की जा रही है।

## उपचार नहीं मिलने से घायल की मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

एमवायएच में इलाज के दौरान फिर गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। देवास में सड़क हादसे में घायल युवक को रविवार रात 11 बजे इंदौर रैफर किया गया था। परिजन का आरोप है कि इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टर मौजूद नहीं था। नर्स ने ही इलाज शुरू किया। किसी सीनियर डॉक्टर ने स्थिति नहीं देखी। रात 1.30 बजे जब हालत ज्यादा बिगड़ी, तब स्टाफ भाग-दौड़ करने लगा।

कैजुअल्टी में किस डॉक्टर की ड्यूटी थी, इसका रिकॉर्ड ही उपलब्ध नहीं था। वार्ड में ड्यूटी चार्ट नहीं मिला। स्टाफ ने डॉक्टर का नाम बताने से इनकार कर दिया। परिजन का कहना है कि घायल युवक के सिर और पैर में गंभीर चोट थी, लेकिन तीन घंटे तक कोई वरिष्ठ डॉक्टर नहीं आया। रातभर जूनियर डॉक्टर वीडियो कॉल पर बाहर बैठे किसी डॉक्टर से सलाह लेते रहे। वे लगातार न्यूरो सर्जन को बुलाने की मांग करते रहे, लेकिन कोई नहीं आया। सुबह युवक की तबीयत फिर खराब हुई। इसी दौरान वह इंजेक्शन, जिसे नस में लगाया जाता है, मुंह में डालकर पिला दिया गया।

## मौत के बाद कार आरटीओ ने कर दी ट्रांसफर

### परिवार ने जानकारी निकाली तो सामने आया चौकाने वाला मामला, न्याय के लिए हो रहे परेशान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर के एक व्यक्ति की मौत के बाद उनकी कार आरटीओ विभाग से दूसरे के नाम पर ट्रांसफर हो गई। परिवार ने जब इसकी जानकारी निकाली तो वे भी चौंक गए। फिर उन्होंने कई जगह मामले की शिकायत की, लेकिन अभी तक उन्हें न्याय नहीं मिल पाया है।

मंगल नगर में रहने वाले कैटरिंग कारोबारी संतोष मालवीय ने 2014-15 में एक कार खरीदी थी। संतोष ने कार पर लोन भी लिया था। इसके बाद उन्होंने 2019 में टॉपअप ले लिया। संतोष की पत्नी मीरा मालवीय के अनुसार वे किश्त भी भर रहे थे। जुलाई 2021 में संतोष की मौत हो गई। मौत के बाद उनका इश्योरेंस क्लेम आया। लोन कंपनी ने उनसे कहा कि क्लेम का पूरा पैसा हमें दे दो। सेटलमेंट के बाद जो अमाउंट बचेगा वह परिवार को वापस कर दिया जाएगा।

संतोष की पत्नी ने आरोप लगाया कि वह चेक लेकर कंपनी में गई, लेकिन उन्हें वहां कोई लोन खत्म करने के डॉक्यूमेंट नहीं दे रहे थे। इस कारण उन्होंने चेक उन्हें नहीं दिया। इसके कुछ समय बाद कंपनी वाले उनके घर आए और लोन जमा करने के लिए कहने लगे। बाद में 2023 में उनका बेटा कार से निपानिया स्थित होटल गया, जहां उससे कार छीन ली गई। इसकी शिकायत उन्होंने लसूड़िया थाने में की, तो कंपनी वालों ने कार के बदले में शिकायत वापस लेने को कहा। परिवार ने शिकायत वापस भी ले ली, लेकिन कंपनी ने गाड़ी नहीं दी। बाद में कंपनी वाले गाड़ी के बदले 5 लाख रुपए की डिमांड करने लगे।

#### उज्जैन ट्रांसफर कर दी गाड़ी

मीरा ने आरोप लगाते हुए कहा कि थोड़े दिन बाद उन्हें पता चला कि उनकी कार तो उज्जैन ट्रांसफर हो गई। परिवार को ये समझ नहीं आया कि जब कार उनके पति के नाम पर थी, तो बिना उनके डेथ सटिर्फिकेट, बिना नॉमिनी साइन के इंदौर आरटीओ से कार कैसे ट्रांसफर हो गई।

इंदौर आरटीओ ने हमें पूरी जानकारी भी नहीं दी थी। महिला ने आरोप लगाया कि धोखाधड़ी करके मृत व्यक्ति की गाड़ी को कैसे ट्रांसफर कर दिया गया। गाड़ी का ओरिजनल आरसी कार्ड भी हमारे पास है और लोन भी अभी तक हमारे नाम से ही चल रहा है। उन्होंने बताया कि गाड़ी की किश्त भी अभी नहीं भर रहे हैं। क्योंकि गाड़ी अभी तक उन्हें नहीं मिली है। इस मामले में उन्होंने तिलक नगर थाने में कुछ महीने पहले ही शिकायत की है।


पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन



मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com